RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 267
नई दिल्ली, शनिवार, 1 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

डेमी मूर सीख रही हैं खुद से प्यार करना

विविध-12

गहलोत खेमे के विधायक जैसलमेर शिफ्ट

तीन चार्टर्ड विमानों में पहुंचे थार मरुस्थल के बीच स्थित शहर, कड़ी सुरक्षा में गए होटल सूर्यगढ़

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर/नई दिल्ली

खरीद-फरोख्त की कोशिश से आशंकित राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को अपने समर्थक विधायकों को राजधानी जयपुर से थार मरुस्थल के बीचोबीच स्थित जैसलमेर शिफ्ट कर दिया। गहलोत गुट के ये विधायक तकरीबन तील हफ्तों से अपने घर-बार छोड़ जयपुर के फेयरमाउंट होटल में डेरा डाले हुए थे। इन्हें हॉर्स ट्रेडिंग से सुरक्षित रखने के लिए तीन चार्टर्ड विमानों से जैसलमेर पहुंचा दिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस इकाई ने विधायकों की शिफ्टिंग के लिए तीन विमान किराए पर लिए थे। जैसलमेर पहुंचने पर उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बसों और अन्य गाड़ियों से होटल सूर्यगढ़ ले जाया गया। जयपुर में विधायकों को जैसलमेर भेजने की जानकारी देते परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खचरियावास ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि वे सभी एकजुट रहें। मुख्यमंत्री की योजना है कि एक भी विधायक की खरीद फरोख्त न होने पाए। सचिन पायलट की बगावत के बाद से लगातार

● मुख्यमंत्री की योजना-एक भी विधायक की न हो सके खरीद फरोख्तः खचरियावास

● मुख्य सचेतक महेश जोशी ने भी हाईकोर्ट के 24 जुलाई के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

भाजपा पर अपनी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाते रहे गहलोत ने शुक्रवार को फिर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस में विलय करने वाले छह बसपा विधायकों को हाई कोर्ट के नोटिस के हवाले से कहा कि भाजपा ने तेलुगुदेशम पार्टी (टीडीपी) के चार सांसदों का राज्यसभा में रातोरात विलय करा दिया था। वो विलय सही था और राजस्थान में बसपा विधायकों का कांग्रेस में विलय गलत। राज्यसभा में भाजपा ने विलय कराया तो ठीक और यहां कांग्रेस में

खरीद-फरोख्त का डर

विलय हुआ तो गलत, वे जानना चाहते हैं कि भाजपा का चाल-चरित्र-चेहरा कहां गया।

इसी बीच, राजस्थान के सियासी संकट से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत कांग्रेस के मुख्य सचेतक महेश जोशी भी शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। जोशी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर हाई कोर्ट के 24 जुलाई के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें बर्खास्त डिप्टी सीएम सचिन पायलट समेत कांग्रेस के 19 बागी विधायकों के खिलाफ स्पीकर की अयोग्यता कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाई गई है। सिर्फ दो दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने भी उच्च न्यायालय के इसी निर्णय के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की थी। अधिवक्ता वरुण चोपड़ा की ओर से दायर की गई इस याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट का फैसला असंवैधानिक, गैरकानूनी और किहोटो होल्लोहोन केस में इसी अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले (1992) के विपरीत है। 1992 के फैसले के मुताबिक, स्पीकर को अयोग्यता संबंधी कार्रवाई तय करने का पूरा अधिकार है और इस प्रक्रिया में न्यायिक हस्तक्षेप की इजाजत नहीं दी सकती। इससे पहले, जयपुर एयरपोर्ट पर कांग्रेसी विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि वे लोग बदलाव के लिए जैसलमेर जा रहे हैं। अपने गुट के विधायकों को जैसलमेर शिफ्ट कर गहलोत ने साफ कर दिया है कि वह कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। वे बखूबी जानते हैं कि यदि एकाध विधायक भी इधर-उधर हुए तो उनकी सरकार का बचना संभव न होगा। दावे के मुताबिक, दो सौ सदस्यीय राज्य विधानसभा में गहलोत के खेमे में 102 विधायक हैं यानी बहुमत के जादुई आंकड़े से सिर्फ एक ज्यादा।

गहलोत ने एक दिन पहले गुरूवार को ही यह संकेत दिया था कि वह विधानसभा में अपना बहुमत साबित करेंगे। साथ ही बागी सचिन पायलट और भाजपा पर खरीद-फरोख्त की कोशिश का आरोप दोहराते हुए कहा था कि सत्र की तारीख का ऐलान होने के बाद हॉर्स ट्रेडिंग के रेट बहुत बढ़ गए हैं। राजस्थान विधानसभा का सत्र 14 अगस्त से शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पायलट गुट के विधायकों को घर वापसी का खुला प्रस्ताव देते हुए कहा था कि जिन लोगों ने भाजपा से पैसा नहीं लिया है उन्हें लौट आना चाहिए। चूंकि उन लोगों ने कांग्रेस के चिह्न पर विधानसभा चुनाव जीता था लिहाजा उन्हें कांग्रेस और सरकार की मदद करनी चाहिए।

एलजी ने पलटा सीएम का फैसला नहीं खुलेंगे होटल, वीकली मार्केट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में होटल, रेस्तरां और साप्ताहिक बाजार खोलने के आप सरकार के फैसले को उपराज्यपाल अनिल बैजल ने शुक्रवार को खारिज कर दिया है। दो दिन में यह दूसरा मामला है जब बैजल ने सरकार के निर्णय को पलटा है। इससे पहले दिल्ली दंगा मामले में आप कैबिनेट द्वारा रद्द दिल्ली पुलिस के वकीलों के पैनल को विषेशाधिकार का इस्तेमाल कर बैजल ने बहाल कर दिया था। ताजा मामला अनलॉक-3 की गाइडलाइंस से जुड़ा है। केजरीवाल सरकार ने एक दिन पहले गुरुवार को ही एक अगस्त से नाइट कर्फ्यू हटाने, होटल और और हॉस्पिटैलिटी सर्विस तथा ट्रायल के आधार पर एक हफ्ते के लिए साप्ताहिक बाजार खोलने का ऐलान किया था। अब लेफ्टिनेंट जनरल अनिल बैजल ने सभी फैसलों को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड-19 की स्थिति 'नाजुक' बनी हुई है और खतरा

● बढ़ सकती है तकरार केजरीवाल ने गुरुवार को किया था अनलॉक-3 से जुड़ा ऐलान

अभी टला नहीं है। इसलिए उपराज्यपाल ने यह फैसला लिया है, क्योंकि साप्ताहिक बाजार खुलने से मोहल्लों की भारी भीड़ सड़कों पर आएगी और इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा। इसी तरह होटल खुलने पर अधिक संक्रमण फैलने की आषंका है। इससे पहले, दिल्ली दंगों को लेकर वकीलों के पैनल को लेकर भी एलजी बनाम सीएम का टकराव सामने आ चुका है। एलजी ने दिल्ली पुलिस के सुझाए वकीलों के पैनल को मंजूरी दी थी लेकिन केजरीवाल कैबिनेट ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद एलजी अनिल बैजल ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली पुलिस के सुझाए पैनल को हरी झंडी देने का फैसला किया।

अवकाश

बकरीद के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 1 अगस्त 2020 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 3 अगस्त को प्रकाशित होगा।

बाजार

सेंसेक्स	37,606	↓ 129	
निफ्टी	11,073	↓ 28	
सोना	54,538	↑ 687	/10g
चांदी	65,910	↑ 2854	/kg

क्विक न्यूज

भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम

श्रीनगर। भारतीय सेना ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि कुपवाड़ा जिले में तैनात चौकन्ने सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के साथ भारतीय सीमा में 600 मीटर भीतर संदिग्ध गतिविधि दिखी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को रोकने की कोशिश की गई जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि शुरुआती तलाश में खून के निशान पाए गए। उन्होंने बताया कि मौके से तीन एके राइफल, एक स्नाइपर राइफल, आठ ग्रेनेड और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई। आखिरी सूचना मिलने तक तलाशी अभियान जारी था।

बिहार में बाढ़ की स्थिति विकट 45 लाख से अधिक प्रभावित

पटना। बिहार में बाढ़ की स्थिति विकट बनी हुई है, जहां नदियों में बाढ़ आ जाने के कारण अब तक 45 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को जारी बुलेटिन में कहा कि पिछले 24 घंटे में बाढ़ के कारण किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इस प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित हुए लोगों की संख्या में इस अवधि में पांच लाख से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। बाढ़ के कारण राज्य में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। विभाग ने बताया कि 14 जिलों की 1,012 पंचायतों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 45.63 लाख हो गई है, जबकि इससे एक दिन पहले यह संख्या 39.63 थी। विधानसभा चुनाव के निकट होने के मद्देनजर, बाढ़ से निपटने संबंधी सरकारी प्रयासों को लेकर राज्य सरकार और विपक्षी दलों के बीच वाक्युद्ध शुरू हो गया है। पूर्वी चंपारण के बाढ़ पीड़ित इलाके का दौरा करने वाले विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अब तक नीतीश कुमार सरकार द्वारा केवल 19 राहत शिविर बनाए जाने पर हैरानी जताई। उन्होंने ट्वीट किया, बिहार के जल संसाधन मंत्री बाढ़ नियंत्रण और जल संसाधन छोड़कर जेडीयू के लिए संसाधन उत्पन्न करते मिलेंगे।

फिर नशे ने ली जान, पंजाब में जहरीली शराब पीने से 38 मरे

● मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने दिए जांच के आदेश- अमृतसर, तरनतारन, गुरदासपुर में हुई हैं मौतें, थाना प्रभारी निलंबित

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

पंजाब के सीमावर्ती जिला अमृतसर, तरनतारन व गुरदासपुर में जहरीली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह से अधिक लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। प्रारंभिक जांच में एक थाना प्रभारी निलंबित कर दिया गया है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में शराब निकालने का काम खुलेआम चलता है। जानकारी के अनुसार अमृतसर जिला

के गांव मुछल में कुछ लोगों द्वारा घर में ही शराब निकालते हैं। बताया जाता है कि इस गोरखधंधे में एक महिला भी लिप्त है। पुलिस को सूचना होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार की रात इसी गांव के लोगों ने कच्ची शराब खरीदी और उनकी तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई। गुरुवार की रात अमृतसर जिले में अलग-अलग घटनाक्रम के बीच मौतों का सिलसिला शुरू हुआ।

शुक्रवार दोपहर तक अमृतसर जिले में 12 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच तरनतारन जिला के गांव राटौल में भी जहरीली शराब का कहर बरपा है। यहां सात लोगों की मौत की खबर है। उधर सीमावर्ती जिला गुरदासपुर के कस्बा बटाला में भी जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत होने की खबर है। पंजाब के तीनों जिलों (शेष पेज 9)

आंध्र में नहीं मिली शराब तो पी लिया सैनिटाइजर दस लोगों की हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। अमरावती

आंध्र प्रदेश के प्रकासम जिले के एक गांव में शराब के विकल्प के रूप में कथित तौर पर सेनिटाइजर पीने में तीन भिखारियों सहित कम से कम दस लोगों की मौत हो गई। प्रकासम जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कौशल ने बताया कि कुरीचेंदू गांव के ये लोग बीते कुछ दिन से सेनिटाइजर को पानी और शीतल पेय में मिलाकर पी रहे थे। कौशल ने गांव का दौरा किया। वहां लॉकडाउन बढ़ने के कारण शराब की दुकानें बंद हैं। उन्होंने बताया कि दो लोगों की बृहस्पतिवार रात को मौत हो गई और शेष आठ लोगों की शुक्रवार को मौत हुई। उन्होंने कहा कि हम इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि कहीं सेनिटाइजर में (शेष पेज 9)

और तीन महीने बढ़ी महबूबा की नजरबंदी

श्रीनगर (पीएनएस)। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने लोक सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की हिरासत शुक्रवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दी।पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के पहले मुफ्ती समेत सैकड़ों लोगों को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया था।पूर्व मुख्यमंत्री की हिरासत के मौजूदा आदेश की अवधि इस साल पांच अगस्त को खत्म हो रही थी।

गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक मुफ्ती अपने आधिकारिक आवास फेयरव्यू बंगले में अगले तीन महीने और हिरासत में ही रहेंगी। इस बंगले को उप जेल घोषित किया गया है। आदेश में कहा गया है, कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने हिरासत की अवधि आगे विस्तारित करने की सिफारिश की है और इस पर गौर करने के बाद इसे जरूरी समझा गया। फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला समेत मुख्यधारा के अधिकतर नेताओं को हिरासत से रिहा किया जा चुका है।

रिया पर मनी लॉड्रिंग का केस सुप्रीम कोर्ट गई बिहार सरकार

● महाराष्ट्र ने भी कैविएट दाखिल किया ईडी के केस के बाद रिया ने कहा-सत्यमेव जयते

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के सिलसिले में शुक्रवार को धनशोधन (मनी लांड्रिंग) का एक मामला दर्ज कर लिया है। बिहार पुलिस की एक प्राथमिकी के आधार पर मामला दर्ज किया गया है जिसमें राजपूत के पिता ने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार के सदस्यों पर अपने बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

इस बीच, सुशांत सिंह के पिता केके सिंह के गंभीर आरोपों के बाद पहली बार रिया चक्रवर्ती सामने आईं। सुशांत की गर्लफ्रैंड रही रिया ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उन्हें भगवान और न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है। उन्हें भरोसा है कि उन्हें इंसाफ मिलेगा।

सुशांत सुसाइड मिस्ट्री

सुशांत-रिया की फाइल फोटो

इसके बाद रिया ने कहा- सत्यमेव जयते, सच की जीत होगी।

उधर, बिहार सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह उच्चतम न्यायालय में दायर की गई अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती की उस याचिका का विरोध करेगी, जिसमें अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने और जांच शुरू करने के संबंध में पटना पुलिस के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है। महाधिवक्ता ललित किशोर ने कहा कि शीर्ष अदालत में मुकुल रोहतगी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। किशोर ने कहा कि हालांकि हमने चक्रवर्ती द्वारा दायर (शेष पेज 9)

जुलाई में रिकॉर्ड दस लाख कोरोना केस बीस हजार मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक 55,078 मामले सामने आने के बाद इस बीमारी के कुल मरीजों की संख्या शुक्रवार को 16 लाख के पार पहुंच गई। इससे महज दो दिन पहले देश में संक्रमण के 15 लाख मामले थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डेटा के मुताबिक स्वस्थ होने वालों की संख्या भी बढ़कर 10,57,805 हो गई है। सुबह आठ बजे तक के डेटा के मुताबिक देश में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक 16,38,870 मामले सामने आए हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में 779 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 35,747 हो गई है। यह लगातार दूसरा दिन है जब 50,000 से अधिक कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। संक्रमण के कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। देश में अब भी 5,45,318 लोग संक्रमण की चपेट में हैं। मरीजों के स्वस्थ होने की दर 64.54 प्रतिशत हो गई जबकि इस बीमारी से मृत्यु दर घटकर 2.18 प्रतिशत हो गई है। आईसीएमआर (शेष पेज 9)

आर्मी थीम वाली फिल्म दिखाने को रक्षा मंत्रालय से लेनी होगी इजाजत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फिल्मों और दूसरे माध्यमों में सशस्त्र सेनाओं को कथित तौर पर गलत तरीके से दिखाए जाने पर अप्रत्याशित कदम उठाते रक्षा मंत्रालय ने सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी), इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिखा है कि वे प्रोडक्शन हाउसों को रक्षा मंत्रालय से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) लेने को कहें। उन्हें यह एनओसी आर्मी थीम पर बनी किसी फिल्म, डॉक्यूमेंट्री अथवा वेब सीरीज का सार्वजनिक टेलीकास्ट करने से पहले लेनी होगी।

सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम सुरक्षा बलों की छवि को बिगाड़ने और मौजूदा व रिटायर्ड सैन्य कर्मियों की भावनाओं को चोट पहुंचाने वाली घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है। रक्षा मंत्रालय को हाल की दो वेब सीरीजों

● ऐसी वेब सीरीज डॉक्यूमेंट्री टेलीकास्ट से पहले भी एनओसी जरूरी

● सेना की छवि बिगाड़ने की शिकायतों पर मंत्रालय ने सेंसर बोर्ड, आईटी और आई एंड बी मंत्रालयों को लिखा पत्र

में भारतीय सेना-जवानों एवं सैनिक वर्दी के अपमानजनक प्रदर्शन के खिलाफ पूर्व सैन्य कर्मी एसोसिएशन व आम नागरिकों की ओर से ढेरों शिकायतें मिली थीं जिनके आधार पर गत 27 जुलाई को उसने सेंसर बोर्ड एवं संबद्ध मंत्रालय को उक्त पत्र लिखा। कुछ (शेष पेज 9)

अपने राम के लिए सजी अयोध्या ने ओढ़ी पीली चुनरी

कमलेश श्रीवास्तव। अयोध्या

राम नगरी अयोध्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए तैयार हैं। एक तरफप्रशासनिक अमला घाटों को सड़कों को बाजारों को सजाने संवारने में लगा हुआ है तो दूसरी तरफभाजपा और संघ के लोगों ने भी स्वच्छता जनसंपर्क, पांच अगस्त को कीर्तन-भजन का आह्वान, शाम को दीपक जलाने के मनोहर आयामों से इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने में जुट गए हैं।

शुक्रवार का दिन रामनगरी का मंत्रियों एवं अधिकारियों के नाम रहा। केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल और प्रदेश सरकारए के संस्कृति पर्यटन मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी जहाँ मोदी के आगमन को लेकर तैयारियोंए का जायजा लेने राम नगरी अयोध्या पहुंचे और अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। वहीं दूसरी तरफप्रदेश के मुख्य सचिव एवं प्रदेश के अपर गृह सचिव अवनीश अवस्थी

पुलिस के आला अधिकारी राम नगरी पहुंचकर अधिकारिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

प्रधानमंत्री का उड़न खटोला साकेत महाविद्यालय में उतरेगा वहां से श्री राम जन्मभूमि परिसर तक पूरे रास्ते को पैके कर दिया गया। जितनी गलियां थीं वहाँ बैरियर लगा दिए गए, यही नहीं हाईवे एवं अन्य मुख्य सड़कें जो राम जन्मभूमि परिसर की तरफ जाती, हैं, उसको भी चार अगस्त से पहले, सील कर दिया जायेगा। जाओ। प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन पर उनके स्वागत सत्कार और सुरक्षा में कोई कमी न रह जाये। इसको लेकर प्रशासन श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट एवं भाजपा संगठन के साथ-साथ अन्य वैचारिक संगठन जी-जान से जुट गए हैं। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी अयोध्या सर्किट हाउस पहुँचकर अधिकारियो के साथ प्रधानमंत्री के प्रस्तावित पांच अगस्त के भ्रमण कार्यक्रम की अब तक तैयारी की जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल एवं जिलाधिकारी (शेष पेज 9)

श्रीराम मंदिर भूमि पूजन के दिन सवा कुंतल देसी घी के लड्डू का बंटेगा प्रसाद

अयोध्या। वैष्णो नगरी अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और भूमि पूजन की तैयारी जोरों पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अगस्त को भगवान की राम जन्मभूमि पर मंदिर की नींव रखेंगे। तीन अगस्त से ही अयोध्या में कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इस अनुष्ठान में शुद्ध घी में बने बेसन के लड्डू प्रसाद के रूप में लोगों को बांटे जाएंगे। इसके लिए 1.11 लाख लड्डू बनाए जा रहे हैं लड्डू वितरण का कार्य देवराहा बाबा संस्था के द्वारा किया जा रहा हैं। चार अगस्त तक यह लड्डू बनकर तैयार हो जाएंगे। पांच अगस्त को विधि-विधान पूर्वक वैदिक विद्वानों के माध्यम से पूजा अर्चना कर राम मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। इस दौरान विंध्याचल के विशेष कारीगरों द्वारा तैयार किया जाए लड्डू श्री राम लला को भोग लगाया जाएगा। जिसका प्रसाद राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद लोगों के साथ पूरी अयोध्या व देश के सभी तीर्थ स्थलों के राम भक्तों तक पहुंचाया जाएगा।

हरियाणा में शराब घोटाले की जांच पूरी

एसईटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

लॉकडाउन में सोनीपत से शुरू हुआ था शराब घोटाला

एसईटी ने दर्ज किए दर्जनों के बयान, डेढ़ हजार पन्नों की रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में लॉकडाउन के दौरान हुए शराब घोटाले की जांच रिपोर्ट शुक्रवार को आ गई है। इस मामले की जांच के लिए गठित आईएएस टीसी गुप्ता की अगुवाई वाली एसईटी ने गृहसचिव और मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंप दी है। सरकार अब इस रिपोर्ट का अध्ययन करेगी। करीब डेढ़ हजार पन्नों की इस रिपोर्ट को लेकर सरकार अभी चुप है।

हरियाणा में लॉकडाउन के दौरान सोनीपत जिला के खरखौदा स्थित मालखाने से शराब बेचने का मामला सामने आया था। इस बीच फतेहाबाद, यमुनानगर व झज्जर समेत कई जिलों में शराब का गोलमाल सामने आया। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज मामले की जांच एसआईटी से करवाना चाहते थे लेकिन सीएमओ के अधिकारियों ने एसआईटी की बजाए एसईटी का गठन कर दिया। आईएएस टीसी गुप्ता के नेतृत्व में गठित एसईटी में पहले आईपीएस सुभाष यादव और आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त विजय सिंह को शामिल किया गया। सुभाष यादव के सेवानिवृत्त होने के बाद गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त मोहम्मद अकील को इसमें शामिल कर दिया गया। गृहमंत्री अनिल विज चाहते थे कि एसईटी द्वारा दस दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट दी जाए लेकिन एसईटी ने अतिरिक्त समय मांग लिया। सरकार ने जांच की समयावधि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी। जिसके चलते शुक्रवार को एसईटी प्रभारी टीसी गुप्ता व अन्य सदस्यों ने करीब डेढ़ हजार पन्नों की एक रिपोर्ट हरियाणा के गृह सचिव विजयवर्धन को सौंपी। रिपोर्ट की एक प्रति सीएमओ को भी दी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि रिपोर्ट मिल चुकी है। सरकार द्वारा इसका अध्यन किया जा रहा है। रिपोर्ट को स्टडी करने के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी।

कैसे चला शराब घोटाले की घटनाक्रम

तिथि	घटनाक्रम
23 मार्च	हरियाणा में लॉकडाउन
25 मार्च	शराब ठेके बंद करने के आदेश
31 मार्च	शराब ठेकेदारों का कार्यकाल समाप्त
20 अप्रैल	खरखौदा में शराब घोटाला उजागर
01 मई	प्रदेश के कई जिलों के मालखाने से शराब गायब
11 मई	आईएएस टीसी गुप्ता की अध्यक्षता में एसईटी का गठन
30 मई	आईपीएस सुभाष यादव सेवानिवृत्त
31 मई	मोहम्मद अकाली एसईटी में शामिल
31 मई	एसईटी का कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाया

रिपोर्ट में नहीं कार्रवाई की सिफारिश!

हरियाणा में लॉकडाउन के दौरान हुए शराब घोटाले की लपेट में जहां प्रदेश के करीब आधा दर्जन जिले आए थे और इसके तार हरियाणा के अलावा पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली से जुड़ने के संकेत मिले थे। शुक्रवार को आई एसईटी की रिपोर्ट को लेकर भी चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। कहा जा रहा है कि इस रिपोर्ट में किसी तरह की कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। जांच के दौरान एसईटी को कई अहम रिकार्ड नहीं मिले। जिसके चलते उम्मीद के अनुसार जांच के परिणाम नहीं आए हैं।

श्री नीलकंठ द्वादश ज्योर्तिलिंग महादेव मंदिर ने निकाली प्रभात फेरी

प्रभात फेरी में भगवान को भोग लगाते हुए श्रद्धालुगण।

कैथल। श्री नीलकंठ द्वादश ज्योर्तिलिंग महादेव मंदिर चंदाना गेट के सानिध्य में पूरे श्रावण माह में मंगल प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। मंदिर के स्थापना दिवस 21 जुलाई 2011 के उपलक्ष में हर वर्ष श्रावण माह में संस्थापक एवं प्रधान कृष्ण सैनी द्वारा प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाता है व लंगर लगाया जाता है।

प्रधान ने बताया कि इस समय चल रहे कोरोना काल में मंदिर में व प्रभात फेरियों में पूरी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन बखूबी किया जा रहा है और लोग पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान शिव का गुणगान कर रहे हैं। आज की प्रभात फेरी चंदाना गेट मंदिर से प्रारंभ होकर ईश्वर गुप्ता के निवास पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर सुंदर झांकियों का चित्रण किया गया व भगवान भोले नाथ की सवारी भी निकाली गई।

आज की प्रभात फेरी में प्रधान कृष्ण सैनी, शम्मी वर्मा, बबली बहादुर, पवन शर्मा, कपिल वर्मा, राज वर्मा, श्रीराम महमिया, कृष्ण सैनी, बस्ती राम सैनी, दर्शन सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रभात फेरी में प्रसिद्व भजनगायक सत्यवान कौशिक व बहादुर सैनी ने अपनी कंठस्त वाणी से भगवान भोले नाथ के भजन अकड़ बम ऐसा प्रस्तुत किया।

खेती को किसानों के लिए बनाएंगे लाभकारी व्यवसाय

बरोदा हल्के के दौरे के दौरान लोगो को संबोधित करते कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल।

गांवों में बिजली-पेयजल-नहरी पानी की सुविधा को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन और डेयरी एवं मत्स्य मंत्री जय प्रकाश दलाल ने किसानों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ कृषि एवं इससे जुड़े व्यवसाय करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेती को किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने बेहतरीन योजनाएं लागू की है।

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जय प्रकाश दलाल शुक्रवार को बरोदा हलके के गांवों के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने सभी गांवों में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी जनसमस्याओं व मांगों की सुनवाई की। उन्होंने मौके पर ही मांगों को स्वीकारते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इसकी शुरुआत उन्होंने गांव शामड़ी से की। शामड़ी के बाद उन्होंने बुसाना तथा छतेरा और महमूदपुर गांवों का भी दौरा किया।

शामड़ी में कृषि मंत्री दलाल ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए पशुपालन विभाग के तहत पशुपालन ऋण योजना, क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया कि किस गांव में कितने आवेदन किये गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि शामड़ी में 335, बुसाना में 200 तथा छतेरा में करीब 215 फार्म भरे गए हैं। पशुपालन मंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि डिफाल्टरों को छोड़कर शेष सभी आवेदकों को योजना का लाभ तुरंत प्रभाव से दिया जाए।

शामड़ी के ग्रामीणों ने कृषि मंत्री से माईनर के निर्माण की मांग की, जिस पर उन्होंने मौके पर विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि खुबड़ू नहर से शामड़ी तक माइनर के लिए एस्टीमेट तैयार कर उन्हें एक सप्ताह के भीतर प्रेषित करें। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सभी गांवों में पानी व नहरी पानी की आपूर्ति प्रतिदिन होनी चाहिए। बिजली आपूर्ति को भी उन्होंने सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने बिजली बिलों को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। बुसाना के ग्रामीणों ने खेतों के रास्तों के निर्माण व स्कूल अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने खेतों के रास्ते बनाने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल अपग्रेडेशन नियमानुसार ही होगा। नियमों में ऐसा संभव हुआ तो यह मांग जल्द पूरी की जाएगी। कृषि मंत्री ने किसानों को आधुनिक तौर-तरीकों से कृषि करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेती अब घाटे का सौदा नहीं बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में किसान व खेती कल्याण के लिए एक से बढ़कर एक योजना बनाई गई है।

बावल उपमंडल के कई गांव होंगे पशु जोखिम मुक्त : मंत्री

रेवाड़ी। सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने शुक्रवार को अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा गया। डॉ. बनवारीलाल ने कहा कि गांव सांझरपुर, मुकंदपुर बसई, नंगली परसापुर व रानोली पशु जोखिम मुक्त गांव होंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन एंव डेयरी विभाग ने पशुपालकों व किसानों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई हुई हैं, जिसके तहत प्रथम चरण में बावल उपमंडल के कुछ गांव जल्द ही पशु जोखिम मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों की पालना करने से ही कोरोना की जंग को जीता जा सकता है। कोरोना की रोकथाम के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार प्रयत्नशील है। आमजन से भी कोरोना से बचने की अपील की जा रही है। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एसपी ने किया कुछ अखबारों में गलत खबर छपने का खंडन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

30 जुलाई को विभिन्न समाचार पत्रों में यातायात जागरुकता के लिए पुलिस द्वारा प्राप्त की गई राशि के बारे में सक्षम पुलिस अधिकारी का वर्जन लिए बगैर प्रकाशित हुए एक पक्षीय अधूरे व गलत समाचार का पुलिस अधीक्षक ने खंडन किया है। यातायात जागरुकता को दो साल के दौरान मिली 23 लाख से अधिक रुपये की राशि, समाचार के संबध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने बताया कि वितिय वर्ष 2017-18 में सरकारी व निजी स्कूलों में खर्च की गई राशि 1,54,031 रुपये है।

वर्ष 2018-19 में सरकारी व निजी स्कूलों में खर्च की गई राशि 1,08,197 रुपये है। अखबार में दर्शाया गया है कि सवाल उठता है कि पुलिस विभाग के पास लाखों रुपये की राशि भेजी जा रही है, तो उस राशि को खर्च क्यों नहीं किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सावन ने बताया

पत्रकारों से बात करते एसपी शशांक सावन।

जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है, क्योंकि पुलिस विभाग कैथल द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 में उपरोक्त खर्च के अतिरिक्त 8,94,968 रुपये का अन्य यातायात का सामान और वित्तीय वर्ष 2018-19 में उपरोक्त खर्च के अतिरिक्त 12,66,858 रुपये का अन्य यातायात का सामान खरीदा गया है। वर्ष 2017-18 में कुल 10,50,000 रुपये प्राप्त हुए, जिसमें से 10,48,999 रुपये खर्च किए गए, 1001 रुपये वापस कर दिए गए। इसके अतिरिक्त वर्ष 2018-19 में कुल 14,17,555 रुपये प्राप्त हुए, जिसमें से 13,75,055 रुपये खर्च किए गए और 42,500 रुपये वापिस कर दिए। इस प्रकार वर्ष 2017-18 व 2018-19 में कुल 24,67,555 रुपये प्राप्त हुए, जिसमें से 24,24,054 रुपये खर्च किए गए और 43,501 रुपये लौटा दिए गए। जबकि कुछ समाचार पत्रों में शीर्षक यातायात जागरुकता के लिए आई 24 लाख की राशि में से मात्र 2.62 लाख रुपये किए खर्च व अन्य शीर्षकों के साथ पुलिस के सक्षम अधिकारी का वर्जन लिए बगैर गलत समाचार प्रकाशित किए गये हैं।

यहां खर्च की राशि

एसपी द्वारा वीरवार 30 जुलाई को प्रकाशित समाचार का जोरदार खंडन करते हुए जानकारी दी कि उक्त मदों से प्राप्त राशि की मार्फत यातायात पुलिस द्वारा खरीदे गए सामान में एलईडी सर्च लाईट, ट्रैफिक लाइट बार, क्रास बैल्ट, एल्कोसेंसर, बोडीवार्म कैमरा, लाइटबार, बैरीकेटस, ट्रैफिक रेनकोट, ब्लडबैंक रिफ्रेशमेंट, रेडियम टेप, ई-चालान मशीन व डिवाइस, ट्रैफिक जैकेट, सेफ्टी ट्रैफिक जैकेट, बॉडी लाइट ट्रैफिक फ्लैक्स बोर्ड आदि शामिल हैं।

बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत तय

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने बरोदा विधानसभा के गांव आहुलाना में जनसंपर्क अभियान के दौरान युवा साथियों से मुलाकात की और कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। वीरवार को राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी बरोदा हल्के में पहुंचे और युवा साथियों से मुलाकात के दौरान सभी को चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की।

जननायक जनता पार्टी के युवा नेता रविन्द्र मलिक को निखिल मदान ने राज्यसभा सांसद चौ. दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। इस मौके पर रविन्द्र मलिक ने दीपेंद्र सिंह हुड्डा का मान सम्मान देने पर आभार जताया। निखिल मदान ने कहा कि दीपेंद्र सिंह

बरोदा हल्के में दीपेन्द्र हुड्डा को बुका भेंट करते कांग्रेसी।

हुड्डा के आदेश पर वो अपनी टीम के साथ बरोदा हल्के में कांग्रेस पार्टी के चुनाव अभियान को गति देने के लिए कमर कस चुके है और अब लगातार हल्के में उनकी टीम चुनाव प्रचार करेगी। निखिल मदान ने कहा कि पार्टी जिस भी चेहरे को अपना उम्मीदवार बनाएगी वह यहां से विजयी होगा। भाजपा ने अपने 6 साल के राज में हरियाणा में सिर्फ झूठ और लूट की राजनीति की है, जिसका जवाब उपचुनाव में बरोदा की जनता देगी। मौके पर विक्रम मलिक, विकास मलिक, जोगिंद्र, आनंद, विनोद, ओमप्रकाश, दिनेश, संदीप, शुभम, रोहित आदि मौजूद रहे।

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में मिठाई की दुकानें खोलने की अनुमति

सोनीपत। हलवाई एसोसिएशन की मांग पर जिलाधीश श्याम लाल पूनिया ने रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 2 अगस्त को जिला सोनीपत में मिठाई की दुकानों को निर्धारित शर्तों के साथ खुली रखने की अनुमति प्रदान की है।

साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की व्यापारिक गतिविधियां, दुकानें नहीं खोली जाएंगी। निर्धारित तिथि को प्रात: 8 बजे से सायं 8 बजे तक मिठाई की दुकानें खोली जाएंगी। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि एक समय में पांच से अधिक व्यक्तियों को खरीदारी के लिए दुकान में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

एक साल बाद भी नहीं बना भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ

सीएम ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की थी घोषणा

चौकसी ब्यूरो को मिली 2963 शिकायतें एक भी एफआईआर नहीं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के दावों के बावजूद सीएम ऑफिस में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ गठित नहीं हुआ। सीएम मनोहरलाल खट्टर ने आठ महीने पहले अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर पंचकूला में कार्यक्रम में इसके गठन की जोरशोर से घोषणा की थी। इस घोषणा के शुरूआती 38 दिन में स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को भ्रष्टाचार की प्राप्त 2963 शिकायतों पर एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

हरियाणा के आरटीआई कार्यकर्ता पीपी कपूर ने बताया कि

बीती नौ दिसंबर को सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ को सीएम सचिवालय में गठित करने की घोषणा की थी। दावा था कि किसी भी नागरिक द्वारा ऑडियो या वीडियो प्रमाण सहित भेजी गई हर शिकायत पर तुरंत प्रकोष्ठ जांच करेगा। शिकायतकर्ता की जानकारी को पूर्णत: गुप्त रखा जाएगा। शिकायत सही पाए जाने पर शिकायतकर्ता को उसकी इच्छानुसार किसी सार्वजनिक स्थल पर या उसके घर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के विरुद्ध शिकायतों के लिए हेल्प लाइन नंबर, टोल फ्री नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और सीएम ट्वीटर की जानकारी दी गई थी।

कपूर ने बताय कि 12 दिसंबर 2019 को उन्होंने सीएम सचिवालय में आरटीआई आवेदन लगाकर सीएम ऑफिस में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ के गठन के नोटिफिकेशन की कॉपी, प्राप्त सभी शिकायतों व इनकी स्टेटस रिपोर्ट मांगी। इसके जवाब में मुख्य सचिव (चौकसी) कार्यालय के जनसूचना अधिकारी राकेश शर्मा ने 18 मार्च 2020 के पत्र द्वारा व 7 जुलाई को राज्य सूचना आयोग में सुनवाई के दौरान स्वीकार किया है कि सीएम सचिवालय में अभी तक भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ गठित नहीं हुआ। इसके गठन का कार्य अभी विचाराधीन है। राज्य चौकसी ब्यूरो (मुख्यालय) के जनसूचना अधिकारी ने अपने 16 फरवरी 2020 के पत्र द्वारा बताया कि 9 दिसंबर 2019 से 15 जनवरी 2020 तक स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को भ्रष्टाचार की कुल 2963 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

परंतु इनमें से किसी पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। विभिन्न साधनों से कुल 2963 प्राप्त हुई। इनमें से प्राप्त 2729 शिकायतें/संदेश राज्य चौकसी ब्यूरो के संबंधित न होने पर संबंधित विभागों के मुख्य सर्तकता अधिकारियों को भेज दिए गए। राज्य चौकसी ब्यूरो से सम्बंधित 79 शिकायतों पर कारवाई अभी प्रक्रियागत है।

आयोजन पर खर्च हुए लाखों, परिणाम शून्य

आरटीआई कार्यकर्ता पीपी कपूर ने बताया कि सत्कार संगठन के जनसूचना अधिकारी ने बताया कि नौ दिसंबर को पंचकूला में अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस कार्यक्रम में कुल 3,67,941 रूपये खर्च हुए। इसमें जलपान पर 2,82,631 व टैंट आदि पर 85,310 रुपये खर्च हुए। कपूर ने कहा कि सीएम द्वारा समारोह पूर्वक जोर शोर से घोषणा करने के बावजूद भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ का गठन न करना भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के उनके दावों पर गंभीर सवाल है।

गुड़गांव टैंट डीलर्स ने लगाया रक्तदान शिविर

गुरुग्राम। टैंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसोसिएशन के सदस्यों के साथ कई अतिथियों ने भी रक्तदान किया। इस शिविर में 83 यूनिट रक्तदान किया गया।

शिविर में हरियाणा टैंट डीलर्स वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रधान अनिल राव, गुड़गांव टैंट डीलर्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कमल सलूजा ने अतिथियों मेयर मधु आजाद, गुड़गांव निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर तंवर, पार्षद सुभाष सिंगला, सतीश सिंगला, विधायक सुधीर सिंगला के भाई सुनील सिंगला, बंटी पाहुजा, पार्षद सीमा पाहुजा, संजय भसीन, पूर्व पार्षद दलीप साहनी का स्वागत किया। टैंट डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक रमेश कालड़ा ने बताया कि रक्तदान शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी व रोटरी क्लब गुरुग्राम का पूर्ण सहयोग मिला। संरक्षक रमेश कालड़ा, महामंत्री राजकुमार ठक्कर,

रक्तदान शिविर में रक्तदान करते गुड़गांव निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर तंवर।

मनोज तनेजा, सुरेंद्र खुराना, अनिल गुप्ता, कृष्ण कुमार सचदेवा, पुष्कर गुप्ता, सुनील छाबड़ा, भूपेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश टक्कर, अशोक कपूर, मदन गेरा, भरत चुघ, सचिव गंगाधर खत्री ने डॉ. परमेश्वर का स्वागत किया। अपने संबोधन में मेयर मधु आजाद ने इस मौके पर कहा कि हर किसी को सामाजिक कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए। बीजेपी गुड़गांव निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर तंवर ने खुद भी रक्तदान किया और कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। हम सभी को इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

अध्यापकों पर लाठीचार्ज की हुई निंदा

कैथल। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पीटीआई अध्यापकों के धरने के 47वें दिन अध्यापकों पर लाठीचार्ज, महिला अध्यापिकाओं के साथ बदसलूकी और धमतान तपा के प्रधान रंगीराम पर पुलिस द्वारा तेल डालने और गिरफ्तार करने की शर्मनाक घटना की निंदा करता है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान विजेंद्र मोर, सचिव रामपाल शर्मा, राज्य सचिव सतबीर गोयत ने कहा कि रंगी राम पर पुलिस प्रशासन द्वारा तेल डालने, अध्यापकों पर लाठीचार्ज और महिला अध्यापिकाओं के साथ बदसलूकी करके सरकार अपने और से अधिक अंडे अपना कर इस आंदोलन को खत्म नहीं करवा सकती है। अध्यापक संघ इस घटना की न्यायिक जांच की मांग करता है। अगर सही तरीके से न्यायिक जांच नहीं हुई और रंगी राम को मान सम्मान से सुरक्षित रिहा नहीं किया गया तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ पीटीआई अध्यापकों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

जमाबंदी सोमवार तक हो जाएगी ऑनलाइन

रेवाड़ी। प्रशासन अब सभी जमाबंदी ऑनलाइन करने जा रहा है। ऐसा होने से किसानों की परेशानी जहां समाप्त हो जाएगी, वहीं कोई भी व्यक्ति अपना स्टेटस कहीं से भी जान सकेगा और रजिस्ट्री होने के बाद तुरंत रिमार्क में आ जाएगा। प्रशासन ने इस संबंध में राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को सोमवार तक अपना काम निपटाने के निर्देश दे दिए हैं। उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने शुक्रवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक में कहा कि वे जिले के सभी 412 गांवों की जमाबंदी सोमवार तक ऑनलाइन कर दें, ताकि किसानों की समस्या का समाधान हो जाए और आमजन भी अपनी जमीन का स्टेटस कहीं भी देख सके। उन्होंने कहा कि जमाबंदी ऑनलाइन होने के बाद कोई भी व्यि1त जमाबंदी डॉट निस डॉट इन पर अपना खाता नंबर डालकर भूमि का सारा रिकार्ड घर बैठे ऑनलाइन देख सकेंगे। अब किसी भी किसान को पटवार घर के च1कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ऐसा होने से कालाबाजारी भी नहीं होगी। बैठक में एडीसी राहुल हुड्डा, एसडीएम रेवाड़ी रविंद्र यादव, एसडीएम कोसली कुशल कटारिया, एसडीएम बावल रविंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विजय यादव, तहसीलदार प्रदीप देशवाल, अजय कुमार, राजेंद्र और नायब तहसीलदार रवि कुमार कुमार उपस्थित थे।

यमुना नदी में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

इंद्री। पश्चिमी यमुना नहर में तरावड़ी के राजगढ़ गांव के रहने वाले 30 वर्षीय राजकुमार का शव मिला है। परिजनों का कहना है कि मृतक राजकुमार अपनी लापता हुई भतीजी पूनम को लाडवा के मुरादनगर में तलाशने आया था जोकि मुरादनगर में हुई मारपीट के बाद से गायब हो गया था। घटना के संबंध में लाडवा पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। परिजनों का आरोप है कि मुरादनगर के लोगों ने ही उसकी हत्या कर उसके शव नहर में फेंक दिया है। राजकुमार की भाभी रुकमणि ने बताया कि लखनपाल नामक एक युवक उनकी लड़की को गत दिनों घर से अपहरण करके ले गया था जब वह और उसके परिवार वाले उसका पीछा करते हुए लाडवा के पास मुरादनगर गांव में पहुंचे तो वहां पर अनिल, रिंकू, शिव कुमार दया राम, अमित व कृष्ण आदि एक दर्जन से अधिक लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वह अपनी जान बचा कर के वहां से भागे लेकिन उनका देवर राजकुमार को उन लोगों ने पकड़ लिया, जिसका मृत शरीर पश्चिम यमुना नहर से मिला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लाडवा पुलिस ने जब हम वहां पर शिकायत करने के लिए गए थे हमारे साथ दुर्व्यवहार किया और हमारी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। लाडवा पुलिस के जांच अधिकारी मूलचंद ने बताया कि राजकुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई थी। इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों को शीघ्र ही गिरफतार कर सही कार्रवाई की जायेगी।

शहर में जलभराव व पेयजल समस्या भाजपा की देन : अशोक

सोनीपत। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक छाबडा ने कहा कि शहर में 4 बूंद होते ही जगह-जगह पर जलभराव की स्थिति हो जाती है। शहर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं हैं, जहां पर पेयजल की समस्या न हो। शहर में जो जलभराव व पेयजल की समस्या बनी है, यह भाजपा की देन है। वरिष्ट कांग्रेसी नेता अशोक छाबड़ा ने शुक्रवार को सब्जी मंडी क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने सब्जी मंडी क्षेत्रवासियों की समस्या सुनते हुए कहा कि आप शहर के किसी भी क्षेत्र में चले जाएं, वहीं पर जलभराव व पेयजल की समस्या नजर आएगी। इन सभी समस्याओं के जिम्मेदार भाजपा के नेता ही है, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शहर के विकास करवाने के बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन वह विकास नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि अमरूत योजना के प्रौजेक्ट रूके हुए है, जिनकों पूरा करवाने के लिए भाजपा की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। उसी का नतीजा है कि नगर निगम के अधिकारी अपनी मनमानी से काम करते रहे। इस दौरान कांग्रेसी नेता प्रदीप गौतम ने भाजपा को विकास विरोधी पार्टी करार देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में भाजपा से विकास करवाने का सवाल पूछा जाए तो उनके पास कोई जवाब नहीं होगा। इस अवसर पर प्रेमनारायण, सीमा गोयल, पूनम, अनुज छाबड़ा, राजबाला, आरती, संतोष व पूनम आदि मौजूद थे।

किसानों को नवंबर तक मिल जाएगा कनेक्शन : रणजीत सिंह

चंडीगढ़। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में अहम कदम उठाते हुए ट्यूबवेल के लिए जल्द से जल्द मोटर खरीदने व कनेक्शन देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि 5-स्टार रेटिड (जो अब 3-स्टार है) सबमर्सिबल मोटर लगवाने की सहमति देने वाले 4230 किसानों के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने मोटर खरीदने के आदेश जारी कर दिए हैं जो कि अगले माह अगस्त 2020 से आनी शुरू हो जाएंगी। इसके बाद इन किसानों के ट्यूबवेल-कनेक्शन नवंबर 2020 तक जारी करने का लक्ष्य है। यही नहीं, किसानों को अपने ट्यूबवेल-कनेक्शन की जानकारी घर बैठे उपलब्ध कराने के लिए एक वैब-पोर्टल बनाया जाएगा ताकि उन्हें हर अपडेट मिलता रहे। शुक्रवार को चंडीगढ़ में अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में बिजली मंत्री ने बताया कि जिन किसानों ने 5-स्टार रेटिड (जो अब 3-स्टार है) सबमर्सिब्ल मोटर का कनेक्शन जारी किए जाने को लेकर असहमति दर्ज करवाई है, उन्हें जमा करवाया गया पैसा निगम द्वारा ब्याज समेत वापस किया जाएगा। उन्होंने एक अहम जानकारी सांझा करते हुए बताया कि निगम द्वारा कनेक्शन जारी करने में 6 महीने से अधिक देरी होने पर मोटर व बिजली-लाइन के लिए जमा करवाया गया पैसा ब्याज समेत किसान को वापस लौटाया जाएगा। बिजली मंत्री श्री रणजीत सिंह ने ट्यूबवैल-कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले किसानों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के 12075 किसानों ने एनर्जी एफीशिएंट मोटर की कीमत जमा करवा दी है जिनमें से 10256 किसानों ने तो बिजली-लाइन का खर्चा भी निगम में जमा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि 4868 सबमर्सिब्ल मोटरें दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्टोर में आ चुकी हैं तथा 4463 कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं, शेष जल्द जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि किसानों के आग्रह पर 1477 मोनो-ब्लॉक मोटर बाजार से खरीद कर लगाने की अनुमति दी गई है,शर्त यह है कि वह मोटर कम से कम 2-स्टार अवश्य हो।

मुआवजे में कमीशन नहीं पाएंगे बिचौलिए

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों से सीधे संपर्क के लिए जारी की हेल्पलाइन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण चार औद्योगिक सेक्टर बसाने के लिए सीधे किसानों से जमीन खरीद रहा है। इस दौरान कोई बिचैलिये किसानों से कमीशन न ले सके इसके लिए प्राधिकरण ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके अलावा इस नंबर पर किसानों की और भी समस्याओं के समाधान के बारे में बताया जायेगा।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण नए औद्योगिक सेक्टर 7, 8, 9 और 16 के लिए जमीन खरीद रहा है। ये जमीन पौवारी, इमलियाका, अटाई मुरादपुर, लुक्सर, दादूपुर, लडपुरा, खानपुर, सिरसा, वेदपुरा, जान समाना, सुनपुराए भोला रावलपुर व धूम मानिकपुर गांवों की है। यहां की 630 हेक्टेयर वाले क्षेत्रफल में से 40 प्रतिशत से अधिक भूमि या तो अर्जित कर ली गयी है अथवा क्रय की प्रक्रिया में है। किसानों को किसी तरीके की परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी सचिन कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह कंट्रोल रूम आरंभ कर दिया गया है। इसका नंबर 0120-2336013 है। इस पर कोई भी किसान या भूस्वामी सुबह 9:30 बजे से सायंकाल 6 बजे तक शिकायत कर सकता है।

सचिन कुमार ने बताया कि गत दिनों प्राधिकरण को शिकायतें मिल रहीं थीं कि कुछ बिचैलिये किसानों को गुमराह कर उनसे कमीशन लेकर उन्हें मुआवजा दिलाने के नाम पर ठगने का काम रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने किसानों की परेशानी व उनके आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए यह हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्णय लिया है। इस हेल्पलाइन के इस्तेमाल से किसानों का सिर्फ मुआजा वितरण बल्कि अन्य कई समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा।

उन्होने बताया कि गत वर्षों में कई बार प्राधिकरण ने किसानों के हित में कई निर्णय लिए है जिसके फलस्वरूप उन्हे लाभ हुआ है, लेकिन बिचैलिये भोले भाले किसानों को अपने झांसे में लेकर उनसे लगातार ठगी करते रहे हैं। जिसका निवारण करते हुए प्राधिकरण ने यह कंट्रोल रूम शुरू किया है। पिछले कई दिनों से कंट्रोल रूम कार्यरत है, अब तक दर्जनों किसान इसका लाभ उठा चुके हैं। ग्रेटर नोएडा अर्जन क्षेत्र के सभी किसानों से अपील करता है कि अपने लाभ के लिए कंट्रोल रूम के नंबरों पर संपर्क करें और अपनी शिकायत दर्ज करवा कर सुरक्षित रहें।

हाईकोर्ट समेत सभी अदालतों में 14 तक नहीं होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कोरोना महामारी के मद्देनजर 14 अगस्त तक उच्च न्यायालय और अधीनस्थ अदालतों के कामकाज फिर निलंबित करने का फैसला लिया गया है। जरूरी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जा सकेगी। कोर्ट का आदेश है कि कोर्ट ऑफ रजिस्ट्रार और संयुक्त रजिस्ट्रार कोर्ट वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामलों को सूचीबद्ध किया जा सकता है।

हालांकि दिल्ली में तेजी से कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी भी आ रही है। दिल्ली में बीते एक सप्ताह के दौरान जितने भी लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए, उससे दोगुनी संख्या कोरोना संक्रमण से निजात पाने वाले मरीजों की रही है। दिल्ली देश का पहला राज्य है, जहां नई पॉजिटिव मामले से ज्यादा संख्या ठीक होने वाले मरीजों की है।

दिल्ली में दूसरा सीरो सर्वे आज से, पांच दिन चलेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सौ से ज्यादा टीमें करेंगी 20 से अधिक लोगों के टेस्ट

कोरोना संक्रमण के फैलाव के स्तर का पता लगाने के लिए राजधानी में शनिवार से सीरो सर्वे का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों पर 100 से ज्यादा टीमें 20 हजार से अधिक लोगों के ब्लड सैंपल लेगी।

यह सर्वे एक अगस्त से 5 अगस्त के बीच किया जाएगा। इससे यह जानने की कोशिश की जाएगी कि दिल्ली में अब कितने फीसद लोगों में कोरोना संक्रमण के खिलाफएंटीबॉडी बन गई है। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या राजधानी हर्ड इम्युनिटी की ओर बढ़ रही है।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सर्वे के परिणाम 15 अगस्त तक आने की संभावना है। जिन लोगों के सैंपल पहले सर्वे में लिए गए थे, इस बार उनके सैंपल नहीं लिए जाएंगे। किस जिले से कितने सैंपल लिए जाने हैं, यह वहां की आबादी के हिसाब से तय किया जाएगा। हर जिले से औसतन दो हजार सैंपल लेने की कोशिश की जाएगी। सीरोलॉजी टेस्ट में उन लोगों को ही शामिल किया जाएगा, जिनमें कोई लक्षण नहीं हैं। इसमें अलग-अलग उम्र व इलाके के लोगों के बल्ड सैंपल लिए जाएंगे। इससे पहले 27 जून से 10 जुलाई के बीच सीरो सर्वे किया गया था, जिसमें करीब 23 प्रतिशत लोग कोविड-19 से प्रभावित मिले थे। यानी, एक चौथाई लोगों में एंटीबॉडी विकसित होने की बात सामने आई थी। इसका मतलब था कि वे संक्रमित हुए और ठीक हो गए। जिनके नमूने लिए गए थे, उनमें से अधिकतर को नहीं पता था कि वे संक्रमित थे।

कोरोना के 1,195 नए केस, अब तक सवा लाख ठीक

नई दिल्ली। राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के 1195 नए मरीज मिले। अब यहां संक्रमितों की कुल संख्या 1.35 लाख के पार पहुंच गई है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार शाम को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना से 27 मरीजों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दिल्ली में संक्रमितों की कुल संख्या 1,35,598 हो गई है। शुक्रवार को 1,206 मरीज पूरी तरह ठीक होकर अपने घर चले गए। फिलहाल यहां 10,705 एक्टिव मामले हैं और 1,20,930 मरीज ठीक हो चुके हैं। शहर में मरने वालों की कुल संख्या 3963 हो गई है।

नेक पहल : 25 सेक्स वर्कर्स की बेटियों को गोद लेंगे गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जाने-माने पूर्व क्रिकेटर और पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद गौतम गंभीर दिल्ली की सेक्स वकर्स की बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए एक नई पहल करने जा रहे हैं।

जीबी रोड एरिया में काम करने वाली 25 सेक्स वर्कर्स की बेटियों की आगे की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके जीवन यापन से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्याल अब गौतम गंभीर और उनके द्वारा चलाई जाने वाली संस्था रखेगी। इस मुहिम को पंख नाम दिया गया है, जिसे शुक्रवार को लॉन्च किया गया।

इसके लिए 10 बच्चियों का चयन भी कर लिया गया है, जबकि 15 और बच्चियों को चुनने का काम जारी है। इस मुहिम को शुरू करने के मकसद के बारे में बताते हुए गौतम गंभीर ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को एक अच्छी जिंदगी जीने का हक है। हमारा यही प्रयास है कि इन बच्चियों को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नए अवसर मिल सकें। हम उन्हें वही अवसर दिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

देशद्रोह केस में जफरूल इस्लाम को मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह मामले में दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व प्रमुख जफरूल इस्लाम खान को अग्रिम जमानत दे दी। जफरूल पर सोशल मीडिया पर विवादित व देशविरोधी पोस्ट करने को लेकर देशद्रोह का मामला दर्ज है।

न्यायाधीश मनोज कुमार ओहरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई करते हुए 72 वर्षीय खान को राहत दी जब पुलिस ने कहा कि आगे की जांच के लिए उनकी जरूरत नहीं है। आयोग में खान का कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ है। अदालत अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के जरिए दायर खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उनकी उम्र, स्वास्थ्य जोखिमों व कोरोना खतरे का हवाला दिया था।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय में आयोजित मुस्लिम महिला अधिकार दिवस के मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रविशंकर प्रसाद और मुख्तार अब्बास नकवी।

तीन तलाक मिटाकर असमानता की हर दीवार तोड़ दी : नकवी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक की प्रथा को गैरकानूनी बनाकर मुस्लिम महिलाओं के सामने खड़ी असमानता की दीवार को तोड़ दिया है। मोदी सरकार सियासी शोषण नहीं, समावेशी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ काम करती है।

मुस्लिम महिला अधिकार दिवस के अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी के साथ वर्चुअल कांफ्रेंस के जरिये मुस्लिम महिलाओं को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि एक अगस्त मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की कुप्रथा, कुरीति से मुक्त करने का दिन है और भारत के इतिहास में यह मुस्लिम महिला अधिकार दिवस के रूप में दर्ज हो चुका है। यह दिन भारतीय लोकतंत्र और संसदीय इतिहास के स्वर्णिम पन्नों का हिस्सा रहेगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक की कुरीति को खत्म कर मुस्लिम महिलाओं के संवैधानिक-मौलिक-लोकतांत्रिक एवं समानता के अधिकारों को सुनिश्चित किया है।

टीवी एंकर ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

नई दिल्ली। मशहूर टीवी एंकर प्रियंका

जुनेजा ने शुक्रवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

शुरुआती जांच में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। यह घटना पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके की है। प्रियंका कई चैनल में काम कर चुकी हैं। मौजूदा वक्त में वह हरियाणा के एक यूट्यूब चैनल में में कार्यरत थीं। शुरुआती जांच में पता चला है प्रियंका अपनी नौकरी को लेकर काफी परेशान थी।

दिल्ली वाले लाइव देखेंगे राम मंदिर का भूमि पूजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए भाजपा दिल्ली में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट कराएगी। इसके लिए बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाई जाएंगी। राम मंदिर का भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अगस्त को अयोध्या जाएंगे।

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि 5 अगस्त को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के शिलान्यास के मौके पर पार्टी पूरे शहर में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाएगी, ताकि राजधानी के लोग इसका सीधा प्रसारण देख सकें। उन्होंने कहा कि 'भूमि पूजन' पर पार्टी के नेता दीप प्रज्ज्वलित कर जश्न मनाएंगे।

गुप्ता ने कहा कि इस अवसर को आने वाली पीढ़ियां भी याद करेंगी और यह हमारा दायित्व बनता है कि हम इस ऐतिहासिक क्षण को गौरवशाली बना दें। उन्होंने कहा कि शाम को पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में दीप जलाएंगे और अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश भाजपा के महासचिव राजेश भाटिया ने कहा कि दिल्ली भाजपा इस दिन को उत्सव के रूप में मनाएगी और इसमें भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। राम मंदिर के भूमि पूजन से पहले अयोध्या को सजाने का काम चल रहा है। सरयू घाट, राम की पैड़ी, बाइपास रोड तकरीबन अयोध्या के हर इलाके में इस वक्त सजावट और पेंटिंग्स का काम बहुत तेजी से हो रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी 3 से 5 अगस्त तक दीपोत्सव मनाने की बात भी कही है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि उत्सव मनाया जाना चाहिए, लेकिन कोरोना को देखते हुए सोषल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखना होगा। ऐसा न हो कि बड़ी मुश्किल से संभली दिल्ली में फिर कोरोना जोर पकड़ ले।

चोरी के मामले में दो किशोर सहित 3 पकड़े

नोएडा। थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शुक्रवार को दो किशोरों सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास से चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद किए। इन चोरों ने नोएडा के कई जगह से दर्जनों मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी करना स्वीकार किया है। दोनों किशोर इससे पूर्व भी पकड़े जा चुके हैं।

एसीपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में सेक्टर 45 के पास से मुकेश कुमार तथा दो किशोरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने इनसे चोरी किए 10 मोबाइल फोन बरामद किए।

पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर लूटपाट करने वाले दबोचे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- लूटा गया ट्रक व 30 लाख का सामान बरामद

पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर लूटपाट करने वाले गिरोह का मसूरी थाना पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनसे लूटा गया ट्रक और करीब 30 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि इस गिरोह के पकड़े जाने के बाद लूट की दर्जनों वारदातों का खुलासा हुआ है। एक्सप्रेस-वे पर लूटे गए माल को यह अलग-अलग ठिकानों पर बेचा करते थे। उन ठिकानों की भी पुलिस तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि लुटरों के ज्यादातर निशाने पर बड़े ट्रक रहा करते थे। जिसमें कंपनियों का माल भरा होता था। उन्होंने बताया कि पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी हुई है कि कहीं ट्रांसपोर्ट या संबंधित कंपनी से जुड़ा कोई व्यक्ति तो इनके साथ शामिल तो नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

डासना मंदिर परिसर में नजरबन्द स्वामी यति नरसिन्हानन्द सरस्वती महाराज।

स्वामी नरसिन्हानन्द सरस्वती डासना मंदिर में नजरबंद

गाजियाबाद। डासना देवी मंदिर मठ के महंत व फायर ब्रान्ड हिन्दू संत स्वामी यति नरसिन्हानन्द सरस्वती महाराज को पुलिस ने लखनऊ जाते समय शाहजहांपुर में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए गिरफ्तार कर देर रात मंदिर परिसर में नजर बंद कर दिया। बता दें कि कुछ मुस्लिम कार सेवक राम मंदिर शिलान्यास में कार सेवा करने के लिए अयोध्या जा रहे हैं, उनका विरोध करने के लिए संत स्वामी यति नरसिन्हानन्द सरस्वती महाराज लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इन मुस्लिम कार सेवकों को अयोध्या जाने से रोकने के लिए अपना आग्रह पेश करना चाहते थे, लेकिन शाहजहांपुर पहुंचते ही पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया और गाजियाबाद के डासना स्थित देवी मंदिर परिसर में लाकर उन्हें नजरबन्द कर दिया है।

केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल से बातचीत करते उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज।

अमरनाथ की तर्ज पर विकसित होगा टिंबरसैण महादेव मंदिर

नई दिल्ली। कोरोना महामारी से प्रभावित राज्य के पर्यटन उद्योग में फिर से रौनक बहाल करने के उद्देश्य से उत्तराखंड सरकार प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रही है। इनमें केदारनाथ में शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहन देने के साथ ही प्रदेश के चमोली जिले में टिंबरसैण महादेव के मंदिर को अमरनाथ की तर्ज पर विकसित करने की भी योजना है। उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने गुरूवार को केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल से टिंबरसेण की यात्रा को अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया।

इंद्रप्रस्थ योजना के 15 भूखंडों की नीलामी

गाजियाबाद । लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की मधुबन बापूधाम योजना के व्यवसायिक भूखंड और इंद्रप्रस्थ योजना के औद्योगिक एवं व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी शनिवार को संपन्न हुई। इस दौरान इंद्रप्रस्थ योजना के 15 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी हुई जिसमें प्राधिकरण को 12 करोड़ रूपए की आय होगी। यह जानकारी जीडीए सचिव संतोष राय ने दी। उन्होंने बताया कि यह नीलामी वित्त नियंत्रक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान अपर सचिव, मुख्य अभियंता ,मुख्य नगर नियोजक ,विशेष कार्य अधिकारी एवं प्रभारी संपत्ति भी मौजूद थे।

सेक्टर-11 में शुक्रवार शाम गिरी इमारत के मलबे से एक मजदूर को बाहर निकालते बचाव दल के कर्मचारी। फोटो : दीपक यादव

निर्माणधीन इमारत गिरने से मलबे में दबे कई मजदूर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- बचाव दल ने चार को सुरक्षित बाहर निकाला

सेक्टर-11 में शुक्रवार की देर शाम एक बहुमंजिला इमारत गिर गई है। इस इमारत का निर्माण किया जा रहा था। अब गौतमबुद्ध नगर पुलिस की ओर से जानकारी दी गई है कि बचाव और राहत दल ने इमारत के मलबे से 4 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। इन लोगों को गंभीर चोट आई हैं। अभी बचाव व राहत दल और लोगों की तलाश कर रहा है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की मीडिया सेल की ओर से जानकारी दी गई है कि यह हादसा नोएडा के सेक्टर-11 में हुआ है। यहां एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण चल रहा था। शुक्रवार देर शाम इमारत अचानक भरभरा कर गिर गई। इस बिल्डिंग में कई लोग काम कर रहे थे। इन लोगों को मलबे से निकालने के लिए तत्काल बचाव और राहत दल को भेजा गया। मलबे से 4 लोगों निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि मलबे में अभी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। लिहाजा, बचाव दल मलबे को हटाकर लोगों की तलाश कर रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के तुरंत बाद गाजियाबाद में एनडीआरएफ की टीम को भी सूचना दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक गाजियाबाद से एनडीआरएफ टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी थी।

सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत

नोएडा। थाना दनकौर क्षेत्र में विवो कंपनी के पास बृहस्पतिवार रात एक होमगार्ड की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई।

डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कासना में तैनात होमगार्ड तेजपाल सिंह (42) ड्यूटी खत्म करके बाइक से रबूपुरा क्षेत्र स्थित अपने गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि विवो कंपनी के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पहुंची थाना दनकौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पतंग उड़ा रहे दो बच्चे चौथी मंजिल से गिरे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस हिरासत में पड़ोसी युवक

- घटना को अंजाम देने वाला पड़ोसी गिरफ्तार

कविनगर थाना इलाके के ग्राम गुलधर में पतंग उड़ा रहे दो मासूम भाइयों को छत से धक्का देने के मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की गिरफ्तारी बच्चों के बयान के बाद की गई है।

एसपी सिटी मनीष मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को दो भाई संदिग्ध अवस्था में मकान की चौथी मंजिल से गिर गए थे। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि बच्चे पतंग उड़ाते समय छत पर थे, परिजनों ने पड़ोसी पर बच्चों को धक्का देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ग्राम गुलधर में शंभू पासवान पत्नी और तीन बेटियों के अलावा 8 वर्षीय पुत्र परिभुवन और 9 वर्षीय तिरुभवन के साथ रहते हैं। शंभू पासवान जहां कार चालक हैं, वहीं दो बड़ी बेटी मां के साथ फैक्ट्री में काम करती हैं, जबकि 12 वर्षीय छोटी बेटी भाइयों के साथ घर पर रहती है।

बताया गया है कि दोनों भाई गुरुवार को 11 बजे मकान की चौथी मंजिल पर पतंग उड़ा रहे थे। इसी दौरान दोनों संदिग्ध अवस्था में छत से नीचे गिर गए। बच्चों के परिजनों ने पड़ोसी पर बेटों को छत से धक्का देने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल में भर्ती दोनों बच्चों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बच्चों के बयान लिए गए जिनमें बच्चों ने बताया कि पतंग उड़ाते वक्त पड़ोसी हरेंद्र ने उन्हें धक्का दिया था। जिसके बाद पुलिस ने हरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया ।

होनहार रियाज को राष्ट्रपति ने तोहफे में दी साइकिल

बनना चाहता है साइकलिस्ट, सपनों में रंग भरने को करता है ढाबे में काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

झुग्गी बस्ती में रहने वाले होनहार साइकिलिस्ट रियाज को उम्मीद है कि अब वह अपने सपनों को नई उड़ान दे पाएगा। षुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से इम्पोर्टेड साइकिल पाकर गदगद रियाज की आंखों में चमकीले आंसू झर रहे थे। उसकी आंखों की चमक साफकह रही थी कि अब उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

दिल्ली के सरकारी स्कूल में नौवीं का छात्र रियाज अब तक गरीबी और बेकारी के चलते वह अपने हुनर को निखार नहीं पा रहा था। हालांकि कम संसाधनों में ही उसने दिल्ली स्टेट स्तर पर चमक बिखेरी और राष्ट्रीय स्तर पर भी चौथा नंबर हासिल कर सुनहरे भविश्य की कुंडी खटखटा दी।

मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला 16 वर्शीय रियाज दिल्ली के आनंद विहार में स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में कक्षा 9 में पढ़ता है। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा दो बहनें और एक भाई है। ये बहन-भाई मधुबनी में ही रहते हैं, जबकि रियाज गाजियाबाद के महाराजपुर में किराए के मकान में रहता है। उसके पिता 'कुक' के रूप में काम करते हैं। उनकी मामूली आमदनी को सहारा देने के लिए रियाज भी अपने खाली समय में गाजियाबाद के एक भोजनालय में जूठे बर्तन धोने का काम भी करता है।

रियाज को साइकिलिंग से जुनून की हद तक प्यार है और पढ़ाई तथा काम से फुरसत मिलते ही वह कठिन अभ्यास में जुट जाता है। वर्ष 2017 में उसने दिल्ली स्टेट साइकिलिंग चौम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। गाजियाबाद के जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उसने गुवाहाटी में आयोजित स्कूली खेल स्पर्धा में भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर चौथी रैंक हासिल की है।

अपनी अब तक की उपलब्धियों से उत्साहित होकर रियाज ने अपने लिए एक बड़ा लक्ष्य तय किया है और कोच प्रमोद शर्मा से पेशेवर प्रशिक्षण ले रहा है। वह नियमित रूप से दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण लेता है। दुर्भाग्य से, अभ्यास के लिए उसके पास एक ही स्पोर्ट्स साइकिल है, जो किसी ने उसे उधार दी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

अरावली में वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने के लिए बनी 60 लाख की योजना

नरेश कुमार। सोहना

अरावली पहाड़ी में करीब 12 तालाब बनाने की योजना तैयार की है

अरावली पहाड़ी क्षेत्र में विचरण कर रहे वन प्राणियों का पानी के बिना गला न सूखे इसके लिए वन विभाग अपनी ही सहयोगी वन्य प्राणी विंग के साथ मिलकर साल भर पानी उपलब्ध कराने की योजना तैयार कर रहा है। इसके लिए अरावली पहाड़ी में करीब 12 तालाब बनाने की योजना तैयार की है।

अरावली पहाड़ी क्षेत्र के वन्य प्राणियों को पानी की तलाश में अपना क्षेत्र छोड़कर नहीं जाना होगा। वन्य प्राणियों को पूरे हर समय अपने नजदीक पीने का पानी मिले। इसके लिए वन विभाग और विभाग की वन्य प्राणी विंग ने मिलकर एक योजना तैयार की है। योजना के तहत अरावली पहाड़ी क्षेत्र में करीब 12 स्थानों पर तलाब बनाने का खाका तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ग्राम पंचायत खूटपुरी से करीब एक सौ एकड़ वन क्षेत्र में रह रही सैकड़ों की संख्यां में नील गाय को भी पानी पीने की योजना शामिल है। ताकि नील गाय इस वन क्षेत्र को छोड़कर खेतों की और रुख न करें।

कहां-कहां बनाएं जाएंगे तालाब : वन विभाग के सोहना क्षेत्र अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रोजका गूर्जर, सांप की नंगली, भोंडसी, गैरतपुरबास, मंडावर और खूटपुरी का मैदानी क्षेत्र शामिल है। उन्होंने बताया कि रोजका गूर्जर का क्षेत्रफल सबसे बड़ा है। जहां पर 3 से 4 तलाब बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि मैदानी क्षेत्र में ग्राम पंचायत खूटपुरी के पास सहित अन्य गांवों के बीच में करीब एक सौ एकड़ का वन क्षेत्र है। जहां पर भारी संख्या में नील गाय जीवन यापन करती है। जो पानी क तलाश में खेतों की तरफ रुख कर जाती है। जिन्हें पानी की तलाश में अब अपना गृह क्षेत्र छोड़कर जाने की

अरावली पहाड़ी में पाया जाने वाला भूरा रोज।

जरूरत नहीं होगी। वन्य प्राणी विभाग के इंस्पेक्टर राजेश चहल ने बताया कि अरावली पहाड़ी में तेंदुआ, हाइना, नील गाय, गीदड़, अजगर, सांप, शेह, लोमड़ी, बीजू, लंगूर, काला, मोर, भूरा व काला तितर, नेवला, कोबरा, हैजहोग, चिटीखोर आदि शामिल है। इनमें से 80 फीसदी प्राणी पहाड़ी क्षेत्र में और 20 फीसदी मैदानी क्षेत्र में रहते हैं।

पानी की खोज में मिली मौत : अरावली पहाड़ी में सबसे तेज तर्रार प्राणी तेंदुआ को अकसर गर्मी के मौसम में पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र की ओर आ जाते हैं। इनके अलावा हाईना, नील गाय, काला हिरण, गीदड़ भी आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं। अरावली पहाड़ी से पानी की खोज में तीन तेंदुआ की मौत हो चुकी है। करीब चार वर्ष पहले मंडावर में ग्रामीणों ने तेंदुआ को डंडे व लाठियों से हमला करके मार दिया था। उसके दो साल बाद गैरतपुरबास से लगती अरावली की गहरी खाई में वृद्ध तेंदुआ की मौत हुई थी। 2019 में मंडावर के मैदानी क्षेत्र में तीन वर्षीय तेंदुआ पानी की तलाश में आया था। जो बंदर का शिकार करने के दौरान हाईटेंशन लाइन से टकराने पर अपनी जान गवां बैठा था। करीब छह माह पहले भी मंडावर में हाइना लोहे की तारफेंशी में फसकर जख्मी हो गया था।

करीब 60 लाख होंगे खर्च : वन विभाग के जिला अधिकारी जयकुमार ने बताया कि उनके विभाग ने वन्य प्राणी विंग के साथ मिलकर जो योजना तैयार की है। उसे मंजूरी के लिए राज्यस्तरीय अधिकारियों को भेजा है। इस योजना पर 50 से 60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

सोहना में हुई जबरदस्त बारिश, दुकानों में भरा पानी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना में शुक्रवार को हुई भारी बारिश से बाजारों में दुकानों के अंदर पानी घुस गया। जिससे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। शुक्रवार दोपहर बाद सोहना में करीब 20 मिनट तक हुई जबरदस्त बारिश ने शहर को हिलाकर रख दिया। शहर के बाजारों में नाले की तरह तेज रफ्तार से बहकर चला पानी दुकानों में भर गया। जिससे दुकानदारों को आर्थिक रूप से नुकसान हुआ है।

शहर के पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, अग्रसेन चौक, अस्पताल मार्ग और शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर स्थित दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। कपड़ा, किराना, जूता-चप्पल, हलवाई, दवा विक्रेताओं को भारी नुकसान हुआ है। रेडीमेट कपड़ा दुकानदार मुकेश आजाद ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी बाजार के रास्ते में बारिश का पानी तीन से चार फीट ऊंचाई तक बहकर चला। जिसमें दुकानों के आगे लगे तख्त, मेज और लोहे से बनी सीढ़ियां तक बह गईं। दुकानों के

शुक्रवार को सोहना में हुई जबरदस्त बारिश के दौरान पानी में बहकर जा रही स्कूटी को रोकते दुकानदार।

बाहर खड़े दो पहिया वाहन भी बह गए। जिन्हें दुकानदारों ने एक-दूसरे की मदद से पानी में बहने से रोका। बस स्टैंड मार्ग पर स्थित दुकानों में भी बारिश का पानी चला गया। दुकानदार यादराम ने बताया कि बारिश से दुकानदारों को 50 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक सामान खराब होने से नुकसान हुआ है।

प्लाज्मा बैंक की शुरुआत होते ही कैनविन ने कराए प्लाज्मा डोनेट

पहले दिन ही चार लोगों को डोनेट कराया प्लाज्मा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत होने के साथ ही कैनविन फाउंडेशन ने अपनी अहम भूमिका निभाई। पहले ही दिन चार लोगों से प्लाज्मा डोनेट करवाकर चार कोरोना पॉजिटिव मरीजों को राहत पहुंचाने का काम किया। यह प्लाज्मा बैंक कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड बैंक परिसर में ही शुरू किया गया है।

जिला के पहले प्लाज्मा बैंक का शुभारंभ मंडलायुक्त डा. अशोक सांगवान ने किया। इस मौके पर डीसी अमित खत्री, सीएमओ डा. विरेंद्र यादव, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल, रोटरी क्लब से रविंद्र जैन, रोटरी प्लाज्मा बैंक से स्टाफ मौजूद रहे। प्लाज्मा बैंक की

गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी प्लाज्मा बैंक में प्लाज्मा डोनेट करते लोग।

जिला में शुरुआत होते ही कैनविन फाउंडेशन की ओर से चार कोरोना पॉजिटिव होकर नेगेटिव यानी ठीक हो चुके लोगों से प्लाज्मा डोनेट करवाया। इस दौरान मंडलायुक्त अशोक सांगवान ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन का यह कार्य काबिले-तारीफ है। लोगों को प्लाज्मा डोनेट करने के लिए तैयार करके यहां डोनेट कराया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों खास चिकित्सा के क्षेत्र में संस्था ने काफी काम किया है और कर रही है। इसके लिए संस्था की टीम बधाई की पात्र हैं। डीसी अमित खत्री ने भी कहा कि कैनविन फाउंडेशन कोरोना महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक पूरी मेहनत के साथ काम कर रही है। इस संस्था ने लोगों को घरों तक दवाइयों की होम डिलीवरी कराई। साथ ही अन्य कई तरह से लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है।

कैनविन के संस्थापक डीसी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि संस्था का यही उद्देश्य है कि बीमारी में उपचार व सुविधाओं के अभाव में किसी की जान नहीं जानी चाहिए। चाहे अमीर हो या गरीब, जान हर किसी की कीमती है। हमारे प्रयासों से किसी की जान बचती है तो वे खुशकिस्मत हैं।

कंपनी ने पार्किंग के नाम पर कब्जा रखी थी सरकारी जमीन

जोन-3 क्षेत्र में निगम भूमि को कब्जामुक्त करवाने का अभियान जारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जोन-3 क्षेत्र में अपनी बेशकीमती जमीनों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करवाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम के जोन-3 क्षेत्र के सयुंक्त आयुक्त हरिओम अत्री के नेतृत्व में इंफोर्समेंट टीम ने सिकन्दरपुर स्थित ग्लोबल बिजनेस पार्क के पास लगभग एक एकड़ बेशकीमती जमीन से अतिक्रमण हटाया। कंपनी द्वारा सरकारी जमीन पर अपनी निजी पार्किंग बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था। टीम ने अतिक्रमण को

गुरुग्राम नगर निगम के जोन-3 क्षेत्र में कब्जे हटाती जेसीबी।

हटाकर जमीन को कब्जामुक्त करवाया। नगर निगम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह द्वारा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि जमीनों को अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों से मुक्त करवाकर उन्हें सुरक्षित करें ताकि दुबारा से अतिक्रमण ना होने पाए।

सीनियर डिप्टी मेयर के पूर्व पार्षद पति की इमारत भी तोड़ी

नगर निगम आम आदमी के साथ-साथ खास आदमी के इमारतों को तोड़ने में भी गुरेज नहीं कर रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के इंफोर्समेंट दस्ते ने आयुद्ध डिपो के 900 मीटर दायरे में सीनियर डिप्टी मेयर प्रमिला कबलाना के पूर्व पार्षद पति गजे सिंह कबलाना की इमारत को भी तोड़ डाला। हालांकि इस दौरान कबलाना दंपत्ति ने खूब विरोध भी किया। यहां तक कि गोलियां चलने की धमकी दे दी।

बता दें कि आयुद्ध डिपो के 900 मीटर दायरे में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों पर निर्माण पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। इसके बाद भी यहां खूब निर्माण किए जा चुके हैं। इसी को लेकर तीन दिन पूर्व जिला नगर योजनाकार आरएस बाठ ने भारी पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंचकर अशोक विहार क्षेत्र में गजे सिंह कबलाना की बिल्डिंग को तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान डिप्टी मेयर प्रमिला कबलाना भी जेसीबी के आगे बैठी, मगर कोई फायदा नहीं हुआ।

दो लोगों से 38 हजार रुपये की धोखाधड़ी, केस दर्ज

गुरुग्राम। ठगों ने दो लोगों के साथ अलग-अलग तरीके से 38 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

संजय ग्राम कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले अपनी बाइक बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन पोस्ट किया था। सागर नामक युवक ने बाइक के लिए बातचीत की। आरोपी ने पीड़ित को अग्रिम भुगतान के लिए पेटीएम नम्बर मांगा। आरोपी ने उसके पिता को कहा कि वो रुपये ट्रांसफर कर रहा है और आपको बटन दबाकर पेटीएम ऐप से रुपये लेने होंगे। उन्होंने जैसे ही क्लिक किया, उनके खाते से 20 हजार रुपये निकल गए। इसके बाद आरोपी ने अपना नम्बर बंद कर लिया। दूसरे मामले में सेक्टर-48 निवासी नवीन बिष्ट ने बताया कि 14 मार्च को उसके एसबीआई खाते से तीन बार में 18046 रुपये निकल गए। जबकि उसने कहीं भी कोई ट्रांजेक्शन नहीं की।

रोडवेज कार्य निरीक्षण के समर्थन में उतरे डिपो कर्मचारी

कार्य निरीक्षक पर लगे आरोपों को बताया बेबुनियाद

विरोध करने वाले घर बैठे अपनी लगवाना चाहते हैं हाजिरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्थानीय रोडवेज डिपो में कार्य निरीक्षक के खिलाफ कुछ कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायत के बाद अब एक खेमा उनके समर्थन में भी उतर आया है। समर्थन में उतरे

गुरुग्राम रोडवेज डिपो में कार्य निरीक्षक के समर्थक कर्मचारी।

डिपो कर्मचारियों ने कहा कि कार्य निरीक्षक पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। उनका विरोध वे लोग कर रहे हैं जो कि घर बैठे ही अपनी हाजिरी लगवाना चाहते हैं।

शुक्रवार को यहां रोडवेज डिपो में कार्यरत कर्मचारियों ने बैठक की। बैठक में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले दिनों इस युनियन द्वारा कार्य निरीक्षक पर जो आरोप लगाए गए थे, वे बेबुनियाद और निराधार है।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी कार्य निरीक्षक की कार्यशैली से खुश है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग काम नहीं करना चाहते हैं और कोरोना की आड़ में अपने घरों पर रहते हुए हाजिरी लगवाना चाहते है। जिस करण वो कार्य निरीक्षक पर झूठे आरोप लगाा रहे है। जबकि कार्य निरीक्षक सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य कर रहे है।

साथ ही कर्मचारियों ने सयुक्त रूप से कहा कि ये लोग कार्य निरीक्षक पर दवाब बनाकर घर बैठे अपनी हाजिरी लगवाना चाहते है। उन्होंने कहा कि कार्य निरीक्षक ने कभी किसी भी कर्मचारी के साथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया।

द सिंधिया स्कूल ने न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर

वार्षिक आधार पर एनवायआइएफ द्वारा हाई स्कूल और मिडिल स्कूल स्टूडेंट के लिये दो पूर्ण छात्रवृत्तियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लड़कों के लिये भारत के नंबर 1 रैंक्ड स्कूल (ईडब्ल्यू सर्वे 2019-2020 के अनुसार) द सिंधिया स्कूल और वित्तीय सेवाओं तथा संबद्ध उद्योगों के लिये पेशेवर प्रशिक्षण में वैश्विक अग्रणी न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस (एनवायआइएफ) ने एक अनुबंध किया है। इस अनुबंध के अनुसार एनवायआइएफ वार्षिक आधार पर अपने जी2020 और यंग फाइनेंस स्कॉलर प्रोग्रामों (एक हाई स्कूल स्टूडेंट के लिये और दूसरा मिडिल स्कूल स्टूडेंट के लिये) के लिये ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत की छूट के साथ दो फुल स्कॉलरशिप्स देगा। एनवायआइएफ द्वारा मांग में रहने वाली स्किल-बेस्ट् ट्रेनिंग भी प्रदान की जायेगी और स्टूडेंट्स और

टीचर्स के लिये संबद्ध वेबिनार्स का आयोजन भी किया जायेगा। इस बारे में सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. माधव देव सारस्वत ने कहा, हम खोजपरक और उद्योग-संबद्ध प्रोग्राम्स लॉन्च करने के लिये एनवायआइएफ के साथ मिलकर खुश हैं। नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व कुशलताएं सिखाने वाले एक लोचशील पाठ्यक्रम के साथ एनवायआइएफ प्रोग्राम भविष्य पर ज्यादा केंद्रित है। मेरे नजरिये से यह स्कूली शिक्षा के लिये पहला अनूठा प्रोग्राम है और हमारे सभी स्टूडेंट्स को प्रौद्योगिकीय कुशलताएं और व्यावसायिक सोच विकसित करने का मौका देता है, जिसकी जरूरत उन्हें भविष्य के कार्यस्थल में होगी।

एनवायआइएफ वित्तीय और व्यवसाय शिक्षा को समर्पित 100 वर्ष पुरानी अंतरराष्ट्रीय पेशेवर प्रशिक्षण कंपनी है। इसके द्वारा दुनियाभर के लोगों और उद्यम ग्राहकों को उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण, प्रमाणपत्र और क्रॉस-बॉडर लर्निंग प्रोग्राम्स उपलब्ध कराये जाते हैं। एनवायआइएफ का मुख्यालय अमेरिका में है और वह एशिया में सुगमता से विस्तार कर रहा है। वे 10 वर्षों से चीन में मौजूद हैं और हाल ही में मलेशिया तथा इंडोनेशिया में ऑफिस खोल चुके हैं। उनके अनुसार दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यानि भारत उन अत्याधुनिक फाइनेंस प्रोग्राम्स के लिये तैयार है और रुचि रखता है, जिनकी पेशकश एनवायआइएफ द्वारा की जाती है। इस प्रोग्राम का लक्ष्य दुनियाभर में अगली पीढ़ी के स्कॉलर्स तथा लीडर्स को प्रशिक्षित करना है। जी2020 और यंग फाइनेंस स्कॉलर प्रोग्राम्स का लक्ष्य दुनियाभर में उभरते और भविष्य के बदलाव लाने वालों को पोषित करना है, ताकि व्यवसाय, वित्त और स्थायी विकास की चुनौतियों के लिये खोजपरक समाधानों की जरूरतों को पूरा किया जा सके, उनकी पहचान की जा सके और उन पर क्रियांवयन हो सके।

पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा

सोहना। सोहना सीआईए पुलिस पांच ने तीन बदमाशों को मोबाइल फोन लूट व अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। सभी बदमाशों को अदालत ने जेल भेज दिया है। सोहना सीआईए पुलिस पांच प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि हवलदार विनित जांगड़ा ने शुक्रवार सुबह पांच आईटीआई कॉलोनी निवासी इमरान उर्फ भब्बल को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जो हथियार के बल पर सुबह घूमने वाले और तावडू-सोहना मार्ग पर आने-जाने वालों के साथ वारदात करते हुए मोबाइल लूटने की फिराक में था। इमरान उर्फ भब्बल की मदद से एएसआई अली हुसैन ने उसके दूसरे साथी वार्ड-10 जखोपुर निवासी पवन को गिरफ्तार किया।

इमरान उर्फ भब्बल व पवन ने मिलकर दिन के समय 27 जुलाई को सोहना के बालूदा मार्ग पर मोबाइल लूटा था। यह मोबाइल की लूट वार्ड-5 के ही निवासी भूवनेश से लूटा था। बताया कि हवलदार रामप्रकाश ने गुरुवार को पलवल मार्ग के सिलानी चौक पर बिहार मूल के निवासी राजन हाल निवास खांडसा को गिरफ्तार किया है।

हेलीमंडी-जाटोली सहित चार स्कूल 12वीं तक अपग्रेड

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने दी जानकारी

हरियाणा सरकार द्वारा दी गई अपग्रेडेशन की मंजूरी

गुरुग्राम। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हेलीमंडी-जाटोली में 12वीं तक स्कूल अपग्रेडेशन की मंजूरी दे दी गई है। चंडीगढ़ से अपने हल्के में लौटकर उन्होंने कहा कि अब बच्चों को दूर-दराज के क्षेत्रों में 12वीं तक पढ़ने को नहीं जाना पड़ेगा। खंड के गांव ऊंचा माजरा के स्कूल को भी अपग्रेड करने को मंजूरी मिल गई है।

अपग्रेडेशन की सूची में गांव नौरंगपुर और विधायक सत्यप्रकाश जरावता का पैतृक गांव लोकरा भी शामिल है। पटौदी के चार स्कूलों को अपग्रेड किया गया है। इसके लिए विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सीएम मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री

कंवरपाल और तमाम शिक्षा अधिकारियों का पटौदी क्षेत्र की जनता की तरफसे आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि पटौदी क्षेत्र के सबसे बड़े गांव बोहड़ाकला में भी प्रस्तावित एसटीपी को जल्द से जल्द बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी गई है। बोहड़ाकला में एसटीपी बनने के बाद में गंदे पानी की जो भी समस्या है, उसका स्थाई समाधान हो जाएगा और पटौदी क्षेत्र के ग्रामीण इलाके का पर्यावरण भी शुद्ध होगा। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी फोरलेन सड़क मार्ग के अलावा बिलासपुर-हेलीमंडी-पटौदी होते हुए कुलाना तक फोरलेन सड़क मार्ग भी बनाने की योजना पर लगभग लगभग काम पूरा कर लिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

हैंडवाशिंग करने से डायरिया हुआ छूमंतर

सोहना। लॉकडाउन प्रथम की शुरुआत में कोरोना से बचाव के लिए लोगों द्वारा अपनाया गया हैंडवाशिंग बरसात के मौसम में स्वास्थ्य के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हैंडवाशिंग दिनचर्या में शामिल होने से डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी का प्रकोप कम हो गया है। बरसात के मौसम में आमतौर पर डायरिया का प्रकोप लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर देता है। जिसका कारण लोगों द्वारा अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता नियमों को दरकिनार करना है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना से बचाव के लिए दिए नियमों में से सबसे महत्वपूर्ण हैंडवाशिंग रहा। स्वास्थ्य विभाग ने दस से पंद्रह मिनट के अंतराल में हैंडवाश करने का नियम अपनाने का संदेश देशवासियों को दिया। जिसका परिणाम बरसात के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य को जानलेवा बीमारी डायरिया से बचाव कर रहा है। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष डायरिया के रोगियों में भारी कमी आई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक एक दिन में एक या दो ही डायरिया के रोगी आते हैं। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि लोगों द्वारा हैंडवाशिंग अपनाने का फायदा डायरिया बचाव में संजीवनी बना गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों के रिकॉर्ड अनुसार एक दिन में डायरिया के रोगी 15 से 20 तक आते थे, लेकिन इस वर्ष डायरिया के रोगी एक या दो ही एक दिन में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हैंडवाशिंग के नियम से शरीर में अन्य जानलेवा बीमारियां असर नहीं कर रही हैं।

ब्लॉक स्तर पर टॉपटेन विद्यार्थियों का सम्मान

सोहना। हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड की परीक्षाओं में जिला गुरुग्राम का राज्य स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशंसा जताई है। शुक्रवार को सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में खंड स्तर पर कक्षा 10 और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्थान प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि सोहना विधायक संजय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल खटाना आदि स्कूल प्रधानाचार्य मौजूद थे। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने अपने और खंड स्तर पर बोर्ड परीक्षा परिणामों में हुई बढ़ोत्तरी की जानकारी मंच के माध्यम से दी। खंड स्तर पर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले स्कूल के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया। सोहना के राजकीय कन्या व बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी और सुरेन्द्र वर्मा को विशेष सम्मान दिया गया। जिला शिक्षा कैप्टन इंदु बोकन ने जिला के सभी स्कूल प्रभारियों को विशेष बधाई देते हुए और नंबवर माह से बोर्ड परीक्षा परिणामों पर की गई तैयारियों में सहयोग देने वाले सभी नॉडल अधिकारियों का आभार प्रकट किया। सोहना विधायक संजय सिंह ने ब्लॉक और जिले के बोर्ड परीक्षा परिणामों के लिए अधिकारियों के कार्य को सराया। सभी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत आए परीक्षा परिणाम से सबक लेते हुए जीवन में लक्ष्य प्राप्ती की मंजिल को आसान बनाने के लिए प्रेरित किया।

शहीद उधम सिंह का शहीदी दिवस मनाया

गुरुग्राम। शुक्रवार को शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन व ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आयोजन लक्ष्मण विहार स्थित भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा के जिला कार्यालय पर किया गया। सर्वप्रथम सभा में मौजूद ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय प्रभारी तथा एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य बलवान सिंह ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। बलवान सिंह ने कहा कि शहीद उधम सिंह एक स्वयंसेवक के रूप में भाग लेते हुए जलियांवाला बाग नरसंहार के चश्मदीद थे। निहत्थे जनता पर इस नरसंहार के बाद उन्होंने इसका बदला लेने का संकल्प लिया और 13 अप्रैल 1940 को इसके दोषी गवर्नर ओ डायर को सार्वजनिक तौर पर हत्या करके मौत के घाट उतार कर अपना संकल्प पूरा किया। उन्होंने बताया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी समाज की मौलिक समस्याएं जस की तस हैं। शोषण जुल्म से मुक्त समाज का जो स्वपन शहीद उधम सिंह व अन्य क्रांतिकारियों ने लिया था वह आज भी अधूरा है। समाज में भयंकर बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, नीति नैतिकता का पतन, नशाखोरी, अश्लीलता का बोलबाला है। इन सब समस्याओं की जनक पूंजीवादी समाज व्यवस्था इनके लिए जिम्मेदार है। वर्तमान शासक वर्ग इसी संकटग्रस्त पूंजीवादी व्यवस्था को बचाए रखने के लिए जनता पर तरह-तरह के काले कानून थोप रहा है।

बादशाहपुर में होम क्वारंटाइन से कोरोना संक्रमित फरार

गुरुग्राम। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार हुआ है कि कोरोना संक्रमित मरीज होम क्वारंटाइन से फरार हो गया है। पहली बार फर्रूखनगर से दो मरीज फरार हुए थे। अब बादशाहपुर से एक मरीज फरार हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया गया है। सूचना मिली है कि वह यूपी में अपने घर चला गया है। उसकी तलाश करके उसे यूपी में ही होम क्वारंटाइन कराने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यूपी के रायबरेली निवासी युवक दरबारीपुर रोड स्थित इमारत में किराये पर रहता था। बताया जा रहा है कि 17 जुलाई को युवक के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उसे होम क्वारंटाइन कर दिया था। दो दिन बाद विभाग ने जब मरीज को फोन कर जानकारी ली तो कुछ शक हुआ। इसके बाद पुलिस की मदद से मरीज के ठिकाने पर निरीक्षण किया तो कोरोना संक्रमित मरीज मौके पर नहीं मिला। उसे कई बार कॉल की गई, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। मेडिकल अधिकारी डॉ. विभा ने उसके खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। अब मरीज की तलाश करके उसे यूपी में ही क्वारंटाइन करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बीफ के शक में गाड़ी चालक का ट्रंक मार्केट से अपहरण

गुरुग्राम। शनिवार को मनाई जाने वाली बकरीद को लेकर एक पिकअप गाड़ी में मीट लेकर आ रहे व्यक्ति पर 4-5 युवकों ने जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए व चालक को उसी गाड़ी में अपहरण करके ले गए। भोंडसी जेल मोड़ के पास पुलिस को पीछा करते देख हमलावर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार नूंह के घासेड़ा निवासी लुकमान शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे गुरुग्राम मीट मार्केट स्थित ताहिर को मीट सप्लाई करने जा रहा था। रास्ते में उसके पीछे 4-5 बाइक पर सवार युवक पीछा करने लगे। मस्जिद के पास स्थित ट्रंक मार्केट में आरोपियों ने उसकी गाड़ी को घेरते हुए लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने चालक से मारपीट कर उसी गाड़ी में अगवा कर सोहना रोड की तरफले गए। इस दौरान चालक ने रास्ते से अपने भाई को फोन कर दिया। भाई ने पुलिस को सूचना दी जिस पर बादशाहपुर थाना पुलिस सतर्क हो गई। जेल मोड़ के पास पुलिस बैरिकेड देखकर आरोपियों ने उससे पहले गाड़ी रोककर फरार हो गए। गंभीर हालत में चालक को सेक्टर-10ए स्थित नागरिक अस्पताल दाखिल कराया गया जहां से आर्टेमिस अस्पताल रेफर कर दिया। बकरीद की पूर्व संध्या पर दिन-दहाड़े ऐसी वारदात होने पर पुलिस भी सतर्क हो गई। पुलिस ने बीफ के अंदेशे से पिकअप में मिले मीट का नमूना लैब में जांच के लिए भेजा है। बादशाहपुर थाना से सब-इंस्पेक्टर रोहताश पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलवारों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

लापरवाही: गाइडलाइंस को ताक पर रखकर बीके में कोरोना को बढ़ावा

गाइडलाइन की सरेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही

कविता। फरीदाबाद

देश में कोरोना वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अनलॉक-3 की प्रक्रिया भी देश में शुरू हो गई है, जिसके चलते सावधानी रखते हुए मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अधिक आवश्यक हो गया है, लेकिन शहर के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में कोरोना महामारी के तहत जारी की गई इस तरह की गाइडलाइन की सरेआम धज्जियां उड़ते हुए नजर आ रही हैं। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर मरीजों और उनके तिमारदार सरेआम नियमों को ताक पर रख देते हैं। हैरानी की बात को यह है कि अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नहीं दिखी सोशल डिस्टेंसिंग

बादशाह खान सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में मरीजों के ड्रेसिंग रूम के अंदर और बाहर मरीजों में सोशल डिस्टेंस ही नहीं दिखा। वहीं अपातकालीन कक्ष के बाहर मरीजों का जमावड़ा देखा गया। जहां चिकित्सक मरीजों के बीच में ही खड़े होकर उन्हें उपचार के बारे में बताते नजर आए। वहीं अस्पताल के वार्डों के बाहर बने वैटिंग रूम में भी सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ती हुई देखी गई। यहां भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का कोई पालन नहीं किया जा रहा था।

बिना मास्क मरीज भर्ती

अस्पताल के किसी भी वार्ड में बिना मास्क के मरीज को भर्ती देखा जा सकता है। जबकि अस्पताल में बिना मास्क के आने पर पाबंदी है। इस विषय में जब ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से उन्हें कहा तो गया कि बिना मास्क के न आने दें, लेकिन जब वह लोगों को इसके लिए जागरूक करते है, तो वह मास्क लगाकर निकल जाते हैं। वार्डों में बिना मास्क के घुमते रहते हैं। ऐसे में यदि उनके पास कोई चालान बुक हो तो वह बिना मास्क के आने वालों के चालान काट कर अस्पताल में सुधार कर सकते है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मात्र निर्देश तो जारी कर दिए जाते है, लेकिन मरीजों व तीमारदारों से झगड़ा मोल हमें लेना पड़ता है। इसी वजह से नियमों का पालन करवाने में मुश्किल आ रही है।

कोरोना महामारी: एक मौत, 176 पॉजिटिव के साथ आंकड़ा 8655 पर

मृतकों की संख्या का आंकड़ा पहुंच गया 131 पर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना वायरस से पीड़ित के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक मरीज की मौत के साथ जहां एक तरफ मृतकों की संख्या का आंकड़ा 131 पर पहुंच गया। वहीं पिछले 24 घंटे में 176 पॉजिटिव आने से कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 8655 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ अच्छी खबर यह है कि 380 मरीजों ने शुक्रवार को कोरोना को मात देने में कामयाबी हासिल की है। जिससे कोरोना का रिकवरी रेट जिले में शुक्रवार को 84.3 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसके बाद जिले में पॉजिटिविटी रेट 11.5 प्रतिशत रह गया है।

ये हैं मृतक और पॉजिटिव

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक 131 कोरोना पीड़ित मौत हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर मृतक कोरोना के साथ साथ अन्य कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। शहर में पिछले 24 घंटे में कोरोना की चपेट में आकर एक मौत हुई है। 51 वर्षीय मृतक व्यक्ति लकडपुर का रहने वाला था, उसे कोरोना के साथ अन्य कई बीमारियां भी थी। उसका अस्पताल में इलाज भी चल रहा था। वहीं 176 पॉजिटिव में ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कालोनी, एसी नगर, खेड़ी कलां, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, आदर्श नगर, सेक्टर-16, सेक्टर-23, सेक्टर-19, सेक्टर-तीन, सेक्टर-15, महावीर कालोनी, पन्हैड़ा खुर्द के मरीज शामिल है। वहीं कोरोना को मात देने वाले 380 मरीज भी शहर के विभिन्न इलाकों के निवासी हैं।

यह है आंकड़ा

अब तक जांच	75055
पॉजिटिव पाए गए	8655
नेगेटिव पाए गए	65880
रिपोर्ट आनी बॉकी	520
वैंटिलेटर पर	07
क्रिटिकल हालत में	48
अब तक मौत	131

संक्षिप्त समाचार

चीफ ड्राफ्टमैन सतपाल नरवत हुए सेवानिवृत

फरीदाबाद। रिटायर्ड हुए चीफ ड्राफ्टमैन सतपाल नरवत ने कहा कि उन्होंने 24 मई 1983 को जूनियर ड्राफ्टमैन के पद पर नौकरी ज्वाइन की थी। अब वह 37 साल और ढाई महीने नौकरी करने के बाद चीफ ड्राफ्टमैन के पद से रिटायर हो रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा की इस विभाग में नौकरी के साथ-साथ पब्लिक डीलिंग का काम होता है। जिससे काम के साथ-साथ लोगों की सेवा भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में अब कर्मचारी कम होने के चलते काम का बोझ ज्यादा बढ़ गया है। सतपाल नरवत ने कहा की वह चाहते हैं कि युवाओं को ऐसी नौकरी मिलनी चाहिए जिसमे काम करने के साथ साथ लोगों की सेवा भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि अब वह किसी संस्था के साथ मिलकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। कर्मचारी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लाम्बा और बिजली विभाग में तैनात फोरमेन ने कहा कि एक 37 साल की लंबी सेवा करने के बाद इनके बीच से एक साथ रिटायर हो रहे है इस दौरान इन्होंने बिजली कर्मचारियों के साथ साथ किसानों के हक की लड़ाई भी लड़ी। जिनकी विदाई के समय उन्हें काफी खुशी हो रही है । इस अवसर पर सर्व कर्मचारी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लाम्बा, लग्जा राम, अशोक कुमार, लेखराज चौधरी सहित अन्य बिजली अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

त्रिखा ने किया शमशान घाट के नवीनीकरण का शुभारंभ

फरीदाबाद। बडखल विधायिका सीमा त्रिखा ने भांकडी गांव के शमशान घाट में 26 लाख रुपये से होने वाले नवीनीकरण के कार्य का शुभारंरभ गांव के मौअजिज लोगों के हाथों ईंट रखवाकर किया। इससे पूर्व गांव आने पर विधायक सीमा त्रिखा का भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, जगत सिंह, धीरज सरपंच, महेन्द्र नंबरदार, रतन नंबरदार, चौ.करतार सिंह, अन्जू भड़ाना, सुनील भड़ाना (टैम्पू) विक्रम, कन्नी हवलदार, प्रकाश वाल्मीकि, राजेन्द्र फागना, दिलीप सिंह, शिवदत्त सिद्वराज, चन्दन, रामजीलाल, पप्पू व अन्य गणमान्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं दूसरी तरफ इस मौके पर सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ते नजर आई। इस मौके पर त्रिखा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल विकास पुरूष है जो सबका साथ सबका विकास नारे के साथ काम कर रहे है जिनकी जितनी भी प्रंशसा करें वो कम है इसी प्रकार फरीदाबाद क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर भी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रहे है जिसके लिए पूरा का पूरा फरीदाबाद उनका गुणगान कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज बडखल विधानसभा का लगभग सभी क्षेत्र चमक रहा है। वहां चौड़ी और सुन्दर सड़के बनाई गई है,दूधिया रोशनी वाली एलईडी लाईटें लगाई गई है,पार्को को संवारकर वहां जिम झूले इत्यादि लगाए गए है ताकि वहां आसपास के लोग आकर शरीर को स्वस्थ रख सकें।

त्योहार के दृष्टिगत जिला में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल। ईद-उल-जुहा तथा रक्षाबंधन त्योहार के दृष्टिगत 31 जुलाई से 03 अगस्त 2020 तक पलवल जिला क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखे जाने की दिशा में जिलाधीश नरेश नरवाल ने जिला क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार पुलिस स्टेशन सिटी पलवल क्षेत्र के लिए आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य भगत सिंह, पुलिस स्टेशन सदर पलवल क्षेत्र के लिए पलवल के नायब तहसीलदार अशोक कुमार, पुलिस स्टेशन कैम्प पलवल क्षेत्र के लिए नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सतपाल, पुलिस स्टेशन गदपुरी क्षेत्र के लिए हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता संजय, पुलिस स्टेशन मुडकटी क्षेत्र के लिए कृषि उपनिदेशक डा. महावीर सिंह, पुलिस स्टेशन होडल गामीण क्षेत्र के लिए सिंचाई विभाग होडल के उपमंडल अधिकारी ब्रह्मपाल, पुलिस स्टेशन होडल शहरी क्षेत्र के लिए नगर परिषद होडल के पालिका अभियंता ओमदत्त, पुलिस स्टेशन हसनपुर क्षेत्र के लिए हसनपुर के नायब तहसीलदार मोहम्मद इब्राहिम को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

टूटी सड़क बनवाने को महिलाओं ने किया प्रदर्शन

फरीदाबाद। ग्रीनफील्ड कॉलोनी में टूटी सड़क न बनाए जाने से नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को अर्बन इप्रूमेंट कंपनी के खिलाफ नारेबाजी शुरू करते हुए प्रदर्शन कर दिया। प्रदर्शनकारी सुषमा कुल्लर, आरती नोटियाल, ज्योति, प्रेम शर्मा, विजेन्द्र व यशवीर का कहना था कि कंपनी पिछले एक साल से यहां रह रहे लोगों से उनके शेयर के रूप में राशि ले चुकी है। इसके बावजूद भी कंपनी ने रोड नंबर-4, 5, 36, 53, 100, 129, 130 और 176 पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं करवाया है। कई सालों से सड़के जर्जर हैं। कंपनी के अधिकारियों को कई बार बोला गया। लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां आए दिन महिलाएं परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार लोग वाहन दुर्घटनाओं के शिकार भी हो चुके हैं, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। ग्रीनफील्ड कॉलोनी आरडब्ल्यूए प्रधान वीरेंद्र सिंह भड़ाना, सीमा नंदकिशोर व गोपाल का कहना है कि यदि कंपनी ने यहां सड़कें नहीं बनाई तो महिलाएं उग्र आंदोलन करेंगी। वहीं, कंपनी के अधिकारी बक्शी सिंह का कहना है कि वह कॉलोनी की सड़कों को बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। जल्द कॉलोनी की सड़क बनाई जाएगी।

संस्थापक के निधन पर शोक

फरीदाबाद। कुमाऊं भ्रात मंडल पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद के संस्थापक सदस्य और पूर्व अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक सिंह रावत का शुक्रवार को निधन हो गया। इनकी जनता कॉलोनी स्थित श्मशान घाट में अंत्येष्टि कर दी गई। ये मूल रूप से गांव सदे तहसील रानीखेत जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड के रहने वाले थे। जिले में उनकी एस्कॉर्ट कंपनी के तीसरे प्लांट में 1965 में नौकरी लग गई थी। इन्होंने इस कंपनी में 38 वर्ष तक सेवा की। इसके बाद 2003 में रिटायरमेंट हो गई। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सामाजिक कार्यों में भाग लेना शुरू कर दिया। पर्वतीय कॉलोनी के विकास में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे हमेशा इस कॉलोनी में पीने के पानी की दिक्कत, सीवर लाइन, सड़कों के निर्माण कार्यों के साथ साथ जलभराव की समस्या को लेकर काफी चिंतित रहते थे। इसलिए उन्होंने इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की और निगम प्रशासन के खिलाफ अनेकों बार धरने प्रदर्शनों में भी भाग लिया। सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने इनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। निवासी चंदन सिंह अधिकारी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, भोपाल सिंह रावत एवं कुंदन सिंह ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

आईपीएस दम्पति ने किया ऋषिराज को सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्वास्थ्य विभाग में सराहनीय कार्य करने वाले एसएसआई एसएलटी ऋषिराज गौतम को आईपीएस अर्पित जैन दम्पति ने उपहार देकर सम्मानित किया है। कोरोना महामारी के दौरान लगातार अपनी सेवाएं देकर उन्होंने कोरोना ग्रस्त मरीजों व उनके परिजनों की लगातार मदद की है। इसलिए उन्हें बृहस्पतिवार की देर शाम आईपीएस डॉ. अर्पित जैन और उनकी आईपीएस पत्नी अंशु जैन ने उपहार देकर सम्मानित किया। ऋषिराज गौतम कोरोना के डर को लोगों के मन से निकालने के लिए हेल्पलाइन नम्बर पर काम कर रहे है।

ऋषिराज गौतम का आठ जनवरी को पंचकुला से फरीदाबाद ट्रांसफर किया गया था। कोविड-19 में हेल्पलाइन नम्बर पर सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर ऋषिराज गौतम को तैनात कर दिया गया। जहां वह तभी से लगातार कोरोना हेल्पलाइन पर 24 घंटे सुविधा दे रहे थे। हेल्पलाइन पर रोजाना 200 से 300 कॉल सुनते रहे है। कई बार तो यह आंकड़ा 500 तक पहुंच जाता था। जिसमें वह फोन करने वाले लोगों के कोरोना के प्रति डर को समाप्त कर रहे हैं।

लोगों को उपलब्ध करा रहे खाद्य सामग्री

फरीदाबाद। सामाजिक संस्था रॉबिन हुड आर्मी के द्वारा भूखे और जरूरतमन्द लोगों के लिए सबसे बड़ा खाद्य राहत का कार्य एक साथ दस देशों मे 1 जुलाई से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। जिले में इस संस्था का साथ दे रहे हैं मिशन जागृति के स्वयं सेवक, मिशन जागृति की वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आरजे रूपा और जिले के उपाध्यक्ष और इस मुहिम के संयोजक राजेंद्र नागर ने बताया कि मिशन जागृति के सभी साथी रॉबिन हुड आर्मी के इस मुहिम मे तन, मन, धन से लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थाओं के साथ काम करने से बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है। नागर ने कहा कि भूखे को भोजन करवाना ही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने ने बताया कि दोनों संस्थाएं मिलकर जिले के हर एक क्षेत्र मे जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध करवा रही हैं।

दोबारा सर्वे के लिए सरकार का आभार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले को गुरुग्राम से जोड़ने वाली मेट्रो रेल रूट का सर्वे एक बार फिर होगा। यह विशेषकर एनआईटी फरीदाबाद-86 विधानसभा, बल्लबगढ़-88 विधानसभा, बड़खल विधानसभा-87 के लोगों के लिए रक्षा बंधन के मौके पर हरियाणा सरकार का एक नया तोहफा है। यह बात जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने कही। जजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने इस तोहफे के लिए हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक का भी धन्यवाद किया है। गौरतलब है कि जजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह धनखड़ ने भी हरियाणा सरकार के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक को ईमेल के द्वारा एक पत्र लिखा था। जिसमें तीसरे रुट से मेट्रो रेल की डीपीआर से हरियाणा सरकार व फरीदाबाद के लोगों को होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया था। धनखड़ ने हरियाणा सरकार से अनुरोध किया कि फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो रेल का नया रूट बाटा चौक से प्याली चौक, प्याली चौक से नेहरू एनक्लेव कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी तथा बड़खल एनक्लेव होते हुए सीधा गुरुग्राम तक बनाया जाना चाहिए। जिससे प्रोजेक्ट की लागत भी 1000 करोड़ रुपये कम आएगी। यह रुट एन. आई. टी. विधानसभा-86, बल्लभगढ़ विधानसभा-88 का उत्तरी भाग, बड़खल विधानसभा-87 में रहने वाले सभी लोगों के लिए फायदेमन्द है, जो कॉलोनियों, स्लम बस्तियों, हुड्डा सेक्टरों तथा गांवों में बसा हुआ क्षेत्र है तथा इस रूट से एनआईटी विधानसभा-86, बल्लबगढ़ विधसनसभा-88 व बड़खल विधानसभा-87 में पड़ने वाले सभी गांव के लोगों को भी फायदा होगा। इसी क्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर लोग ही गुरुग्राम, मानेसर में स्थापित कारखानों व कार्यालयों में कार्य करते हैं तथा हर रोज सफर करते हैं अब उन सभी हजारों लोगों का सफर आसान व सुरक्षित होगा। हर व्यक्ति को हर महीने हजारों रुपये की बचत भी होगी व फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड़ पर जाम से भी छुटकारा मिलेगा। मेट्रो रेल को भी इस रुट से ज्यादा आय होगी।

ईद-उल-अजहा पर बाजारों में नहीं है रौनक

मस्जिदों में नहीं होने दी जाएगी भीड़, सिर्फ इमाम ही नमाज करेंगे अदा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ईद उल अजहा पर इस बार कोरोना का कहर बरस गया है। इस बार जहां एक तरफ बकरों की डिमांड कम हो गई है। वहीं दूसरी तरफ बाजारों से ईद की खरीदारी की रौनक भी देर शाम तक नहीं देखी गई। शहर के दो तीन स्थानों पर बकरों का बाजार लगा, लेकिन बकरों के साथ खरीदारों की भी संख्या बहुत कम दिखाई दी। इस बार एक अगस्त को घरों में ही ईद उल अजहा त्योहार मनाया जाएगा। वहीं मस्जिदों की तरफ से सोशल मीडिया-वॉट्सऐप व फेसबुक के जरिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष पालन करें। घरों में ही ईद मनाएं जाने का संदेश दिया जा रहा है। मस्जिदों में सिर्फ इमाम और स्टाफ द्वारा नमाज अदा की जाएगी।

बाजारों में जहां प्रतिवर्ष ईद की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती थी। जिसमें लोगों नए कपड़े-जूते व अन्य सामान की खरीदारी करते नजर आते थे।

लेकिन इस बार ओल्ड फरीदाबाद, एनएच एक, एसजीएम नगर, सराय ख्वाजा, डबुआ कॉलोनी व बल्लभगढ़ की बाजारों में खरीदार नाममात्र के लिए ही नजर आए। कुछ मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाए जाने का है।

अभिशाप से शिक्षा को मुक्त करवाएगी एनईपी 2020: मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र नेता आदित्य मौर्य ने भारत सरकार द्वारा जारी नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की। उन्होंने नई शिक्षा नीति की जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा में समय की लागत और बस्ते का वजन दोनों कम होंगे। नई शिक्षा नीति में कॉलेज की डिग्री तीन और चार साल की होगी, यानि कि ग्रेजुएशन के पहले साल पर सर्टिफिकेट, दूसरे साल पर डिप्लोमा, तीसरे साल में डिग्री मिलेगी और हायर एजुकेशन करने वाले छात्रों को चार साल की डिग्री करनी होगी, चार साल की डिग्री करने वाले स्टूडेंट्स एक साल में एमए भी कर सकेंगे और एमए के बाद सीधे पीएचडी कर सकेंगे। साथ ही बिना समय खराब किए निश्चित अंतराल अवधि में दूसरा कोर्स भी छात्र कर पाएंगे।

आदित्य मौर्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति तैयार करने के लिए लगभग ढाई लाख ग्राम पंचायतों की सलाह शामिल की गई है, जिससे स्थानिय क्षेत्रों का महत्व बढ़ा है। आदित्य मौर्य ने बताया कि नए सुधारों में टेक्नॉलॉजी और ऑनलाइन एजूकेशन पर जोर दिया गया है, उच्चतम शिक्षा विभाग में भी कई सुधार किए गए हैं।

पुरानी रंजिश में युवक को गोली मारी

फरीदाबाद। पुरानी रंजिश को लेकर तिगांव निवासी एक युवक पर उसकी हत्या करने के इरादे से बाइक सवार युवकों ने गोली चला दी। पैर गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक तिगांव पवन ने अपनी शिकायत में कहा है कि बृहस्पतिवार को शाम के करीब पौने सात बजे वह अपने घर के मेन गेट के बाहर खडा हुआ था। उसी समय एक मोटरसाईकिल बूलेट, रंग लाल मकान के नजदीक आकर रुकी। मोटरसाईकिल पर कपिल निवासी गांव शहाबाद व उसके अन्य दो साथी बैठे हुए थे। गाड़ी मे से तीन व्यक्ति नीचे उतरे। जिनमें दीपक व हरेन्द्र निवासी शहाबाद व उसका एक अन्य साथी था। हरेन्द्र ने अपने हाथ मे ली हुई पिस्टल से दो तीन हवाई फायर किये ओर एक रौंद मेरी तरफ चलाया। हरेन्द्र द्वारा चलाई गई गोली मुझे नही लगी।

शिक्षा को बढ़ावा देने को खुलेंगे मॉडल संस्कृति स्कूल : रावत

लायंस क्लब के कार्यक्रम में विधायक ने रोपे पौधे, लोगों को भी किया जागरुक

विधायक नयनपाल रावत सहित क्लब के सदस्यों ने लगभग 265 पौधे रोपे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। प्रदेश में मॉडल संस्कृति स्कूल खोले जाएंगे। जिसमें बच्चों बेहतर शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी जाएगी। नयनपाल रावत शुक्रवार को पृथला क्षेत्र के गांव देवली में लायंस क्लब द्वारा आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत पौधा रोपण के साथ की गई। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत सहित क्लब के सदस्यों ने लगभग 265 पौधे रोपे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल यशस्वी और तपस्वी हैं वह लगातार जनता के लिए भलाई कार्य करने में जुटे हुए हैं और अब शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। जिससे कि हरियाणा के सरकारी वह मॉडल संस्कृति स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी से पीछे ना रहे, इसको लेकर आगामी 5 अगस्त को 90 विधायकों की मीटिंग भी आयोजित की जा रही है। जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में कोरोना महामारी का दौर चल रहा है, ऐसे में हम सभी को चाहिए कि साफ-सफाई के प्रति विशेष ध्यान दिया जाए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और हर पौधे की पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे, ताकि आने वाले समय में बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाया जा सके। इस मौके पर लायंस क्लब की गवर्नर नरगिस गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 265 विभिन्न किस्मों के पौधे लगाएं गए और इन पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल की जाएगी। उन्होंने बताया कि लांयस क्लब समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है। इस मौके पर लायन अशोक शर्मा, लायन अनिल अरोड़ा, जीबी खुराना, नरेंद्र सिंह आहुजा सहित क्लब के अनेकों सदस्यगण मौजूद थे।

नई शिक्षा नीति

व्यवस्था में व्यापक बदलाव

महामारी के बीच में संसद में समुचित बहस तथा विपक्ष शासित राज्यों के साथ विचार-विमर्श के बिना स्वीकृत की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी, 2020 पर विवाद होना स्वाभाविक है। सरसरी तौर से देखने पर यह भारत में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव कर उसे समकालीन बनाने, समावेशी बनाने तथा बजटीय आबंटन 6 प्रतिशत करने को लक्षित है। इस प्रकार यह भारत को ज्ञान का केन्द्र बनाना चाहती है। लेकिन क्रियान्वयन के रोडमैप तथा नियंत्रण व्यवस्थाओं को देखते हुए यह शक्तियों के केन्द्रीकरण की ओर लक्षित दिखती है। इसकी अनेक संस्तुतियां अतीत की अनेक समितियों के समान हैं। भाजपा दावा कर सकती है कि उसने यह कदम अपने चुनाव घोषणापत्र का एक और वादा पूरा करने के लिए उठाया है, पर जमीनी स्तर पर अनेक विसंगतियां बनी हुई हैं या क्षमताओं की कमी है। इनको ठीक करना राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर होगा। इसमें स्कूली वर्षों को वर्तमान 6-14 के बजाय 3-18 किया गया है। इससे 3-6 वर्ष के बच्चे स्कूल पाठ्यक्रम के दायरे में आ जाएंगे जिनकी अब तक अनदेखी होती थी, जबकि ये वैश्विक रूप से मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण आयु मानी जाती है। स्कूल-पूर्व व्यवस्था में आंगनबाड़ियों को शामिल किया गया है। नीति में 2030 तक सेकेंड्री स्कूलों में शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कर शिक्षा को समग्र बनाने का प्रयास है। 10 प्लस 2 बोर्ड परीक्षाओं का महत्व घटा कर यह बच्चों पर दबाव कम कर शिक्षण माध्यम के रूप में मातृभाषाओं को बढ़ावा देना चाहती है। इसने कला और विज्ञान धाराओं का कठोर विभाजन भी तोड़ कर छात्रों को उनकी पसंद के विषय लेने का रास्ता खोला है। उच्च शिक्षा के स्तर पर नीति ने चार-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, विषय

चयन में लचीलेपन तथा छात्रों को डिजी-लाकर के माध्यम से क्रेडिट एकत्र कर बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वालों को पुन: अवसर देने का निर्णय भी किया है। यह फार्मेट अनेक विदेशी विश्वविद्यालयों तथा खासकर अमेरिकी माडल पर आधारित है। राष्ट्रीय प्रवेश एजेंसी-एनटीए द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का प्राविधान करने के साथ ही एक राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन बनाने का लक्ष्य है जो शोध एवं विकास को प्राथमिकता देगा तथा इस क्षेत्र के लिए आबंटन बढ़ाएगा।

लेकिन इस नीति पर अनेक सवाल हैं। शिक्षा व्यवस्था को अनौपचारिक बनाया जा रहा है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता तथा सरकारी स्कूलों तक समान पहुंच में बाधा आ सकती है। नीति के लिए शिक्षकों का पुन: प्रशिक्षण आवश्यक होगा। छात्रों द्वारा एक-दूसरे के आंकलन या आंकलन की फीडबैक व्यवस्था से व्यक्तिगत प्रतिभाओं को न्याय मिलना जरूरी नहीं है। एनईपी हर जिले में 2030 तक कम से कम एक बड़ा बहु-विषयी संस्थान बनाना चाहती है जो कुशल शिक्षकों को आकर्षित कर स्थानीय मांग तथा छात्रों की गुणवत्ता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। इससे स्थानीय स्तर तक स्कूली शिक्षा गतिशील होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी के स्थान पर एक नया नियामक बोड गठित करने का प्राविधान है जो शिक्षा में गुणवत्ता प्रोत्साहन सुनिश्चित करेगा, लेकिन इससे प्रमुख विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता में कमी आएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक असोसियेशन-डूटा ने एनईपी का विरोध करते हुए कहा है कि इससे विश्वविद्यालय 'शक्तिहीन' होंगे तथा उनकी शक्ति बोर्ड आफगवर्नर्स के पास चली जाएगी जिसका गठन मंत्रालय करेगा। हालांकि, वर्तमान समय में यूजीसी के कारण अनेक समस्यायें हैं। उपकुलपतियों को अनेक अनुमतियों के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रदर्शन आधारित फंडिग व्यवस्था पर कभी विचार नहीं किया गया जो प्रतियोगी स्कालरशिप को प्रोत्साहित करती। हालांकि, अब ऐसा करने का प्रयास किया जाएगा। विशिष्ट संस्थानों को स्वायत्त बनाने की आवश्यकता है। लेकिन इसके साथ ही केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के खाली पद भरना जरूरी है क्योंकि कुछ जगह आधे पद खाली हैं। मंत्रालय का नाम बदल कर शिक्षा मंत्रालय करने तथा 'वैज्ञानिक व सटीक' स्वदेशी तत्वों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन के प्रयास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति सरसरी तौर से देखने में आकर्षक लगती है लेकिन इसमें किए वादे पूरे करने के लिए नौकरशाहों के बजाय शिक्षा को समझने वाले पेशेवरों की समिति होनी चाहिए।

सी बी शर्मा
लेखक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

कुल मिला कर कहें तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी, 2020 एक अच्छा नीतिगत दस्तावेज है। इसमें ऐसे अनेक परिवर्तनों का वादा किया गया है जो शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव का कारण बनेंगे। इसमें समाज के सभी अंगों पर ध्यान दिया गया है जिनको अब तक अनदेखा किया गया था। आने वाले समय में सीखने वालों के ऐसे समूहों को मुख्यधारा में लाया जाएगा और वे नई शिक्षा व्यवस्था का लाभ उठाएंगे। मेरे विचार से एनईपी के कुछ परिवर्तनकारी प्राविधान इस प्रकार हैं।

वर्तमान समय में प्राथमिक स्कूलों में प्रवेश की आयु 6 साल है। इस समय तक बच्चे सीखने के लगभग 1,000 दिनों से वंचित हो जाते हैं। बच्चे के विकास के लिए शुरुआती साल महत्वपूर्ण हैं और इस चरण को बेकार जाने देना उनके लिए बहुत हानिकारक है। स्कूली पढ़ाई छोड़ने वाले अधिकांश बच्चों के माता-पिता निरक्षर थे और वे 6 साल की आयु में स्कूल में भर्ती हुए थे। सरकार ने बचपन की शुरुआती देखभाल को सार्वजनिक बनाने-ईसीसीई को एनईपी में स्थान दिया है। इससे खासकर गरीब समुदाय से आने वाले बच्चों को लाभ होगा।

सभी बच्चों को वर्तमान समय में गलत तरीके से 'स्कूली बच्चों' की श्रेणी में रखा जाता है। बच्चे बड़े होने के साथ-साथ बदलते भी हैं और उनका मनोवैज्ञानिक ढांचा भी बदलता है। नई एनईपी में तीन से आठ साल के बच्चों को एक समूह में रखने का निर्णय किया गया है। बच्चों के इस समूह को ऐसा स्कूली पाठ्यक्रम दिया जाएगा जिसे वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। उम्मीद की जाती है कि इसके लिए शिक्षक भी जल्दी उपलब्ध कराए जाएंगे। बच्चों का अगला समूह 8-11 वर्ष वाले बच्चों का है जो कक्षा 3 से कक्षा 5 में पढ़ते हैं। इसके बाद वाले समूह में छठे से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 11-14 वर्ष के बच्चे शामिल हैं। 14 वर्ष की आयु के बाद बच्चे सेकेंड्री कक्षाओं में पहुंच जाते हैं और इस समूह के बच्चों के लिए शिक्षकों की क्षमतायें अलग होनी चाहिए। स्कूली शिक्षा का नया पैटर्न 5534 है जो बच्चों के लिए प्रासांगिक होगा तथा वे हर चरण पर सीखने का आनन्द लेंगे। लेकिन हर स्तर के लिए शिक्षकों की तैयारी तथा उनको उपयुक्त भुगतान देना होगा। निचले स्तर पर भी शिक्षकों को समान वेतन देने की आवश्यकता है ताकि इस स्तर पर पढ़ाने वाले शिक्षक कम योग्य न हों। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद-एनसीटीई के खराब प्रदर्शन को देखते हुए शिक्षकों की तैयारी एक चुनौती होगी। कम से कम पांचवी कक्षा तक मातृभाषा में शिक्षा एक स्वागत योग्य व उल्लेखनीय कदम है। अधिकांश बच्चे इसलिए स्कूल छोड़ते हैं क्योंकि उनकी पढ़ाई उस क्षेत्र में प्रभुत्वशाली भाषा में होती है। बिहार का उदाहरण लें जहां अधिकांश बच्चों को हिंदी में शिक्षा दी जाती है, जबकि वे मगही, मैथिली व भोजपुरी बोलते हैं।

सरकारों को शुरुआती वर्षों में शिक्षा देने का लक्ष्य बनाना चाहिए ताकि बच्चों को घर व विद्यालय के परिवेश में ज्यादा अंतर न महसूस होने पाए और उनका वहां बना रहना आसान हो। इससे गरीब बच्चों को सीधे लाभ होगा। कोठारी आयोग ने 1964 में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पहली भाषा मातृभाषा या स्थानीय भाषा होनी चाहिए। लेकिन बाद की सरकारों ने स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूला लागू करने पर

> **विश्वास से कहा जा सकता है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति सचमुच एक अंत्योदय स्कूल नीति है। इसमें हर बच्चे व बच्ची पर ध्यान दिया गया है तथा यह अनेक आधार पर उपयोगी है। इसमें शिक्षा के सर्वव्यापीकरण तथा क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन या नया सर्कुलर शामिल हैं। इन सारे कदमों से शिक्षा व्यवस्था के प्रशासन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।**

जोर नहीं दिया। पाठ्यक्रमों को भौतिकी, रसायन, गणित या जीवविज्ञान के साथ सेकेंड्री स्तर पर बांधने की व्यवस्था समाप्त की जाएगी। अब बच्चे अपनी पसंद से विषयों का चयन कर सकेंगे। यह बड़ी संख्या में बच्चों द्वारा बीच में ही पढ़ाई छोड़ने से मुक्ति पाने में सहायक होगा क्योंकि वे गणित पाठ्यक्रम पसंद नहीं कर रहे थे। अब विज्ञान, कला और वाणिज्य शाखाओं की कठोर सीमाएं गायब हो जाएंगी। बच्चे अपनी पसंद से व्यावसायिक विषयों समेत कोई विषय ले सकेंगे। इससे उन बच्चों को आसानी होगी जो स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद व्यावसायिक क्षेत्र में जाना चाहते हैं। वर्तमान समय में पाठ्यक्रम व पाठ्येत्तर क्षेत्रों को एकसाथ नहीं जोड़ा गया है। भविष्य में ऐसा संभव होगा। इससे ड्रापआउट दर घटाने के साथ ही स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

स्कूली शिक्षा में शुरुआती आंकलन एक बड़ी बाधा है। इससे बच्चों पर रट कर सीखने का दबाव बढ़ता है। नई एनईपी में आंकलन की गलत व्यवस्था पर ध्यान देते हुए छात्रों के समक्ष अनेक विकल्प रखे हैं जिससे वे ग्रेड एकत्र करते हुए उनके आधार पर प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा लगता है कि अंतिम आंकलन वास्तविक क्षमता का निर्धारण करेगा जो बच्चों ने बिना किसी दबाव या परीक्षाओं में असफल होने के भय से प्राप्त की है। अब तक आंकलन के बारे में बहुत भ्रम रहा है। अब साथियों द्वारा हर बच्चे का आंकलन किया जाएगा। वर्तमान व्यवस्था के उलट शिक्षकों का आंकलन भी अलग होगा जहां शिक्षक केवल बच्चों का आंकलन करते हैं और बच्चे को यह पता नहीं होता कि उसका आकलन किस आधार पर किया गया है। बच्चे तथा उनके माता-पिता आंकलन की नई व्यवस्था पर विश्वास करेंगे।

गरीब तथा दिव्यांग बच्चों पर एनईपी में लगातार विशेष ध्यान दिया गया है। पहली बार इनके लिए अलग किस्म की स्कूली व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित किया गया है जिससे उनको अपनी क्षमताओं का विकास कर पहचान बनाने में सहायता मिलेगी। ऐसा ही एक बड़ा कदम भारी संख्या में ऐसी लड़कियों के प्रति लक्षित है जिनको समाज में परंपरागत रूप से हाशियाकृत किया गया है। एनईपी 2020 में 'जेंडर समावेशी फंड' की व्यवस्था की गई है ताकि हाशियाकृत लड़कियों को सहायता दी जा सके। इस नीति में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों-केजीबीवी को कक्षा 12 तक उच्चीकृत करने की व्यवस्था है। केजीबीवी गरीब पृष्ठभूमि की प्रतिभाशाली व उदीयमान लड़कियों के लिए पूर्णत: आवासीय स्कूल हैं। इस योजना से उनके जीवन में व्यापक बदलाव आया है। इस नई पहल से लड़कियां सीधे इंटर कालेज तक पहुंच कर उच्च शिक्षा योजनाओं का लाभ उठा सकेंगी जिनका वर्तमान समय में उपयोग नहीं हो पाता है क्योंकि केजीबीवी से बाहर निकलने के बाद उनकी शिक्षा छूट जाती है।

इस प्रकार एनईपी 2020 सचमुच एक अंत्योदय स्कूल नीति है। इसमें हर बच्चे व बच्ची पर ध्यान दिया गया है, उसकी पृष्ठभूमि चाहे जो हो। लेकिन एनईपी 2020 में किए गए सारे वादे पूरे करने के लिए हमें ऐसे पेशेवर लोगों की आवश्यकता है जो स्कूली शिक्षा को समझते हों। वर्तमान समय में स्कूली शिक्षा का प्रबंधन सरकारी अधिकारियों तथा केन्द्र या राज्य सरकारों के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है। अधिकारियों का बार-बार स्थानान्तरण होता रहता है। स्कूल शिक्षक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरह एक राष्ट्रीय संस्था की मांग करते रहे हैं जिसका वादा अब भारत के उच्च शिक्षा आयोग-एचईसीआई के रूप में पूरा किया गया है। लेकिन इस बार भी स्कूली शिक्षकों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया है।

विश्वास से कहा जा सकता है कि नई एनईपी अनेक आधार पर उपयोगी है। इसमें शिक्षा के सर्वव्यापीकरण तथा क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन या नया सर्कुलर शामिल हैं। इन सारे कदमों से शिक्षा व्यवस्था के प्रशासन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

उन्नत प्रौद्योगिकी की परिचायक एज कम्प्यूटिंग

> **वास्तविक समय में आंकड़ों से अंतरदृष्टि प्राप्त करने की क्षमता के चलते एज कम्प्यूटिंग दुनियाभर में बिजनेसों के लिए परिवर्तकारी सिद्ध होगी।**

आलोक ओहरी
(लेखक डेल टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं)

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एज कम्प्यूटिंग अगली बड़ी चीज के रूप में तेजी से उभर रही है। मोबाइल उपकरणों एवं सेल टावरों से रेफ्रीजरेटरों एवं औद्योगिक नियंत्रण प्रणालियों तक, इन मंचों द्वारा सृजित किए जा रहे आंकड़ों का प्रचुर बिजनेस मूल्य है। हालांकि, जो अभी कम स्पष्ट है वो यह है कि उसकी क्षमता का बेहतर इस्तेमाल कैसे किया जाए। अपने मूलभूत स्तर पर, एज कम्प्यूटिंग सैकड़ों किलोमीटर दूर संभावित केंद्रीय अवस्थिति पर भरोसा किए बगैर कम्प्यूटेशन एवं आंकड़ा भंडारण को उन उपकरणों के निकट ला देती है जहां उसे संग्रहीत किया जा रहा हो।

ऐसा किया जाता है जिससे कि आंकड़े, खासकर समयोचित आंकड़े, गुप्तता के मुद्दों में न उलझ जाएं जो किसी अनुप्रयोग के निष्पादन को प्रभावित कर सकता है। इसके साथ-साथ, कम्पनियां स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण करा के, किसी केंद्रीय अथवा क्लाउड आधारित अवस्थिति में प्रसंस्कृत किए जाने योग्य आंकड़ों की मात्रा को घटाकर पैसे की बचत कर सकती हैं।

एज कम्प्यूटिंग का विकास इंटानेट आफ थिंग्स (आईओटी) उपकरणों की चरघातांकीय वृद्धि के कारण हुआ था, जो या तो क्लाउड से सूचना ग्रहण करने अथवा आंकड़ों को वापस क्लाउड को मुहैया कराने के लिए इंटरनेट से जोड़ी जाती है। और बहुत से आईओटी उपकरण अपने परिचालनों के दौरान प्रचुर मात्रा में आंकड़े सृजित करते हैं।

हालांकि, किसी एक या दूसरे रूप में, एज कम्प्यूटिंग कई दशकों से रही है। उदाहरण के लिए औद्योगिक नियंत्रण प्रणालियां एज कम्प्यूटिंग का प्रारम्भिक रूप हैं जो विनिर्माण तलों पर भरी रहती हैं। दूरसंचार संजालों ने 1990 के दशक से ही सामग्री डिलीवरी संजालों को तैनात किया है। अब जो बदल रहा है वह है अनुप्रयोगों का प्रकार जिसमें कम गुप्तता एवं आंकड़ों के गहन स्तर की आवश्यकता होती है, जिसे लिए कम्प्यूटिंग शक्ति की मात्रा जिसे एज पर लगाया जा सके तथा रॉ नेटवर्क बैंडचौड़ाई की आवश्यकता होती है जिन्हें उपलब्ध कराया जा रहा है। क्योंकि इन वेक्टरों का बढ़ना जारी है, ऐसे में संजाल के एज पर नवाचारपूर्ण अनुप्रयोगों के व्यापक संकुल की आवश्यकताओं को संतुष्ट करना और अधिक सहज हो जाता है जो बड़ी मात्रा में नवीनतापूर्ण बिजनेस परिणाम देने में सक्षम होता है।

एज कम्प्यूटिंग स्वचालितता की प्रेरक है। एज कम्प्यूटिंग मंचों में प्रत्येक कल्पनीय बिजनेस प्रक्रिया को स्वचालित रूप देने की क्षमता होती है, जिसके लिए वह नेटवर्क की एज पर लगाई गई मशीन एवं गहन एलागेरिथम्स का इस्तेमाल करती है। फॉरेस्टर रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल एज कम्प्यूटिंग बाजार का आकार 2019 में 2.8 अरब डॉलर दर्ज किया गया था जिसके बढ़कर 2024 तक 9.0 अरब हो जाने की संभावना है। क्लाउड अथवा स्थानीय आंकड़ा केंद्र में रहने वाले अनुप्रयोग द्वारा आंकड़े का विश्लेषण होने की प्रतीक्षा करने के बजाए, एलॉगरिथम्स समयोचित रूप से बिजनेस प्रक्रियाओं को बढ़ाएंगे, जो प्रघटनाओं पर आधारित होती हैं।

कनेक्टेड कारों से लेकर नवीन, संवर्धित एवं आभासी-वास्तविक अनुप्रयोगों तक, प्रसंस्कृत करने की क्षमता एवं वास्तविक समय में आंकड़ों का विश्लेषण नेटवर्क एज पर करने की क्षमता पर निर्भर करता है। क्षेत्रीय उदाहरण के लिए, क्षेत्रीय सेवा तकनीशियन संवर्धित वास्तविकता अनुप्रयोगों का लाभ टूटे पुर्जों की उस वास्तविक दशा से तुलना करने में उठाने में सक्षम होंगे जिसमें उन्हें होना चाहिए।

बिजनेस एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नेतृत्व करने वाले जो एज की संभावनाओं को पहचानने में विफल हो जाते हैं वे जल्द स्वयं को पिछड़ता हुआ पाएंगे। कुछ मामलों में, यह एक अस्तित्वमान संगठन हो सकता है जो प्रतिस्पर्धी लाभ उठाने के लिए एज कम्प्यूटिंग मंचों का प्रयोग करता हो। जब सही ढंग से इस्तेमाल किया जाता है, एज कम्प्यूटिंग दक्षताओं, नई राजस्व धाराओं, सुधरे हुए उपभोक्ता अनुभवों एवं जोखिम के कम होने के रूप में परिणित हो सकते हैं।

भारत में, क्योंकि बहुत से संगठनों ने 100 प्रतिशत डिजिटल होने तक की यात्रा करने पर जोर दिया है, निकट भविष्य में बिजनेस को स्वचालित रूप देने के लिए एज कम्प्यूटिंग अपनाने की आवश्यकता होगी। असलियत में, डिजिटल बिजनेस रूपांतरण का प्रत्येक उदाहरण जल्द ही वास्तविक समय में आकड़ों को प्रसंस्कृत करने मे सक्षम एज कम्प्यूटिंग मंचों से प्रेरित होगा। गार्नर का आकलन है कि 2025 तक, 75 प्रतिशत उद्यम सृजित आंकड़े परम्परागत, केंद्रीकृत आंकड़ा केंद्र अथवा क्लाउड के बाहर सृजित किए जाएंगे एवं प्रसंस्कृत किए जाएंगे। डाटा विस्फोट से निबटने के लिए बहुत से लोगों द्वारा क्लाउड एवं हाइपर कनवर्ज्ड ढांचे पर भरोसा करने के साथ, कम्प्यूटिंग का एज में बदलाव प्रत्याशित हो सकता है। जबकि एज उद्विकसित होकर आज के जगत में अपना स्थान बना रही है, हम वर्तमान क्लाउड वातावरण की तुलना में इसे और अधिक व्यवधानकारी होने की उम्मीद कर सकते हैं।

यद्यपि एज कम्प्यूटिंग दुनियाभर में बहुत से लोगों के लिए कोई नई अवधारणा नहीं है, भारत में यह अभी भी शैशवावस्था में है और परम्परागत क्लाउड कम्प्यूटिंग सीमाओं को तोड़ने के मार्ग पर अग्रसर है। यह बिजनेस प्रक्रियाओं के गहन रूपांतरण का प्रस्तुत करती है जो जल्द ही सामरिक महत्व के मामले में क्लाउड को आच्छादित कर लेगी। यद्यपि एज कम्प्यूटिंग के शुरुआती लक्ष्य थे लंबी दूरी तय करने वाले आंकड़ों की बैंडविड्थ की लागत को संबोधित करना, आईओटी सृजित आंकड़ों की वृद्धि के कारण, वास्तविक समय अनुप्रयोगों का उभार जिसे एज पर प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है वह तकनीक को आगे बढ़ाएगा।

निष्कर्षत:, एज कम्प्यूटिंग वास्तविक समय में आंकड़ों से अंतरदृष्टि जानने की क्षमता के चलते एज कम्प्यूटिंग दुनियाभर में बिजनेसों के लिए परिवर्तकारी सिद्ध होगी। इससे कीमतें कम करके बिजनेस दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी क्योंकि यह आंकड़ों के प्रचुर मात्रा में क्लाउड भंडारण की आवश्यकता को खत्म कर देगी।

आप की बात

नई शिक्षा नीति लाभकारी

प्रसिद्ध कहावत है कि आवश्यकता ही अविष्कार की जननी होती है,और परिवर्तन ही संसार का नियम है। आज पूरे चौतीस साल बाद, बड़ा बदलाव देखने को मिला। इसमें कोई दो राय नहीं कोरोना ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। शिक्षा नीति में परिवर्तन तो हुए ही,साथ में मानव संसाधन मंत्रालय का भी नवीन नामकरण कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया।बच्चों को बचपन से ही नई शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का,जिससे कि वे आगे चलकर विदेशों में भी काम कर सके। जरूरत की मांग के अनुसार सरकार ने,बदलाव कर एक नया मार्ग और बेहतर भविष्य बनाने की कामना की।उच्च शिक्षा में रिसर्च के लिए जाने वाले छात्रों ले लिए भी,कम समय में ही पीएचडी कर सकेंगे। वहीं इंटरमीडिएट में हर विषय को समान माना गया है। कॉमर्स, साइंस या आर्ट्स हो, वोकेशनल या नॉन वोकेशनल, सभी को सामान्य दर्जा दिया गया है,छात्र अपने पसंद के अनुसार किसी में से भी कोई भी विषय चुन सकते हैं।हालांकि दिक्कत की बात ये है कि सरकार ने नई शिक्षा नीति तो ला दी, लेकिन रोजगार के लिए कुछ नहीं किया। आज वो बच्चे बेहद ना खुश है, जिन्होंने अपनी शिक्षा तो पूरी करली लेकिन अभी भी बेरोजगार हैं।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली

मरीजों के नाम पर जद्दोजहद

इस समय बीमारी से अधिक मरीजों के नाम उजागर करने की जद्दोजहद जारी है जो हाई कोर्ट में सुनवाई का मसला बन चुकी है। जनहित याचिका में नाम उजागर करने की मांग की गई है ताकि लोग संक्रमण से बच सकें वहीं इसके दूसरे पहलू के मद्देनजर नाम रोकने की दलील दी गई है। दोनों पहलू पर आगे अगले सप्ताह फिर सुनवाई होगी. वाकई मामला बड़ा पेचीदा है। मुंबई हाईकोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई है कि संक्रमित लोगों के नाम जाहिर किए जाएं जिससे आसपास के लोग इससे बच सकें। वाकई यह जरूरी है सतर्कता बरतने के लिए मगर यह तभी संभव है जब लोग बीमारी को बीमारी ही समझे और उसे सामाजिक विद्वेष का मुद्दा न बनाएं। अक्सर देखने में आता है कि जब किसी व्यक्ति को कोई बीमारी हो जाती है और उससे संक्रमण फैलने का डर रहता है तो लोग उसे हेय दृष्टि से देख कर सामाजिक बहिष्कार तक कर बैठते हैं। ऐसा पुराने जमाने में टीवी, कोढ़ या अन्य घातक बीमारियों के मामलों में भी होता आया है। आज ऐसी ही परिस्थितियां कोरोना को लेकर बन रही हैं। नाम जाहिर करने से लोगों के मन में तिरस्कार की भावना जागृत हो जाती है। जो संक्रमित के अच्छा होने के बाद भी जारी रहती है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

शिक्षा नीति में बदलाव

मानव संसाधन मंत्रालय से अलग हो अब नए शिक्षा मंत्रालय का जन्म हुआ है , ना केवल नाम बदला गया है बल्कि उसके साथ- साथ बाबा आधम के जमाने से चली आ रही शिक्षा नीति में भी बहुत से अहम बदलाव किए गए हैं। महत्वपूर्ण है कि अगर वे ईमानदारी से लागू किए जाते हैं तो वे हमारे नवीन भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे । विश्व में सबसे अव्वल आने से हमें कोई नहीं रोक पाएगा। परन्तु दुर्भाग्यवश हमारे देश में कुछ लोग अपने व्यक्तिगत कौतूहल की वजह से सरकार के हर नीति में नुक्स ही निकालते हैं , उन्हें कुछ भी अच्छा नज़र नहीं आता। मैं मानता हूं कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का पूरा हक है तथा विपक्ष लोकतंत्र को सदैव मजबूत ही करती आई है , परन्तु क्या हर चीज में विरोध करना सही है? हर चीज को नकारात्मक चश्में से देखने की वजह से क्या वे देश के विकास में बाधक नहीं बन रहें हैं? ये सवाल काफी अहम है साथ ही ऐसे लोगों से विनती है सकारात्मक सोच रखिए और हिन्दुस्तान को नया कीर्तिमान स्थापित करने में मदद कीजिए।

– **हर्ष कुमार,** जामिया मिलिया, नई दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

भारत के लिए विकासीय सहयोग में सर्वाधिक मूलभूत सिद्धांत है साझीदारों का सम्मान करना। हमारी एकमात्र अभिप्रेरणा है विकास के सबक साझा करना।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

बीते दशकों में भारत और चीन जैसे देश काफी समृद्ध हुए हैं लेकिन उन्होंने और जिम्मेदारियां लेने से इनकार किया है।

– **चुक ग्रासले**
शीर्ष अमेरिकी सीनेटर

अप्रैल में हम छह लाख कोविड-परीक्षण प्रतिदिन करते थे, आज हम प्रतिदिन पांच लाख से अधिक परीक्षण कर रहे हैं।

– **डॉ. हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

घर में रहकर ही भूमिपूजन के दुर्लभ पलों के गवाह बनें

अयोध्या में भीड़ को रोकने के लिये सीएम योगी ने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विवादित ढांचे को लेकर साल 1992 में उमड़े भीड़ के सैलाब और कोरोना संक्रमण को देखते योगी सरकार अयोध्या में भीड़ को आने से रोकने के लिये गंभीर है। वैसे तो भूमि पूजन में बहुत सीमित लोगों को बुलाया गया है लेकिन सरकार को आशंका है कि कहीं राम भक्तों की टोलियां अयोध्या में न पहुंचने लगें। इस आशंका को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद आगे आये हैं और उन्होंने लोगों से अपील की है कि अयोध्या में पांच अगस्त को होने वाले भूमि पूजन का कार्यक्रम लोग घर बैठे लाइव देखें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अयोध्या में भूमि पूजन के दौरान कोविड 19 को ध्यान में रखकर भीड़ न होने देने की तैयारी में लगें। सरकार का प्रयास कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए इस भव्य एवं दिव्य आयोजन को संपन्न कराना है। इसके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने भूमि पूजन के दौरान कोविड 19 और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखने की अपील की है। सीएम योगी ने कहा कि आमजन घर में रहकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लाइव देखें। उन्होंने कहा कि चार व पांच अगस्त को लोग घरों में देव मंदिरों में दीप जलाएं। इस दौरान अखंड रामायण का पाठ करें। योगी ने कहा कि हमारी अवधपुरी वर्षों तक राजनीतिक उपेक्षा के भंवर जाल में उलझी रही। अब यह आध्यात्मिक और आधुनिक संस्कृति का नया प्रमिमान बनकर उभरेगी। यहां रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। इसी बीच विगत तीन वर्षों में विश्व ने अयोध्या की भव्य दीपावली देखी है, अब यहां धर्म व विकास के समन्वय से हर्ष की सरिता और समृद्धि की बयार बहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच अगस्त को भूमिपूजन व शिलान्यास न केवल मंदिर का है बल्कि एक नए युग का भी है। यह नया युग प्रभु श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप नए भारत के निर्माण का है। यह युग मानव कल्याकण का है। युग लोक कल्याण के लिए तपोमयी सेवा का है। यह युग रामराज्य का है। यहां पर भाव विभोर करने वाले इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रत्येक देशवासी का मन प्रफुल्लित होगा, हर्षित-मुदित होगा। किन्तु स्मरण रहे, प्रभु श्री राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है। अब इस उत्साह के बीच भी हमें संयम रखते हुए वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत शारीरिक दूरी बनाये रखना है क्योंकि यह भी हमारे लिए परीक्षा का क्षण है।

मुख्यमंत्री ने आह्वान किया है कि विश्व के किसी भी भाग में मौजूद समस्त श्रद्धालुजन चार और पांच अगस्त को अपने-अपने निवास स्थान पर दीपक जलाएं। पूज्य संत एवं धर्माचार्यगण देवमंदिरों में अखण्ड रामायण का पाठ एवं दीप जलाएं। निर्माण का स्वप्न पालकर पवित्र तप करने वाले तथा ऐसे ऐतिहासिक क्षण को देखे बिना गोलोक पधार चुके अपने पूर्वजों का स्मरण करें और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्तो करें। पूर्ण श्रद्धाभाव से प्रभु श्रीराम का स्तूवन करें।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृतति के प्राण प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली हमारे शास्त्रों में मोक्षदायिनी कही गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार इस पावन नगरी को पुनः इसी गौरव से आभूषित करने के लिए संकल्पबद्ध है। राम की नगरी अयोध्या वैश्विक मानचित्र पर महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अंकित हो और इस धर्मधरा में रामराज्य की संकल्पना मूर्त भाव से अवत्रित हो इसके लिए हम नियोजित नीति के साथ निरन्तर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सवा सौ करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रतिबिंब हैं, वह स्वयं भूमिपूजन करेंगे यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक गौरव का क्षण होगा। प्रभु श्रीराम का आशीष हम सभी पर बना रहेगा।

रायबरेली मामले पर कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली के ग्राम पूरे गड़रियन, थाना सलोन में एक व्यक्ति व उसके परिवार की युवती के साथ हुई मारपीट की घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इन आपराधिक तत्वों के खिलाफ एनएसए लगाये जाने पर विचार करते हुए इन्हें कड़ी सजा दिलायी जाए।

कोरोना के चलते पुलिसकर्मियों के पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम पर रोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। पुलिस महकमा भी इससे अछूता नहीं है। अब तक काफी संख्या में पुलिसकर्मी कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। इसी को देखते हुए प्रदेश में प्रमोट होकर हेड कांस्टेबल और इंस्पेक्टर बनने वाले पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग पर डीजीपी ने तीन महीने की रोक लगा दी है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि यह रोक इसलिए लगाई गई क्योंकि शिक्षा में हिस्सा लेने वाले पुलिसकर्मी 45 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और उनमें कोरोना का संक्रमण होने का खतरा ज्यादा रहता है।

महानिदेशक स्थापना के कार्यालय से एसपी कार्मिक टीएस सिंह ने डीजी ट्रेनिंग, प्रशिक्षण निदेशालय को जारी पत्र में कहा है कि 11 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस विभाग के विभिन्न पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम (आरक्षी से मुख्य आरक्षी और उपनिरीक्षक से निरीक्षक स्तर के) प्रचलित हैं। इनमें सामान्य रूप से 45 वर्ष से अधिक आयु के पुलिसकर्मी प्रतिभाग करते हैं। कोरोना संक्रमण अधिक आयु के लोगों में होने की आशंका ज्यादा पाई गई है। गत 26 जुलाई को जांच के दौरान सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय सीतापुर में 94 पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। इनमें मुख्य रूप से पदोन्नति प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी ही थे। सभी पदोन्नति प्रशिक्षण कोर्स को तीन महीने के लिए स्थगित करने को कहा गया है। इसके अलावा डीजीपी द्वारा कोरोना पॉजिटिव पाए गए प्रशिक्षणार्थियों के इलाज की व्यवस्था संस्थान प्रभारी द्वारा कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

कानपुर के संजीत हत्याकांड में वांछित 25 हजार का इनामी जयकरन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कानपुर पुलिस ने लैब टेक्नीशियन संजीत यादव अपहरण व हत्याकांड के फरार आरोपित 25 हजार के इनामी जयकरन सिंह उर्फसिम्मी को गिरफ्तार कर लिया। जयकरन सिंह भी अपहरण से लेकर संजीत की हत्या तक में शामिल था। पुलिस के अनुसार कार से नदी में लाश भी जयकरन ने ही फेंकी थी।

पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के अनुसार कानपुर की बर्रा थाने की पुलिस ने इस हत्याकांड में जेल भेजे गए तीन आरोपितों ज्ञानेंद्र यादव, कुलदीप गोस्वामी और नीलू सिंह को कोर्ट के आदेश पर कस्टडी रिमांड पर लिया। रिमांड पर लिए गए तीनों हत्यारोपितों से सख्ती से पूछताछ की गई तो जयकरन के बारे में कई अहम सुराग मिले। इसके अलावा जयकरन के तीन करीबियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। जिन्होंने जयकरन के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने करीबियों की निशानदेही पर जयकरन को गुजैनी स्थित आईटीबीपी ग्रुप सेंटर के पास से गिरफ्तार किया। जयकरन से हत्याकांड के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक फिरौती में जयकरन का एक लाख रुपए हिस्सा तय था। जयकरन गनेशीपुरवा के साइबर शातिर गैंग का सदस्य है।

मायावती ने भूमि पूजन कार्यक्रम में दलित संत की उपेक्षा का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राम मंदिर निर्माण को लेकर आगामी 5 अगस्त को अयोध्या में प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने जाति कार्ड खेल दिया है। मायावती ने भूमिपूजन कार्यक्रम में दलित संत की उपेक्षा का आरोप लगाया है। मायावती ने कहा है कि 200 साधु संतों के साथ अगर दलित महामंडलेश्वर स्वामी कन्हैया प्रभुनंदन गिरि को भी बुलाया जाता तो अच्छा होता।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि दलित महामंडलेश्वर स्वामी कन्हैया प्रभुनन्दन गिरि की शिकायत के मद्देनजर यदि अयोध्या में 5 अगस्त को होने वाले भूमिपूजन समारोह में अन्य 200 साधु सन्तों के साथ इनको भी बुला लिया गया होता तो यह बेहतर होता। इससे देश में जातिविहीन समाज बनाने की संवैधानिक मंशा पर कुछ असर पड़ सकता था। वैसे जातिवादी उपेक्षाए तिरस्कार व अन्याय से पीड़ित दलित समाज को इन चक्करों में पड़ने के बजाए अपने उद्धार हेतु श्रमध्कर्म में ही ज्यादा ध्यान देना चाहिए व इस मामले में भी बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलना चाहिए, यही बीएसपी की इनको सलाह है। एक और ट्वीट करते हुए मायावती ने कहा कि कोरोना महामारीकाल में जब जेलों में कैदियों की संख्या घटाने पर देश में आम राय है। उसके मद्देनजर खासकर कोरोना नियम उल्लंघन व छोटे मोटे अपराधों में कैद मुस्लिमों को रिहा करने की यूपी के सीएम से पुरजोर अपील ताकि वे लोग कल अपने परिवार के साथ बकरीद का त्योहार मना सकें।

गांव-गांव पहुंचकर भाजपा के झूठे दावों की सच्चाई बतानी होगी: अखिलेश

● पार्टी ने 351 के लक्ष्य के साथ अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश समाजवादी सरकार के समय जितना आगे गया था, भाजपा सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के चलते उतना ही पीछे चला गया है। भाजपा नेतृत्व के पास न कोई लक्ष्य है और नहीं कोई विजन है। वे अब तक एक भी अपनी योजना नहीं लागू कर सके हैं। श्री यादव ने कहा कि गांव गांव, घर-घर हमें जनता को भाजपा के झूठे दावों की सच्चाई बतानी होगी। अखिलेश यादव ने यह बात शुक्रवार को पार्टी के सहयोगी नेताओं के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर पार्टी के सहयोगी नेताओं के साथ अखिलेश यादव ने प्रदेश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्थाए फर्जी एनकाउण्टर, किसानों की स्थिति, नौजवानों के भविष्य और कोरोना संकट के दौर में लॉकडाउन से उत्पन्न हालात पर सबके विचार जाने। इसके साथ ही पार्टी नेताओं ने इस दौरान संकल्प लिया कि प्रदेश की जनता को विकल्प देने के लिए हमें 351 के लक्ष्य के साथ विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारी करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़नी है। इस चर्चा में पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल शामिल थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि कानून व्यवस्था के सम्बंध में सभी का मत था कि प्रदेश में अपराधिक स्थिति गम्भीर होती जा रही है। बढ़ती अराजकता से अब भाजपा विधायक, सांसद भी परेशान है। जंगलराज से डरे एक विधायक ने मुख्यमंत्री, डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की। जब सत्ता दल के विधायक,सांसद तथा महापौर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं उनकी सुनवाई नहीं हो रही तो जनसामान्य की क्या पूछ होगी।

अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार 273 किलो गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ ने आगरा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान अर्न्तराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 273.78 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

एसटीएफ ने सटीक सूचना के आधार पर शुक्रवार को सुबह आगरा जिले के ताजगंज थाना क्षेत्र में घेराबंदी करके फतेहाबाद की ओर से आ रहे ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर ट्रक के अन्दर ड्राइवर सीट के पीछे एक केबिननुमा भाग बना हुआ था, जिसमें बादामी टेप लगे 42 बण्डल एवं सफेद पालीथीन के 25 सील्ड पैकेट रखे थे, इस प्रकार कुल 72 पैकेट थे जिनका वजन कराए जाने पर कुल 273.78 किग्रा गांजा बरामद हुआ। ट्रक चला रहे हनुमान प्रसाद अग्रवाल निवासी आशीर्वाद कालोनी थाना कोतरा रोड जनपद रायगढ़, छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने स्वीकार किया कि ये अवैध मादक पदार्थ गांजा के बण्डल हैं। वह यह गांजा उड़ीसा के सिमली गौड़ा से रोमियो नामक व्यक्ति से लेकर उसकी सप्लाई दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान तथा पश्चिमी उप्र के जिलों में करता था। वह उक्त कार्य 5-6 वर्षों से कर रहा है। उड़ीसा से यह माल उसे 5000 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से पड़ता है, जिसको कि वह 8000 से 10,000 रुपए प्रति किग्रा की दर से सप्लाई कराता था। इस माल की डिलेवरी उसे आगरा में रहने वाले भूपेन्द्र जिससे उसकी मोबाइल पर अक्सर बातचीत होती थी, को देनी थी। वह आगरा पहुँचकर भूपेन्द्र के मोबाइल पर कॉल करके उनके द्वारा बतायी गयी जगह पर माल उतारता, जहां पर उसे माल का पेमेन्ट मिलना था। वह भूपेन्द्र को इससे पहले 4-5 बार माल की डिलेवरी कर चुका था। अभियुक्त द्वारा गॉजा की सप्लाई, डिलेवरी आदि के सम्बन्ध में बताये गए अन्य तथ्यों की एसटीएफ द्वारा छानबीन की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस ने मंडलवार बनाए सोशल मीडिया विभाग के जोनल कोआर्डिनेटर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन मोहित पाण्डेय के प्रस्ताव पर मंडलवार सोशल मीडिया विभाग के जोनल कोआर्डिनेटर्स मनोनीत किए हैं। जोनलवार नियुक्त किए गए सोशल मीडिया कोआर्डिनेटर्स के तहत मेरठ मण्डल में कपिल पाल, मुरादाबाद मण्डल में फाजिल हुसैन रहमान तुर्की एवं नितिन कुमार, लखनऊ मण्डल में मोहम्मद फैसल खान, कमल सिंह, महेन्द्र सिंह एवं सौम्य बनर्जी, देवीपाटन मण्डल में आदित्य ओझा, बस्ती मण्डल में गोपाल पाण्डेय, फैजाबाद मण्डल में संतोष कुमार सिंह एवं शैलेन्द्र पाण्डेय, गोरखपुर मण्डल में संदीप शर्मा, आजमगढ़ मंडल में शुभम सिंह राजपूत, वाराणसी मंडल में आदर्श चौबे एवं ओम प्रकाश राजभर, प्रयागराज मण्डल में शुभम शुक्ला, चित्रकूट मण्डल में मो. फैजनुल हक, झांसी मण्डल में आकाश पराशर, आगरा मण्डल में कौशल सिंह तोमर एवं शत्रुघन सिंह चौहान तथा अलीगढ़ मण्डल में मुदस्सिर खान को सोशल मीडिया जोनल कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं उप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने बताया कि जेल में बंद बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के निलंबित डॉक्टर कफील की रिहाई की मांग को लेकर कांग्रेस का छह अगस्त से मजारों पर चारदपोशी कार्यक्रम पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देश पर स्थगित कर दिया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निदेशक अजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में आवेदन उपलब्ध कराने हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2020 से बढ़ाकर 20 अगस्त 2020 तक की गयी है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु दिनांक 31 जुलाई 2020 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि 9 सितम्बर 2020 निर्धारित की गयी है। उक्त के दृष्टिगत राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लखनऊ में आवेदन उपलब्ध कराने हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 20 अगस्त 2020 कर दी गयी है।

हाईकोर्ट ने दुराचार के मामले में वकील की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

विधि संवाददाता। लखनऊ

दुराचार के एक मामले में मुल्जिम बनाए गए अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह चौहान की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 27 अगस्त तक के लिए रोक लगा दी है। इस मुल्जिम पर दिल्ली की एक महिला वकील ने सेब के जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर दुराचार करने का आरोप लगाया है। बीते 24 जुलाई को उसने इस मामले की एफआईआर थाना विभुतिखंड में दर्ज कराई थी। जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने यह आदेश शैलेंद्र सिंह चौहान की याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने बताया कि पीड़िता का मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज हो चुका है। लेकिन विवेचक ने अभी तक उस बयान को नोट नहीं किया है। इसके अलावा घटनास्थल जो मुल्जिम का चैम्बर बताया गया है, उसे सील कर दिया गया है। विवेचक ने वहां से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए निचली अदालत में अर्जी दाखिल की है, जो फिलहाल लंबित है। पीठ ने इस पर संबधित अदालत को उक्त अर्जी पर आवश्यक आदेश पारित करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी तरफइस सुनवाई के दौरान पीड़िता के वकील ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए एक हफ्ते की मोहलत मांगी। पीठ ने इसे मंजूर कर लिया। साथ ही याचिकाकर्ता को इसके बाद अगले एक हफ्ते में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी।

आउटसोर्सिंग कर्मी भी शामिल होंगे 50 लाख के बीमा दायरे में

लखनऊ। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत कोविड वारियर्स को दी जा रही 50 लाख रुपये की बीमा सुरक्षा राशि के तहत कोरोना के इलाज में जुटे आउटसोर्सिंग कर्मी भी आएंगे। इनके अलावा डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ व यूपीटीएसयू के कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य सचिव वी हेकाली झिमोमी ने जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य सचिव वी हेकाली झिमोमी के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि कोविड 19 चिकित्सा के क्रम में कोई भी चिकित्सा कर्मी दुर्घटना का शिकार होता है तो वह इसके दायरे में शामिल होगा। इसके साथ ही डेवलपिंग पार्टनर के रूप में शामिल डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफव यूपीटीएसयू के कर्मियों के अलावा एम्बुलेंस सेवा के संचालन करने वाले कर्मी भी शामिल होंगे। अपने आदेश में उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ ही इसका प्रसार भी किया जाय।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति केन्द्र सरकार की सराहनीय पहल: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालय कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति केन्द्र सरकार की एक सराहनीय पहल है। इससे स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी एवं उद्देश्यपूर्ण परिवर्तन आयेगा। कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक अनिवार्य रूप से मातृ भाषा व स्थानीय भाषा में शिक्षा ग्रहण करने से बच्चों का तेजी से बौद्धिक विकास होगा।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सबसे बड़ी विशेषता 2030 तक सौ प्रतिशत युवा और प्रौढ़ साक्षरता दर की प्राप्ति करना है। उच्चतर शिक्षा में वर्ष 2035 तक सकल नामांकन अनुपात बढ़ाकर कम से कम पचास प्रतिशत तक पहुंचाना है। नई शिक्षा नीति के तहत अब छात्रों को पहले से तय विषय चुनने की बाध्यता भी समाप्त कर दी गयी है। अब छात्र अपनी मर्जी से कोई भी विषय चुन सकता है। भौतिक विज्ञान का छात्र चाहे तो वह संगीत या इतिहास को दूसरे विषय के रूप में भी चुन सकता है। बोर्ड परीक्षाओं का तनाव भी खत्म कर दिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि बदलती जरूरतों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोगए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद जैसे विभिन्न नियामक अभी देश में कार्य कर रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रहती है। इन्हें एक ही छत के नीचे लाने का निर्णय सही दिशा में लिया गया फैसला है। इससे उच्च शिक्षा की दिशा में न केवल निर्णय लेने में तेजी आयेगी, बल्कि पारदर्शिता भी आयेगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में एक मजबूत अनुसंधान संस्कृति तथा अनुसंधान क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में राष्ट्रीय अनुसंधान फाउण्डेशन का सृजन किया जाएगा। इसके साथ ही चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर समस्त उच्च शिक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण व्यापक निकाय के रूप में भारत उच्च शिक्षा आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वैश्विक मानकों के सर्वश्रेष्ठ बहु विषयक शिक्षा के माडलों के रूप में आईआईटी, आईआईएम के समकक्ष बहु विषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में महामारी एवं वैश्विक महामारी के दृष्टिगत आनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशों के एक व्यापक सेट को कवर किया गया है, जिससे जब कभी और जहां कहीं भी पारम्परिक और व्यक्तिगत शिक्षा प्राप्त करने का साधन उपलब्ध होना सम्भव नहीं है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वैकल्पिक साधनो की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों को ई.शिक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल कन्टेन्ट और क्षमता निर्माण के उद्देश्य से एक समर्पित इकाई बनायी जाएगी।

देर से उठाया गया शिक्षा नीति में बदलाव का कदम: रालोद

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने भारत सरकार द्वारा शिक्षा नीति में किए गए आमूल चूल परिवर्तन की आलोचना करते हुए कहा कि यह एक बहुप्रतीक्षित कदम था जो काफी विलंब से उठाया गया। जबकि शिक्षा राष्ट्र निर्माण एवं उत्थान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार इस शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन आयेगा लेकिन सबके लिए समान शिक्षा न होना इस शिक्षा नीति में मूलभूत त्रुटि है। मिश्र ने कहा कि देश में एक संविधानए एक निशान की वकालत करने वाले लोग ही एक समान शिक्षा नीति को लागू करना भूल गए जबकि भारत जैसे विशाल विविधता वाले देश में इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है। सभी छात्रों को एक समान शिक्षा पाने का अधिकार होना चाहिए। एक बोर्ड एक पाठ्यक्रम हो और एक जैसा शिक्षण संस्थान होना चाहिए। फिर चाहे प्रधानमंत्री का बेटा हो या संतरी का बेटा हो। सभी को एक जैसी शिक्षा मिलनी चाहिए। रालोद सचिव ने कहा कि समान शिक्षा नीति लागू करना भारत के भविष्य के लिए एक दूरगामी कदम होगा फिर न तो कोई भेदभाव होगा और न ही किसी आरक्षण की आवश्यकता होगी। प्रस्तुत की गयी नीति यह स्पष्ट करती है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा खोखला है। जब तक शिक्षा में समानता एवं एकरूपता लागू नहीं होगी तब तक देश में समुचित विकास होना कोरी कल्पना होगी।

नेपाल से आए पानी का यूपी में भी कहर, दर्जन भर जिलों में बाढ़ से तबाही

बचाव तथा राहत कार्य में एनडीआरएफ व पीएसी की 16 टीमें उतारी गयी

● प्रभावित जिलों में बाराबंकी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, बहराइच, आजमगढ़, बस्ती, संतकबीर नगर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर तथा बलरामपुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नेपाल की पहाड़ियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते राज्य के दर्जन भर जिलों में बाढ़ के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इन जिलों के करीब तीन सौ गांव अभी तक बाढ़ की गिरफ्त में आ चुके हैं। प्रभावित जिलों में बचाव तथा राहत कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ तथा पीएसी की 16 टीमें लगायी गई हैं।

बाढ़ की चपेट में अभी तक राज्य के जो जिले आये हैं उनमें बाराबंकी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, बहराइच, आजमगढ़, बस्ती, संतकबीर नगर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर तथा बलरामपुर हैं। शारदा नदी लखीपुर के पलियाकला में, राप्ती नदी गोरखपुर के बर्डघाट तथा श्रावस्ती में राप्ती बैराज के निकट खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। इसी तरह घाघरा नदी बलिया के तुर्तीपार में खतरे के निशान से ऊपर है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुये तटबंधों को सुरक्षित करने के निर्देश दिये गये हैं। इधर बैराजों का डिस्चार्ज शुक्रवार को फिर से बढ़त बनाए हुए है। जिससे पहले से ही उफनाई घाघरा में शनिवार शाम तक उफान आने की संभावना है। पहले से ही खतरे के निशान से करीब 35 सेंटीमीटर ऊपर बह रही घाघरा नदी तेज बहाव के साथ एल्गिन चरसड़ी तटबंध पर बांसगांव के पास ठोकरें मारने के साथ सकरौर भिखारीपुर रिंगबांध पर गुड़हन पुरवा के पास करीब एक किलोमीटर के दायरे में ठोकरें मारने लगी है। इसके साथ ही नदी का कटान भी शुरू हो गया है। नदी के तेज बहाव से बाढ़ का पानी निचले हिस्सों में बसे गांवों में घुसने लगा है। एल्गिन चरसड़ी बांध पर बड़े बड़े रैनकट बने हुए हैं जो कभी भी खतरे का कारण बन सकते हैं। नकहरा गांव सहित मांझारायपुर के घरों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। लोग अपने सामान व परिजनों के साथ बांध पर आश्रय लिए हुए हैं। केंद्रीय जल आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक एल्गिन ब्रिज घाघराघाट शुक्रवार 12 बजे तक शारदा, गिरिजा व सरयू बैराजों का कुल डिस्चार्ज बढ़कर 3 लाख 6 हजार 353 क्यूसेक तक जा पहुंचा है जो अपना असर शनिवार की शाम से दिखाना शुरू कर देगा। नदी का जल स्तर 106 दशमलव 426 पर पहुंच चुका है। नदी के इस बदलते रूख को देखकर बांसगांव व सकरौर भिखारीपुर रिंगबांध की जद में बसे गांवो में दहशत है।

आपदा राहत आयुक्त संजय गोयल के मुताबिक बाढ़ प्रभावित जिलों में बचाव तथा राहत का काम तेजी पर चल रहा है। प्रभावित परिवारों को खाने के पैकेट तथा उनका चिकित्सा सुविधा उपल्ध करायी जा रही है। इसके साथ ही पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिये शिविर भी बनाये गये हैं। बाराबंकी बस्ती तथा लखमीपुर में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिये नावें लगायी गई हैं।

कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के कारण तीन तलाक के खिलाफ कानून नहीं बनाया: केंद्रीय मंत्री

भाषा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाए जाने का एक साल होने पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अस्सी के दशक में ही यह कानून बन सकता था लेकिन कांग्रेस इस पर वोटों की राजनीति करती रही। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने एक कार्यक्रम के दौरान वीडियो लिंक के जरिए देश भर की मुस्लिम महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तीन तलाक या तलाक-ए-बिद्दत न तो इस्लामिक था और न ही कानूनी लेकिन वोट बैंक के व्यापारियों ने इस सामाजिक बुराई को राजनीतिक संरक्षण दिया। तीन तलाक के खिलाफ कानून को 1980 में ही पारित किया जा सकता था जब उच्चतम न्यायालय ने शाह बानो मामलों में ऐतिहासिक फैसला दिया था।

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 मुस्लिम पति द्वारा दिए जाने वाले तलाक-ए-बिद्दत यानी कि तीन तलाक को गैर कानूनी बताता है। कानून कहता है कि अगर कोई मुस्लिम पति अपनी पत्नी को मौखिक रूप से, लिखकर या इलेक्ट्रॉनिक रूप में या किसी भी अन्य विधि से तलाक-ए-बिद्दत देता है तो यह अवैध माना जाएगा। नकवी ने कहा, कांग्रेस के पास 545 लोकसभा सदस्यों में से 400 और राज्यसभा में 245 में से 159 से अधिक सदस्यों के साथ पूर्ण बहुमत था लेकिन राजीव गांधी सरकार ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को अप्रभावी बनाने के लिए संसद में अपनी ताकत का इस्तेमाल किया और मुस्लिम महिलाओं को उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकारों से वंचित किया।

महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने भी नकवी की राय से सहमति जताते हुए कहा कि 1980 के दशक में संसद में कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या थी। अगर वे चाहते तो मुस्लिम महिलाओं के पक्ष में न्याय कर सकते थे लेकिन उनके लिए तब वोट बैंक ज्यादा महत्वपूर्ण था। उनके लिए राजनीतिक वजूद ज्यादा मायने रखता था और उन्होंने मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी सुधारने के मकसद से कभी काम नहीं किया। ईरानी ने कहा कि तीन तलाक के मुद्दे पर अदालत जाने वाली मुस्लिम महिलाओं ने असली लड़ाई लड़ी , इससे ना केवल उन्हें बल्कि समुदाय की दूसरी महिलाओं को भी इंसाफ मिला। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा आएगा जब मुस्लिम महिलाएं भी डिजिटल साक्षरता में कदम ताल करेंगी।

कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी मुस्लिम महिलाओं को संबोधित किया और पूछा कि भारत को तीन कलाक के खिलाफ कानून लाने में 70 साल क्यों लग गए ? उन्होंने पूछा, तीन तलाक कानून पर मतभेद क्यों थे? परोक्ष रूप से कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, एक तरफ नरेंद्र मोदी की राजनीति है और दूसरी तरफ वो राजनीति है जो शाहबानो से लेकर शायरा बानो तक ठहरी हुई है।

प्रसाद ने तीन तलाक के मुद्दे पर कदम नहीं उठाने और मोदी सरकार द्वारा विधेयक लाए जाने पर इसका विरोध करने के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के खिलाफ कानून महिलाओं के अधिकार और आत्मसम्मान का कानून है। नकवी ने कहा कि एक अगस्त वह दिन है जब मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की सामाजिक बुराई से मुक्ति मिली और इसे देश के इतिहास में मुस्लिम महिलाओं के अधिकार दिवस के तौर पर दर्ज किया गया।

ठाणे में अयोध्या के राम मन्दिर के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज के रायगढ़ किले से मिट्टी इकट्ठा करने के बाद नारे लगाते कारसेवक।

कोरोना के प्रकोप और बाढ़ के चलते नीतीश की रैली स्थगित: जदयू

भाषा। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगले सप्ताह होने वाली बहुप्रतीक्षित डिजिटल रैली को स्थगित कर दिया गया है। सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस रैली के जरिए मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंकने की उम्मीद जताई जा रही थी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने एक बयान में कहा कि सात अगस्त की प्रस्तावित रैली कोरोना वायरस महामारी एवं बाढ़ के चलते स्थगित कर दी गई है। नेपाल से निकलने वाली नदियों के उफना जाने से आई बाढ़ के चलते उत्तर बिहार में करीब 40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

जदयू ने कहा कि डिजिटल रैली की नई तारीख बाद में तय की जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता पिछले दो सप्ताह से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशालाएं लगाने में व्यस्त थे। नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इन कार्यशालाओं में राज्यसभा और लोकसभा में पार्टी के नेता क्रमश: आर सी पी सिंह और राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, राज्य के मंत्री संजय कुमार झा, बिजेंद्र यादव और अशोक चौधरी व्यस्त थे।

राज्यसभा में जदयू के नेता और पार्टी महासचिव (संगठन) आर सी पी सिंह ने ही जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने के प्रयास के तहत मैं भी हूं नीतीश कुमार नारा तैयार किया था। यह नारा जदयू की मीडिया शाखा के प्रमुख अमरदीप द्वारा लिखी गई कविता से प्रेरित बताया गया है। यह नारा पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा अपनाए गए नारे मैं भी चौकीदार जैसा ही है।

कोविड- 19 के मद्देनजर राम मंदिर भूमि पूजन को अभी टाला जा सकता था : राज ठाकरे

मुम्बई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 संकट के मद्देनजर अयोध्या में राम मंदिर के लिए अभी भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता नहीं थी और इसे स्थिति सामान्य होने के बाद आयोजित किया जा सकता था। राम मंदिर के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम पांच अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। ठाकरे ने ई- भूमि पूजन के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सुझाव को भी खारिज कर दिया और कहा कि भूमि पूजन का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। मनसे प्रमुख ने मराठी समाचार चैनल से कहा, इस समय भूमि-पूजन की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि अभी लोगों की मानसिक स्थिति बिल्कुल अलग है। स्थिति सामान्य होने पर इसे दो महीने बाद भी किया जा सकता था। तब लोग इस कार्यक्रम का आनंद भी उठा पाते। श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास ने अयोध्या में भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया है। न्यास के सदस्यों के अनुसार, राम मंदिर का निर्माण शुरू करने के वास्ते भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री के पांच अगस्त को अयोध्या का दौरा करने की उम्मीद है।

मित्रा के निधन के बाद प. बंगाल में कांग्रेस को उनके उत्तराधिकारी की तलाश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष सोमेन मित्रा के निधन से पार्टी में नेतृत्व का संकट उत्पन्न हो गया है क्योंकि अब पार्टी को एक ऐसे नेता की जरूरत उत्पन्न हो गई है जो अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूती दे सके। तीन बार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मित्रा का बृहस्पतिवार को कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं में ऐसे युवा नेताओं की कमी है जिन पर पार्टी दाव खेल सके, इसलिए पार्टी को अपने पुराने नेताओं पर ही निर्भर होना पड़ेगा। इस पद के लिए दौड़ में जो तीन नेता हैं उनमें राज्यसभा सदस्य प्रदीप भट्टाचार्य, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अब्दुल मन्नन शामिल हैं। भट्टाचार्य और चौधरी दोनों ने पूर्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में काम किया है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई-भाषा को बताया, इसकी उम्मीद नहीं है कि अधीर चौधरी राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे क्योंकि वह पहले से ही लोकसभा में एक बहुत महत्वपूर्ण पद पर हैं। अब्दुल मन्नन और प्रदीप भट्टाचार्य दो संभावित विकल्प हैं तथा राज्यसभा सदस्य भट्टाचार्य को इस मामले में थोड़ी बढ़त हासिल है क्योंकि वह पूर्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। देखते हैं कि क्या होता है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पश्चिम बंगाल के प्रभारी गौरव गोगोई, बृहस्पतिवार रात यहां पहुंचे। गोगोई द्वारा इस मामले पर राज्य के नेताओं के साथ बैठक करने की संभावना है। कांग्रेस नेता ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा, पार्टी की बंगाल इकाई के पास अतीत में अच्छे नेताओं की कोई कमी नहीं थी। हालांकि, अब संगठन में ऐसे युवा नेता नहीं है, जिन्हें प्रदेश इकाई का नेतृत्व दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ज्यादातर ऐसे नेता पिछले दो दशकों में पार्टी छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में चले गए हैं जिन्हें उनके संगठनात्मक क्षमता और भाषण संबंधी कौशल के लिए जाना जाता था। मित्रा के नेतृत्व में कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा से मुकाबले के लिए माकपा नीत वाम मोर्चे के साथ गठबंधन किया था। मित्रा का निधन ऐसे समय में हुआ है जब पार्टी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ राज्य में एक तीसरा विकल्प बनाने का प्रयास कर रही थी।

क्विक न्यूज

सुशांत के परिवार को न्याय दिलाने में सब साथ हैं: भूपेन्द्र

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के परिवार को न्याय दिलाने मे सब लोग साथ है। यादव ने एक ट्वीट किया, बिहार से निकलकर सिनेमा की दुनिया मे पहचान अर्जित करने वाले सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद समाज मे एक स्फूर्त बहस शुरू हुई है। नेपोटिज्म की बुराइयो को लेकर कई और सवाल समाज के बीच से उठ रहे है। सुशांत के परिवार को न्याय दिलाने मे सब साथ है। यादव बिहार मामलो के भाजपा के प्रभारी है। छिछोरे , काई पो चे और केदारनाथ जैसी फिल्मो मे भूमिकाएं निभाने वाले राजपूत (34) मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट मे 14 जून को फंदे से लटके मिले थे। मुंबई पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन बिहार मे यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है जहां विभिन्न दलो के नेताओ ने उनकी मौत के पीछे एक गहरी साजिश का आरोप लगाया है। बिहार पुलिस ने अभिनेता के परिवार के सदस्यो की शिकायत पर इस मामले मे एक प्राथमिकी दर्ज की है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 25 अगस्त से

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 25 अगस्त से शुरू होगा और इसमे सिर्फ चार बैठकें होगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव चंद्र शेखर गंगराड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 5वे विधानसभा का 7वां सत्र मंगलवार 25 अगस्त से प्रारंभ होकर शुक्रवार 28 अगस्त तक चलेगा। सत्र मे कुल चार बैठकें होगी। इसमे वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित किए गए जाएंगे। गंगराड़े ने बताया कि देश भर मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामले सामने आ रहे है। जल्द ही मानसून सत्र के लिए इस संबंध मे दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होने बताया कि मानसून सत्र के दौरान मंगलवार से शुक्रवार तक सभी दिन प्रश्नकाल होगा तथा शासकीय कार्य किए जाएंगे। वही शुक्रवार को अंतिम ढाई घंटे के दौरान अशासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे।

नेपाल के साथ सीमा मुद्दे जल्द सुलझाए जाएंगे : टम्टा

पिथौरागढ। उत्तराखंड के अल्मोड़ा से भाजपा सांसद अजय टम्टा ने शुक्रवार को कहा कि नेपाल और भारत के बीच सीमा मुद्दे को जल्द ही दोनो देशो के सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधो को ध्यान मे रखते हुए सुलझा लिया जाएगा। टनक्पुर सीमा पर नो मैन्स लैंड मे नेपाल द्वारा कथित अतिक्रमण के बारे मे रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए टम्टा ने कहा कि सभी संबंधित सरकारी एजेंसियां सीमाओ पर नज़र रख रही है। टम्टा ने कहा कि नेपाल के साथ घनिष्ठ पारंपरिक संबंधो को ध्यान मे रखते हुए जल्द ही राष्ट्रीय हित मे एक समाधान खोजा जाएगा। वह भारतीय अधिकारियो से टनक्पुर की जमीनी स्थिति की जानकारी लेंगे। टनक्पुर मे नेपाल के साथ सीमा से सटे नो मैन्स लैंड मे कथित उल्लंघन का मामला 21 जुलाई को सामने आया था जब भारतीय अधिकारियो ने कहा कि नेपाली नागरिको ने इस क्षेत्र मे भारतीय अधिकारियो को सूचित किए बिना वृक्षारोपण का काम किया है।

केरल में तीन पेट्रोल पंप पर काम करेंगे कैदी

तिरुवनंतपुरम। केरल मे जेल कैदियो के लिए एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य मे जेल की जमीन पर बने तीन पेट्रोल पंपो पर कैदी काम कर सकेंगे। इस योजना की शुरुआत भारतीय तेल निगम (आईओसी) और जेल विभाग ने तिरुवनंतपुरम, व्यूर के केंद्रीय कारागरो और चेन्नई मुक्त कारागार मे शुरू की है। इसका उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बृहस्पतिवार को किया। इस तरह के एक पंप कन्नूर केंद्रीय कारागार मे खुलेगा। इन पंपो पर सीएनजी ईंधन भी उपलब्ध होगा और बिजली वाले वाहनो को चार्ज भी किया जा सकेगा। ये पेट्रोल पंप जेल की जमीन पर बने है जिसे आईओसी ने 30 साल के पट्टे पर लिया है। यहां काम करने के लिए कैदियो को उनके अच्छे व्यवहार के लिए चुना गया और उन्हे प्रशिक्षण भी दिया गया। अधिकारियो ने बताया कि इन्हे जेल नियम के अनुसार काम के लिए वेतन भी दिया जाएगा। राज्य मे कैदियो द्वारा कम खर्चे मे बिरियानी, चपाती और चिकन करी जैसे अन्य खाद्य पदार्थ बनाने मे मिली सफलता के बाद बंदियो को एक नए क्षेत्र मे अवसर दिया जा रहा है।

पूर्व विधायक भाजपा छोड़ वापस तृणमूल कांग्रेस में लौटे

कोलकाता। उत्तरी बंगाल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक विप्लव मित्रा करीब एक साल बाद ही भाजपा का दामन छोड़ शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस मे वापस आ गए। दक्षिण दिनाजपुर जिले की हरिरामपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक रहे मित्रा पिछले साल जून मे भाजपा मे शामिल हो गए थे। मित्रा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मे लौटना उनके लिए घर वापसी जैसा है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा, हम विप्लव मित्रा का स्वागत करके प्रसन्न है। 21 जुलाई को शहीद दिवस की रैली के दौरान पुराने नेताओ से पार्टी मे वापस आने को कहा था। मित्रा ने उसी पर वापसी की है। मित्रा के साथ ही उनके छोटे भाई और अन्य समर्थक भी तृणमूल कांग्रेस मे दोबारा शामिल हुए।

जम्मू में रक्षाबंधन पर्व के लिए राखी खरीदतीं महिलाएं।

जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी हिरासत से रिहा

भाषा। श्रीनगर

जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेकेपीसी) के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन को करीब एक वर्ष की हिरासत के बाद शुक्रवार को रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के केन्द्र के कदम के एक वर्ष पूरा होने के कुछ वक्त पहले लोन को रिहा किया गया है।

लोन ने रिहा होने की पुष्टि ट्विटर पर की है। उन्होंने ट्वीट किया, एक वर्ष में पांच दिन कम रहने पर मुझे आधिकारिक तौर पर सूचित किया गया कि मैं अब स्वतंत्र व्यक्ति हूं। कितना कुछ बदल गया और मैं भी। जेल जाना कोई नया अनुभव नहीं है। इससे पहले वाले कठोर और शारीरिक यातना के दौर होते थे लेकिन यह मानोवैज्ञानिक तौर पर परेशान करने वाला था। उम्मीद है कि शीघ्र ही कुछ और साझा करूंगा।

अधिकारियों ने बताया कि जेकेपीसी के अध्यक्ष को इस वर्ष फरवरी में यहां उनके आवास में भेज कर नजरबंद किया गया था। उन्होंने बताया कि केन्द्र द्वारा जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के बाद उन्हें पिछले साल पांच अगस्त को हिरासत में लिया गया था।

पीडीपी-बीजेपी गठबंधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे लोन और मुख्यधारा की पार्टियों के अन्य नेताओं को प्रसिद्ध डल झील के किनारे स्थित सेंटूर होटल में अस्थाई जेल में रखा गया था। इसके बाद इन लोगों को एमएलए छात्रावास ले जाया गया था। फरवरी में लोन और पीडीपी नेता वहीद पार्ा को उनके घर में नजरबंद किया गया था।

महाराष्ट्र सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी: राज ठाकरे

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी क्योंकि सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच एकता का अभाव है। उन्होंने कोविड-19 पर कहा कि बीमारी के बारे में लोगों के मन में जो भय है, उसे दूर करना आवश्यक था। ठाकरे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ए सरकार लंबे समय तक चलेगी ... यह मेरी इच्छा नहीं है कि इसे गिरना चाहिए। लेकिन सरकार, जिसमें कोई एकता नहीं है (सत्तारूढ़ साझेदारों के बीच) और जो एक दूसरे से विचार-विमर्श नहीं करते हैं, वो लंबे समय तक नहीं चलेगी। उन्होंने एक मराठी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। महामारी के दौरान मास्क पहनने पर उनकी राय के बारे में पूछे जाने पर ठाकरे ने कहा, इसकी आवश्यकता नहीं है। मनसे नेता ने याद करते हुए कहा कि मीडिया ने उनसे सवाल पूछे थे, जब कोविड-19 स्थिति पर चर्चा के लिए गत मई में मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई सर्व-दलीय बैठक में शामिल होने के दौरान उन्होंने मास्क नहीं पहना था। उन्होंने कहा, मैंने (बैठक के दौरान) मास्क नहीं पहना था और इसके बाद भी ऐसा कभी नहीं किया। हालांकि ठाकरे ने कहा कि बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए और स्वच्छता को बनाए रखना चाहिए।

गुजरात उच्च न्यायालय ने निजी स्कूलों की फीस पर सरकारी प्रस्ताव कर दिया खारिज

अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के एक प्रस्ताव के उस उपबंध को शुक्रवार को खारिज कर दिया जिसमें स्व-वित्त पोषित स्कूलों से कहा गया था कि जब तक स्कूल बंद रहते तब तक वे फीस न लें। राज्य के शिक्षा विभाग ने 16 जुलाई को एक प्रस्ताव जारी किया और फेडरेशन ऑफ सेल्फ फाइनेंस्ड स्कूल्स ने उच्च न्यायालय में इसे चुनौती दी। फेडरेशन ने दावा किया कि वे जून से ही ऑनलाइन कक्षाएं दे रहे हैं और स्टाफ तथा शिक्षकों को वेतन दिया जाना है।

उच्च न्यायालय की पीठ ने प्रस्ताव के उस विशिष्ट उपबंध को शुक्रवार को खारिज कर दिया और सरकार तथा स्कूल फेडरेशन को एक साथ बैठने तथा फीस मुद्दे का परस्पर सहमति से समाधान निकालने का निर्देश दिया। बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेबी पर्दीवाला की खंडपीठ ने राज्य सरकार के स्कूलों को दिए ऐसे निर्देश के पीछे के तर्क पर सवाल उठाए थे। चूंकि इस याचिका के साथ अन्य जनहित याचिकाएं भी जुड़ी है तो इस पर जल्द ही विस्तृत आदेश आने की संभावना है। सरकार द्वारा प्रस्ताव जारी करने के बाद से स्कूलों ने ऑनलाइन कक्षाएं देनी बंद कर दी थी लेकिन यह कहते हुए बाद में फिर से शुरू कर दी थी कि वे उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे।

हैदराबाद में 11 हवाई यात्रियो के पास से 1.66 करोड़ रुपए का सोना जब्त

हैदराबाद। यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से 11 यात्रियों के पास से तस्करी कर लाया गया 3.11 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जब्त किए गए सोने की कीमत 1.66 करोड़ रुपए है। सीमा शुल्कअधि कारियों के मुताबिक, वंदे भारत मिशन के विमान से सऊदी अरब के दम्माम से लौटे यात्रियों ने अपने ट्राउजर की भीतरी जेब में सोना छिपा कर रखा था। संदेह और यात्रियों के प्रोफाइलिंग के आधार पर, 11 यात्रियों के खिलाफ सोने की कथित तस्करी के मामले दर्ज किए गए और उनसे पूछताछ की जा रही है। एक अन्य मामले में, सीमा शुल्क विभाग ने सीआईएसएफ के साथ समन्वय कर पांच यात्रियों का पता लगाया जो चंदन की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

चेन्नई मे तीन स्टेशनो के नाम बदलकर अन्ना, एमजीआर जया के नाम पर रखे

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को तीन मेट्रो स्टेशन के नाम दिवंगत मुख्यमंत्री सी. एन. अन्नादुरई, एम. जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता पर रखे। सरकारी आदेश के अनुसार अलंदूर स्टेशन का नाम अब अरिगनर अन्ना अलंदुर मेट्रो होगा। सेंट्रल मेटो को अब पुरैची थलाइवर डॉ एमजी रामचंद्रन मेट्रो और सीएमबीटी स्टेशन को अब पुरैची थलाईवी डॉ जे जयललिता सीएमएमबीटी मेट्रो कहा जाएगा। मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार के उच्च स्तरीय समिति के सुझाव स्वीकार करने के बाद स्टेशनों के नाम बदले गए। उन्होंने जयललिता के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक सरकार द्वारा शहर में मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन के लिए उठाए कदमों का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेन्नई मेट्रो रेल के दूसरे चरण में 61,843 करोड़ रुपए की लागत से 118.9 किलोमीटर के तीन गलियारों का निर्माण किया जाएगा।

हैदराबाद में कोविड-19 के लिए मोबाइल परीक्षण सुविधाओं को लेकर विशेष रूप से डिजाइन की गई बस।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से मांगा प्रवासी कामगारों का रिकॉर्ड

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे कोविड-19 की वजह से लॉकडाउन के दौरान अपने घर पहुंचने वाले कामगारों का रिकार्ड और इसे रखने के तरीके का विवरण तीन सप्ताह के भीतर पेश करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि रास्ते में फंसे हुए सभी कामगारों को 15 दिन के भीतर ट्रेन या दूसरे साधनों से पहुंचाने के बारे में उसके नौ जून के आदेश के बावजूद अभी भी महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में कामगार फंसे हुए हैं। न्यायालय ने कहा कि एक भी राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश ने शीर्ष अदालत के पिछले महीने आदेश के अनुपालन में हलफनामे पर विवरण पेश नहीं किया है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने अपने आदेश में कहा, राज्यों को कामगारों के अपने पैतृक स्थानों पर पहुंचने के बारे में रखे गए रिकार्ड और उनके कौशल तथा रोजगार से संबंधित अन्य विवरण पेश करना है।

राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश तीन सप्ताह के भीतर इस विवरण के साथ हलफनामे दाखिल करें। पीठ ने कहा कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को नौ जून के आदेश पर अनुपालन के बारे में पूर्ण विवरण भी देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने नौ जून के आदेश में कामगारों के बारे में अनेक निर्देश दिए थे। न्यायालय ने केन्द्र और राज्य सरकारों से कहा था कि अपने घर जाने के इच्छुक श्रमिकों की पहचान कर 15 दिन के भीतर उन्हें ट्रेन और यातायात के दूसरे साधनों से उनके पैतृक स्थान पहुंचाया जाए।

शीर्ष अदालत ने इन कामगारों की दयनीय स्थिति और समस्याओं का संज्ञान लेते हुए पिछले महीने प्राधिकारियों से कहा था कि सामाजिक दूरी के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले कामगारों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले वापस लेने पर विचार किया जाए। न्यायालय ने शुक्रवार को अपने 12 पेज के आदेश में महाराष्ट्र सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे का जिक्र किया और कहा कि इससे संकेत मिलता है कि राज्य में अभी भी कुछ कामगार अपने पैतृक स्थान लौटने के इंतजार में है।

न्यायालय ने कहा कि हमारा मानना है कि महाराष्ट्र सरकार को उन कामगारों को वापस भेजने के लिए जल्द से जल्द उचित कदम उठाने चाहिए जो अभी भी अपने पैतृक स्थान लौटना चाहते हैं। न्यायालय ने इस मामले को अब चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया है। इसी बीच, पीठ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना के मसले पर पहले से लंबित एक अन्य याचिका के साथ विचार किया जाएगा जिसमें सुनवाई पूरी हो चुकी है।

राष्ट्रपति ने ईद-उल जुहा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शभकामनाएं दीं और उनसे कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के पालन करने की अपील की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा का त्योहार आपसी भाईचारे और त्याग की भावना का प्रतीक है तथा लोगों की भलाई के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। कोविंद ने कहा, आइए, हम सब कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सभी नियमों और दिशा-निर्देशों के पालन के संकल्प को दोहराएं। इसके साथ, इस त्योहार पर, खुशियों को साझा करें और परस्पर सौहार्द को बढ़ावा दें।

कुल्लू के मनाली-लेह राजमार्ग पर लद्दाख सीमा की ओर बढ़ते सेना के वाहन

महा विकास अघाड़ी के सहयोगी लिव इन रिलेशनशिप में हैं: फडणवीस

भाषा। मुंबई

भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार एक परिवार नहीं है, बल्कि तीनों पार्टियों का लिव-इन रिलेशनशिप है। उन्होंने कहा कि वह यह समझने में असफल रहे हैं कि एमवीए सरकार का संचालन किसके हाथों में है क्योंकि सत्तारूढ़ दलों के बीच अत्यधिक मनमुटाव है।

सरकार में कलह के बारे में खबरों को खारिज करते हुए महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य कांग्रेस प्रमुख बालासाहेब थोराट ने कहा था कि एमवीए एक परिवार की तरह है और इसके घटक भाइयों की तरह हैं। फडणवीस ने एक मराठी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हम इस सरकार को गिराने वाले नहीं हैं। हमें इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। फडणवीस ने कहा कि वैचारिक रूप से भिन्न दलों की सरकार देश में कभी नहीं चल पाई है। उन्होंने कांग्रेस पर एमवीए जैसी सरकार को नहीं चलने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उनके बीच अत्यधिक मनमुटाव है। थोराट को कुछ भी कहने दो, उनका एक विभाजित परिवार है। बल्कि यह एक परिवार ही नहीं है। गलत शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मुझे माफ कर दो, लेकिन यह एक लिव-इन रिलेशनशिप है।

फडणवीस ने कहा, यह सरकार लंबी नहीं चल पाएगी। यह अपने मतभेदों के कारण ही गिर जाएगी। जिस दिन यह गिर जाएगी, हमारे पास जिम्मेदारी होगी और हम एक मजबूत सरकार देंगे। उन्होंने सरकार को तीन इंजनों वाली एक ट्रेन के रूप में बताया। भाजपा नेता ने कहा कि तीसरा इंजन ट्रेन के बीच में है।

'नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण सही लेकिन कई प्रावधानों को लागू करने का रास्ता स्पष्ट नहीं'

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा है कि नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण सही है लेकिन इसमें कई कागजी बातें हैं तथा अनेक प्रावधानों को लागू करने का रास्ता नहीं सुझाया गया है।

सिब्बल ने भाषा से साक्षात्कार में कहा, नई शिक्षा नीति के बारे में मैं कहूंगा कि इसका दृष्टिकोण सही रास्ते पर जाता है। लेकिन इसके अनेक प्रावधानों एवं प्रस्तावों को लागू कैसे किया जाएगा... इसका रास्ता नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा, इसमें कई कागजी बातें हैं जिन्हें लागू करना मुश्किल है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को नई शिक्षा नीति को मंजूरी दी थी। नई शिक्षा नीति में पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई, बोर्ड परीक्षा के भार को कम करने, विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर खोलने की अनुमति देने, विधि और मेडिकल को छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक बनाने, विश्वविद्यालयों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा आयोजित करने सहित स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अनेक सुधारों की बात कही गई है। पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि नई नीति में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6 प्रतिशत खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है लेकिन इसके लिए पैसा कहां से आएगा, यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान शिक्षा पर जीडीपी का 3.2 प्रतिशत से अधिक खर्च होता था जबकि वर्तमान सरकार के दौरान शिक्षा बजट में आवंटन में कमी आई है। ऐसे में शिक्षा में जीडीपी का 6 प्रतिशत खर्च होने के अनुपालन को लेकर उन्हें संदेह है।

नई शिक्षा नीति में 21वीं सदी और रोजगार के कौशल की परिकल्पना: कस्तूरीरंगन

भाषा। बेंगलुरू

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मसौदा तैयार करने वाली समिति के प्रमुख रहे के. कस्तूरीरंगन ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) में 21वीं सदी और गुणवत्ता से समझौता किए बिना रोजगार का कौशल प्रदान करने वाली शिक्षा की परिकल्पना की गई है। कस्तूरीरंगन ने कहा कि स्नातक स्तर पर उदार या बहुउद्देश्ईय शिक्षा का विचार, वहीं माध्यमिक स्तर की शिक्षा में चार वर्ष की संरचना कई प्रकार के कौशल चुनने का अवसर प्रदान करते हैं जिनका इस्तेमाल रोजगार के अवसर के तौर पर भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये सभी 21वीं सदी के कौशल का हिस्सा हैं क्योंकि शिक्षा नौजवानों में इस तरह की चीजों को समाहित करती है जिनसे कि वे 21वीं सदी के लिए जरूरी संचार, रचनात्मकता, समस्या समाधान और इस तरह की चीजों के संदर्भ में योग्यता प्राप्त कर सकें। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, संस्थानों को मजबूत करके शिक्षा को सही मार्ग पर लाना है और वहीं यह भी सुनिश्चित करना है कि गुणवत्ता से समझौता नहीं हो। नई नीति के तहत चार वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रम की शुरुआत के संबंध में कस्तूरीरंगन ने कहा कि इससे युवा व्यापक ज्ञान अर्जन के लिए तैयार होंगे जो उन्हें परिपक्वता के उचित स्तर पर उनकी पेशेवर रुचि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

कोविड-19: बैंड-बाजे के साथ फूल बरसाकर थाना प्रभारी की विदाई

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

देश में कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में शामिल इंदौर में एक थाना प्रभारी के तबादले के बाद उनकी विदाई के दृश्य सोशल मीडिया पर सामने आने से विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का आरोप है कि इस मौके पर थाने में महामारी से बचाव के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन किया गया।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि शहर के मल्हारगंज थाने के प्रभारी संजय मिश्रा को शिवपुरी स्थानांतरित किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को थाने से कार्यमुक्त हो रहे थे, तब थाने के स्टाफ और क्षेत्रीय नागरिकों ने उन्हें विदाई दी। इस मौके के वायरल वीडियो में बैंड पर मशहूर देशभक्ति गीत मेरे देश की धरती सोना उगले... की धुन बजती सुनाई पड़ रही है। क्षेत्रीय लोग मिश्रा को मालाएं पहनाने के साथ उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाते नजर आ रहे हैं, जबकि स्थानांतरित पुलिस निरीक्षक अपने अभिनंदनकर्ताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मिश्रा कोविड-19 से बचाव के लिए मास्क पहने नजर आ रहे हैं। लेकिन इसमें साफ देखा जा सकता है कि उनके पास खड़े होकर फोटो खिंचवा रहे कुछ क्षेत्रीय लोगों ने अपने चेहरे से मास्क नीचे खिसका रखा है।

● वीडियो सामने आने पर विवाद

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस के खिलाफ उठ रहे सवालों पर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) महेशचंद्र जैन ने कहा कि मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है और स्थानांतरित पुलिस निरीक्षक की संबंधित घटना में कोई गलती नहीं है। जैन ने कहा कि मल्हारगंज पुलिस थाने में मिश्रा का कोई औपचारिक विदाई समारोह आयोजित नहीं किया गया था। जब वह थाने से कार्यमुक्त होकर बाहर निकल रहे थे, तो क्षेत्रीय रहवासी उन्हें विदा करने के लिए पहले से वहां मौजूद थे।

बक्सा जिले के गोआबिल में लगातार बारिश के बाद बाढ़ के पानी के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क को पार करते ग्रामीण

सब ठीक तो विधायकों की बाड़ेबंदी क्यों: पूनियां

भाषा। जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कांग्रेस के अशोक गहलोत खेमे के विधायकों को जैसलमेर लो जाए जाने पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब पार्टी के सभी विधायक एकजुट हैं तो बाड़ेबंदी क्यो? पूनियां ने ट्वीट किया, सब एक हैं, कोई खतरा नहीं है, लोकतंत्र है, सब ठीक है तो बाड़ाबंदी क्यों? और बिकाऊकौन है? उनके नाम सार्वजनिक करोअ बाड़े में भी अविश्वासउ जयपुर से जैसलमेर के बाद आगे तो पाकिस्तान है। उल्लेखनीय है कि जयपुर के बाहर एक होटल में रुके मुख्यमंत्री गहलोत के खेमे के कांग्रेस विधायकों और उनकी सरकार का समर्थन कर रहे विधायकों को शुक्रवार को चार्टर्ड विमानों से जैसलमेर ले जाया गया है।

ब्रिक्स देशों ने कोविड-19 के असर से उबरने के लिए पर्यावरण सुधार, पुन:चक्रण अर्थव्यवस्था पर जोर दिया

भाषा। नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सतत विकास और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए 2030 के एजेंडा की आकांक्षाओं को हासिल करने में एक गंभीर चुनौती पेश की है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण में सुधार करने तथा राष्ट्रीय योजनाओं में संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल की पुन: चक्रण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के पर्यावरण मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को रूस की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए एक बैठक में भाग लिया। ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की छठी बैठक में राष्ट्रों ने माना कि कोविड-19 से सामाजिक चुनौतियां बढ़ीं और लोगों ने नौकरियां गंवाई। ब्रिक्स देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम चिंता जताते हैं कि कोविड-19 वैश्विक महामारी का असर सतत विकास और सतत विकास लक्ष्यों के लिए 2030 के एजेंडा की आकांक्षाओं को पूरा करने में गंभीर चुनौती पैदा करता है, वह भी ऐसे वक्त में, जब दुनिया के काम करने के दशक में प्रवेश करने की संभावना है।

इसमें कहा गया है, कोविड-19 महामारी ने सामाजिक कमजोरियों को बढ़ाया जिससे लोगों की नौकरियां गई खासतौर से अनौपचारिक क्षेत्र में जो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ और इसलिए इस क्षेत्र को पर्याप्त समर्थन मुहैया कराना महत्वपूर्ण है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ब्रिक्स के तहत विभिन्न पहलों को लागू करने की जरूरत और ब्रिक्स समझौता ज्ञापन के तेजी से कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने सतत शहरी प्रबंधन, समुद्री कचरे से निपटने, वायु प्रदूषण और नदियों को साफ करने से संबंधित क्षेत्रों में भारत के प्रयासों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि भारत मानता है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने में वित्त और तकनीकी साझेदारियां अहम स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, भारत पेरिस समझौते और उसकी जलवायु प्रतिबद्धताओं पर काम कर रहा है।

ब्रिक्स देशों ने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था की बहाली के लिए राष्ट्रीय योजनाओं में पर्यावरण में सुधार करने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने वाली पुन:चक्रण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की पहलों को शामिल करने का आह्वान किया।

सारदा घाटाले के सिलसिले में पूर्व पुलिस अधिकारी के घर पर सीबीआई की छापेमारी

भाषा। कोलकाता

करोड़ों रुपए के सारदा पोंजी घोटाले की जांच कर रही सीबीआई के अधिकारियों ने इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा गठित एसआईटी के सदस्य रहे पूर्व पुलिस अधिकारी दिलीप हाजरा के घर पर छापेमारी की। यह जानकारी शुक्रवार को सूत्रों ने दी। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने 28 जुलाई को पूर्व बर्धमान जिले में हाजरा के निवास पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। हाजरा अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं और वह बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय में तैनात थे और 2013 में इस घोटाले का पता चलने के बाद गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) का हिस्सा थे।

पेज एक का शेष

फिर नशे...

में इस समय करीब दो दर्जन लोग विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता के अनुसार मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर शवों को परिजनों के हवाले किया जा चुका है। प्रारंभिक जांच में किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि इन क्षेत्रों में घरों में शराब निकालने का काम होता रहा है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर टांगरा पुलिस चौकी प्रभारी को निलंबित किया जा चुका है। इसके अलावा जांच में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जांच के आदेश देते हुए जालंधर के मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन कर दिया है। जिसमें आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त के अलावा तीनों जिलों के एसपी स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

आंध्र में...

कोई जहरीला पदार्थ को नहीं था। हमने सेनिटाइजर को रसायनिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि ये लोग शराब पीने के आदी थे और कुरीचेंदू में कोविड-19के कारण लॉकडाउन बढ़ने से शराब नहीं मिलने के कारण उन्होंने सेनिटाइजर को चुना जिसमें कुछ नशीली सामग्री होती हैं। मरने वालो में तीन भिखारी, रिक्शाचालक तथा अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को मंदिर के पास दो भिखारियों की मौत हो गई। उनमें से एक घटनास्थल पर मृत पाया गया वहीं दूसरे की दार्सी कस्बे में एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। तीसरे व्यक्ति को बृहस्पतिवार रात दार्सी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि कुछ और लोग सेनिटाइजर पीने के बाद बीमार पड़ गए। उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

रिया पर...

मामले में पक्षकार के रूप में शामिल किए जाने का अनुरोध नहीं किया है, लेकिन हम उनकी याचिका का विरोध करेंगे, क्योंकि इसमें बिहार राज्य के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि यह प्राथमिकी राजपूत के पिता की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राजपूत के पिता पटना में रहते हैं और इसलिए यह मामला राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने चक्रवर्ती के इस दावे को भी बेतुका बताया कि इस संबंधी सभी मामले मुंबई पुलिस को सौंपे जाएं। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर अनुरोध किया है कि रिया की याचिका पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुना जाए। ईडी अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी शिकायत में धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएएल) के तहत आपराधिक आरोप लगाने के लिए अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और कुछ अन्य के खिलाफ बिहार पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लिया है। अधिकारियों ने कहा कि बिहार पुलिस की प्राथमिकी में दर्ज आरोपियों के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि रिया चक्रवर्ती और कुछ अन्य लोगों को मामले में जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। माना जा रहा है कि ईडी ने प्राथमिकी का अध्ययन करने और राजपूत की आय, बैंक खातों तथा कंपनियों के बारे में स्वतंत्र जानकारी जुटाने के बाद मामले को अपने हाथ में लिया। राजपूत के पिता कृष्ण कुमार सिंह (74) ने रिया चक्रवर्ती, उनके परिवार के सदस्यों और छह अन्य के खिलाफ उनके बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर पुलिस में मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी। सिंह ने आरोप लगाया कि उभरती हुई फिल्म अभिनेत्री, रिया ने अपना करियर आगे बढ़ाने के लिए मई 2019 में उनके बेटे से दोस्ती कर ली थी। सुशांत सिंह राजपूत के पिता ने रिया पर यह भी आरोप लगाया कि उसने एक्टर के अकाउंट से 15 करोड़ रुपये अनजान लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए थे। राजपूत के पिता ने अपनी शिकायत में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कानून के प्रावधानों को भी लागू करने की मांग की है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि रिया की मदद उनके माता-पिता समेत परिवार के सदस्यों ने की थी। ईडी राजपूत के पैसों एवं खातों की कथित हेराफेरी के आरोपों की जांच करेगी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी इस बात की जांच करेगी कि क्या किसी ने राजपूत की आय का उपयोग धनशोधन और अवैध संपत्ति बनाने के लिए किया। मुंबई पुलिस पहले से ही राजपूत की मौत की जांच कर रही है। 34 वर्षीय अभिनेता बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में 14 जून को फांसी के फंदे से झूलते मिले थे।

जुलाई में...

के मुताबिक 30 जुलाई तक कुल 1,88,32,970 नमूनों की जांच की गई है जिनमें से 6,42,588 नमूनों की जांच बृहस्पतिवार को की गई। शुक्रवार को हुई 779 लोगों की मौत में से 266 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद तमिलनाडु में 97, कर्नाटक में 83, आंध्र प्रदेश में 68 और उत्तर प्रदेश में 57 लोगों की मौत हुई। वहीं पश्चिम बंगाल में 46, दिल्ली में 29, गुजरात में 22, जम्मू-कश्मीर में 17, मध्य प्रदेश में 14 और राजस्थान तथा तेलंगाना में 13-13 लोगों की मौत हुई है। ओडिशा में 10, पंजाब में नौ, झारखंड में पांच, बिहार, हरियाणा, मणिपुर और उत्तराखंड में चार-चार, गोवा और छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, असम, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा केरल में दो-दो जबकि लद्दाख और पुडुचेरी में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मणिपुर में पहली बार कोविड-19 से मौत के मामले सामने आए हैं। संक्रमण से अब तक हुई 35,747 मौत में, महाराष्ट्र में सबसे अधिक 14,728 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद दिल्ली में 3,936 लोगों की मौत हुई है। तमिलनाडु में 3,838, गुजरात में 2,418, कर्नाटक में 2,230, उत्तर प्रदेश में ।,587, पश्चिम बंगाल में ।,536, आंध्र प्रदेश में ।,281 और मध्य प्रदेश में 857 लोगों ने दम तोड़ा है। राजस्थान में कोविड-19 से अब तक 663 लोगों की, तेलंगाना में 505, हरियाणा में 417, पंजाब में 370, जम्मू-कश्मीर में 365, बिहार में 282, ओडिशा में 169, झारखंड में 103, असम में 94, उत्तराखंड में 76 और केरल में 70 लोगों की मौत हुई है। छत्तीसगढ़ में 51, पुडुचेरी में 48, गोवा में 42, त्रिपुरा में 21, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में 14-14, लद्दाख में सात, मेघालय और नगालैंड में पांच-पांच, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और मणिपुर में चार-चार, अरुणाचल प्रदेश में तीन-तीन, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में दो और सिक्किम में एक व्यक्ति की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 70 प्रतिशत से अधिक लोगों की मौत अन्य गंभीर बीमारियों के चलते हुई है। मंत्रालय ने कहा है कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ पुनर्मिलान किया जा रहा है।

आर्मी थीम...

वेब सीरीज मसलन जी5 के कोड एम और एएलटी बालाजी के ट्रिपल एक्स अनसेंसर्ड (सीजन 2) में दिखाए गए सेना से जुड़े दृश्य न सिर्फ सचाई से कोसों दूर हैं बल्कि इनमें सशस्त्र बलों की छवि को बिगाड़ा भी गया है। इस बात से चिंतित नागरिकों व एसोसिएशन ने एएलटी बालाजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर निर्माता के विरुद्ध कानूनी लड़ाई भी छेड़ दी है। सीरियल कोड एम, एक महिला सैन्य अधिकारी-अधिवक्ता की कहानी है जो कि दो आतंकियों और एक सैनिक की मुठभेड़ की जांच कर रही है। अधिवक्ता जिसकी शादी होने वाली है, वह जांच के दौरान यह पाती है कि सचाई कुछ और ही है। इसी तरह सीरियल ट्रिपल एक्स अनसेंसर्ड में कथित रूप से एक सैन्य अधिकारी की पत्नी के दूसरे आदमी के साथ आपत्तिजनक सीन दिखाए गए हैं। हालांकि विरोध के बाद, सीरीज के निर्माता ने इन दृश्यों को हटा दिया।

अपने राम...

अनुज कुमार झा ने अब तक की तैयारी व्यवस्था के बारे में बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया तथा डीआईजीध्एसएसपी दीपक कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका प्रस्तुत किया। इससे पूर्व मुख्य सचिव का अयोध्या हवाई पट्टी पर स्वागत किया। मुख्य सचिव के साथ पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी, प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार एवं अन्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी थें। सर्किट हाउस में अपर अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश अवस्थी, अपर पुलिस महा निदेशक एसएन सांवतए पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव गुप्ता सहित शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारिया के साथ संक्षिप्त बैठक की इसमें अपर मुख्य सचिव गृह जो कि श्री रामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, राम की पैड़ी मीडिया सेन्टर आदि का पूर्वान्ह में भ्रमण किया था तथा जिलाधिकारी से यह कहा था कि सरयू नदी के जलस्तर को देखते हुए गोताखोर एवं जलपुलिस को भी तैनात करने हेतु निर्देश दिया। पुन: वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम हनुमानगढ़ी का सुरक्षा व्यवस्था का तथा श्री रामजन्मभूमि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मानक के अनुसार अतिथियों के उचित एवं पर्याप्त कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए बैठने की व्यवस्थाए साफसफाई की व्यवस्था भूमि पूजन एवं शिलान्यास स्थल पर बेहतर एवं मानक के अनुसार व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर न्यास के महासचिव चम्पतराय द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। इस स्थल पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा कार्यक्रम स्थल की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई।

बाराकूडा चैम्पियनशिप के बाद अटवाल संयुक्त 38वें स्थान पर

ट्रक्वी (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने बाराकूडा चैम्पियनशिप के पहले दौर में चार बर्डी और दो बोगी लगाए और वह संयुक्त 38वे स्थान पर रहे। भारतीय मूल के स्वीडिश खिलाड़ी डेनियल चोपड़ा चार अंक के साथ संयुक्त 50वे स्थान पर रहे। वही भारतीय मूल के अमेरिकी साहिथ थीगाला सात अंक लेकर संयुक्त 31वे स्थान पर है।

पेरेज की जगह ब्रिटिश ग्रां प्री में भाग लेंगे हुल्केनबर्ग

सिल्वरस्टोन। फार्मूला वन ड्राइवर सर्जियो पेरेज के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद रविवार को ब्रिटिश ग्रांप्री उनकी जगह रेसिंग प्वाइंट टीम में अनुभवी निको हुल्केनबर्ग लेंगे। बत्तीस साल के हुल्केनबर्ग रेनो की टीम में अपनी जगह नही बना पाए थे। रेसिंग प्वाइंट के टीम प्रिंसिपल ओटमार स्जाफ्नऊर ने उन्हे रेस के लिए टीम में शामिल होने का प्रस्ताव दिया तो वह मना नही कर सके। एफ्फ्रन के 177 रेस का अनुभव रखने वाले हुल्केनबर्ग ने कहा, मै एक अन्य रेसिंग प्रोजेक्ट के लिए नूरबर्गरिंग जा रहा था तभी ओटमार का फोन आया।

विश्व कप विजेता हावेड्स ने फुटबॉल से संन्यास लिया

बर्लिन। जर्मनी को 2014 में विश्व कप खिताब दिलाने में मदद करने वाले डिफेंडर बेनेडिक्ट हावेड्स ने शुक्रवार को पारिवारिक कारणो से फुटबॉल से संन्यास ले लिया। बत्तीस साल के हावेड्स ने पिछले महीने आपसी रजामंदी से लोकोमोटिव मॉस्को को छोड़ने का फैसला किया था जबकि कोरोना वायरस महामारी के कारण रूसी लीग को भी निलंबित कर दिया गया था। हावेड्स ने जर्मनी की मैग्जीन डर स्पिगेल से कहा कि छुट्टियो पर छोटे बेटे के साथ समय बिताने के बाद उन्हे परिवार से दूर होने मे परेशानी होनी लगी और अचानक उन्हे फुटबॉल इतनी महत्वहीन लगने लगी कि उन्होने इससे संन्यास लेने का फैसला किया।

क्रेग के बेटे एलिस्टर ने क्रिकेट को अलविदा कहा

मेलबर्न। लगातार चोटो से आजिज आ चुके क्वीसलैंड के तेज गेंदबाज और आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज क्रेग के बेटे एलिस्टर मैकडरमोट ने महज 29 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मैकडरमोट ने 2009 में 18 वर्ष की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह 2011 में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब पहुंचा।

वर्स्टापेन ने ब्रिटिश ग्रां प्री में सबसे तेज समय निकाला

सिल्वरस्टोन। रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ने शुक्रवार को ब्रिटिश ग्रां प्री के लिए पहले अभ्यास सत्र में सबसे तेज समय निकाला जबकि फेरारी के ड्राइवर सेबेस्टियन वेटल कार में समस्या के कारण ज्यादातर सत्र में बाहर ही रहे। वर्स्टापेन ने अपनी रेड बुल से एक मिनट 27.422 सेकेंड का समय निकाला जिससे वह चैम्पियनशिप में शीर्ष पर चल रहे मर्सीडीज के लुईस हैमिल्टन से .474 सेकेंड आगे रहे।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए चयन समिति में सहवाग व सरदार भी होंगे

● सेवानिवृत न्यायाधीश मुकुंदम समिति के अध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2020 के लिए शुक्रवार को चयन समिति की घोषणा की जिसमें पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और पूर्व हॉकी कप्तान सरदार सिंह को शामिल किया गया है।

मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश मुकुंदम शर्मा समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति के सदस्यों में सहवाग (क्रिकेट), सरदार (हॉकी), मोनालिसा बरूआ मेहता (टेबल टेनिस), दीपा मलिक (पैरा एथलेटिक्स) और वेंकटेशन देवराजन (मुक्केबाजी) शामिल हैं। इनके अलावा मशहूर खेल कमेंटेटर मनीष बटाविया, खेल पत्रकार आलोक सिन्हा और नीरू भाटिया भी समिति में होंगे। खेल मंत्रालय से भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, खेल विभाग के संयुक्त सचिव एल एस सिंह और टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) योजना के सीईओ राजेश राजागोपालन समिति में होंगे। द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए अध्यक्ष दो अतिरिक्त सदस्यों को शामिल कर सकता है जो द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित रह चुके हों। यह समिति राजीव गांधी खेल रत्न, द्रोणाचार्य पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्राफी के विजेताओं का चयन करेगी। ये पुरस्कार 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिए जाते हैं।

वेगनेर की तरह प्रभावी नहीं होगा भारत का तेज आक्रमण : वेड

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर मैथ्यू वेड का मानना है कि आगामी आस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का मजबूत तेज आक्रमण बाउंसर फेंकने वाले न्यूजीलैंड के नील वेगनेर की तरह प्रभावी नहीं होगा। वेगनेर ने पिछले सत्र में टेस्ट श्रृंखला के दौरान आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर बाउंसर्स की बौछार कर दी थी। उन्होंने स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और मार्नस लाबुशेन को मिलाकर दस बार आउट किया। भारतीय टीम को साल के आखिर में आस्ट्रेलिया का दौरा करना है। वेड ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, टीमें कोशिश कर सकती हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे कामयाब होंगी। मुझे नहीं लगता कि किसी ने उतने बाउंसर डाले होंगे जितने वेगनेर ने और वह भी लगातार। उसने विकेट भी चटकाए। भारतीय गेंदबाज भी कोशिश करेंगे लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे उतने प्रभावी होंगे। वेगनेर के पास अनुभव है। मैने ऐसा गेंदबाज नहीं देखा जो बाउंसर इतने सटीक डालता हो।

मेरा सर्वश्रेष्ठ अभी आना बाकी : डेविड विले

साउथम्पटन। पिछले साल विश्व कप टीम से ऐन मौके पर बाहर किए गए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विले ने आयरलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पांच विकेट लेकर वापसी की लेकिन उनका कहना है कि अभी उनका सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है। इंग्लैंड के लिए 47 वनडे में 57 विकेट ले चुके विले को पिछले साल विश्व कप टीम में नहीं चुना गया था। जोफ्रा आर्चर को उन पर तरजीह दी गई थी। विले ने कहा कि अबु धाबी टी10 लीग के दौरान वह काफी बुरे समय से गुजर रहे थे।

कठिन परिस्थितियों में सफल होता है स्टोक्स, इसलिए हर कप्तान उसे टीम में चाहता है : स्मिथ

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने अपनी टीम के मुख्य आल राउंडर के बारे में कहा कि बेन स्टोक्स हर मुश्किल परिस्थिति में कामयाब होने की इच्छा रखता है इसलिए हर कप्तान उसे अपनी टीम में रखना चाहेगा। लेकिन स्मिथ उम्मीद कर रहे हैं कि इंग्लैंड में आस्ट्रेलिया की सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान स्टोक्स अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करे बल्कि संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की जर्सी के लिए इसे बचाकर रखे। स्मिथ ने तीन पार्ट में आने वाली डाक्यू-सीरीज इनसाइड स्टोरी : ए सीजन विद राजस्थान रॉयल्स की स्क्रीनिंग के दौरान पीटीआई-भाषा से कहा, इंग्लैंड की शानदार टीम के खिलाफ कुछ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना शानदार होगा जिसमें राजस्थान रॉयल्स के मेरे कुछ साथी (जोफ्रा आर्चर, बेन स्टोक्स और जोस बटलर) भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, उम्मीद करते हैं कि वे ज्यादा रन नहीं बनाए या ज्यादा विकेट नहीं लें और आईपीएल के लिए बचाकर रखें। स्मिथ स्टोक्स की तारीफ करते हुए नहीं थके, जिनका पिछला साल सभी प्रारूपों में शानदार रहा था। मैंने स्टोक्स को बेहतरीन से बेहतरीन बनते हुए देखा है। उसका विश्व कप बेहतरीन रहा था और हाल में टेस्ट मैचों ने उसने शानदार प्रदर्शन किया। उसने खूबसूरत गेंदबाजी की और कुछ विकेट भी चटकाए। वह ऐसा खिलाड़ी है जो हर चीज में शामिल होना चाहता है, वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फिर क्षेत्ररक्षण। वह हर जगह सुर्खियों में होना चाहता है। आप अपनी टीम में ऐसे खिलाड़ी चाहते हो क्योंकि वे मुश्किल परिस्थितयों में अच्छा करना चाहते हैं।

पहले वनडे में इंग्लैंड ने आयरलैंड को हराया

साउथम्पटन। डेविड विले ने इंग्लैंड टीम में शानदार वापसी करते हुए पांच विकेट चटकाए जिसकी मदद से विश्व चैम्पियन टीम ने पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड को छह विकेट से हराया। विले को पिछले साल विश्व कप टीम से बाहर करके जोफ्रा आर्चर को तरजीह दी गई थी। पहली बार विश्व कप जीतने के बाद अपनी धरती पर यह इंग्लैंड का पहला वनडे मैच था। विले ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिसकी बदौलत इंग्लैंड ने आयरलैंडको 44 . 4 ओवर में 172 रन पर आउटकर दिया। इसके बाद छह विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल किया। एक समय पर हालांकि इंग्लैंड के चार विकेट 78 रन पर गिर गए थे लेकिन सैम बिलिंग्स ने 54 गेंद में नाबाद 67 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने इयोन मोर्गन के साथ 96 रन की अटूट साझेदारी की। इंग्लैंड ने 22.1 ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल किया। इस श्रृंखला के जरिए आईसीसी क्रिकेट विश्व सुपर लीग का भी आगाज हो गया जो भारत में 2023 में होने वाले विश्व कप की क्वालीफिकेशन प्रक्रिया का हिस्सा है।

एफपीएआई ईस्ट बंगाल को आईएसएल में शामिल करने की बात करके विवाद में फंसा

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी संघ (एफपीएआई) शुक्रवार को तब विवाद में फंस गया जब उसने अपने अध्यक्ष रेनेडी सिंह की सहमित के बिना ईस्ट बंगाल क्लब को शीर्ष टीयर की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में शामिल करने के लिए एआईएफएफ और आईएसएल आयोजक को पत्र लिख दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) को पत्र लिखकर संघ ने संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध किया कि वे इस मामले का जल्दी हल निकालने के लिए अपने मतभेदों को अलग रखें। एफपीएआई महासचिव साइरस फन्फेक्शनर ने पत्र में लिखा, संघ में हम आपसे अनुरोध करते हैं कि ईस्ट बंगाल को बिना किसी हिचकिचाहट या विलंब के आईएसएल में शामिल कर लें।

भारतीय फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर पर ध्यान देना जरूरीः भूटिया

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने एक बार फिर से एशियाई स्तर पर ताकतवर टीम बनाने के लिए जमीनी स्तर पर खेल के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। भूटिया ने कहा कि टीम को मजबूत करने के दीर्घकालिक लक्ष्य के तहत जमीनी स्तर पर ध्यान केंद्रित कर भारतीय फुटबॉल को एशियाई और विश्व स्तर पर मजबूत बनाया जा सकता है। भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ इंस्टाग्राम सत्र में कहा, हमें अच्छी गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों की जरूरत हैं। ऐसा कहने का मेरा मतलब यह नहीं है कि हमारे पास अभी अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं।

निशानेबाजी शिविर स्थगित किया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ ने कोरोना वायरस महामारी से उपजे हालाज के मद्देनजर ओलंपिक कोर समूह के लिए अनिवार्य अभ्यास शिविर स्थगित कर दिया है। गुरूवार को कर्णी सिंह रेंज पर एक निशानेबाजी कोच कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाई गई थी। इसके कारण हालांकि रेंज बंद नहीं होगी।

आईपीएल के दौरान 30 से 50 प्रतिशत स्टेडियम भरना चाहते हैं : एमिरेट्स बोर्ड

भाषा। नई दिल्ली

एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सचिव मुबाशशिर उस्मानी ने शुक्रवार को कहा कि अगर सरकार मंजूरी देती है तो वे संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में स्टेडियमों को 30 से 50 प्रतिशत तक दर्शकों से भरना चाहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तारीखों की घोषणा करते हुए इसके अध्यक्ष ब्रजेश पटेल ने पीटीआई से कहा था कि 19 सितंबर से आठ नवंबर तक होने वाले टी20 टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों को मैदान में जाने की अनुमति देने का फैसला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार द्वारा लिया जाएगा। तारीखों की घोषणा करने के बावजूद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी यूएई में आईपीएल कराने को लेकर भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। उम्मानी ने फोन पर कहा, एक बार हमें बीसीसीआई से (भारत सरकार की मंजूरी के बारे में) पुष्टि हो जाए तो हम अपनी सरकार के पास पूर्ण प्रस्ताव और मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के साथ जाएंगे जो हमारे और बीसीसीआई द्वारा तैयार किया गया होगा। हम निश्चित रूप से हमारे लोगों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का अनुभव कराना चाहेंगे लेकिन यह पूरी तरह से सरकार का फैसला होगा।

एसओपी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेल्पलाइन से फ्रेंचाइजी को ऐतराज नहीं

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कोविड-19 महामारी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यो के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेल्पलाइन पर चर्चा कर रहा, जिसमें जैव-सुरक्षित माहौल मे कई सप्ताह तक रहने से जुड़ी चुनौतियो के बारे मे बताया जाएगा। हेल्पलाइन नंबर शुरू करने पर अगर बात बनती है तो बोर्ड इसे 19 सितंबर से यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) मे शुरू होने वाले 13वे सत्र के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का हिस्सा बना सकता है। अगर जरूरत पड़ी तो ऐसी हेल्पलाइन उन्हे (खिलाड़ी, सहयोगी सदस्य) तनाव और चिंता से बेहतर तरीके से निपटने मे मदद कर सकती है। बीसीसीआई रविवार को संचालन समिति की बैठक के बाद सभी आठ फ्रेंचाइजी के लिए एक व्यापक एसओपी जारी करने के लिए तैयार है, जहां अंतिम कार्यक्रम पर मुहर लगेगी।कुछ फ्रेंचाइजी द्वारा लंबे समय तक परिवारो से दूर रहने के दबाव के बारे मे यह सवाल उठाया गया है।

शेयर बाजारों में तीसरे दिन भी गिरावट

● सेंसेक्स 129 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई

वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से शुक्रवार को सेंसेक्स 129 अंक और टूट गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जबकि बाजार नीचे आया है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 129.18 अंक या 0.34 प्रतिशत के नुकसान से 37,606.89 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 28.70 अंक या 0.26 प्रतिशत टूटकर 11,073.45 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 522.01 अंक या 1.36 प्रतिशत नीचे आया है। वहीं निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर 120.70 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट आई है। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 1.98 प्रतिशत टूट गया। निवेशकों ने मौजूदा उच्चस्तर पर रिलायंस के शेयरों में मुनाफा काटा। कंपनी ने जून तिमाही में रिकॉर्ड 13,248 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। हिस्सेदारी बिक्री से जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज को एकमुश्त लाभ हुआ है, वहीं दूरसंचार कारोबार में बंपर आय से कंपनी कोविड-19 की वजह से रिफाइनिंग, पेट्रो रसायन तथा खुदरा खंड में आई गिरावट की भरपाई कर पाई है। कंपनी के नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित किए गए। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक, बजाज ऑटो तथा अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे।

रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ 74.81 पर बंद

भाषा। मुंबई

वैश्विक मुद्राओं की तुलना में शुक्रवार को डॉलर का रुख कमजोर रहा। इसके चलते अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की मजबूती के साथ 74.81 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 74.74 पर मजबूत रुख के साथ खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 74.68 रुपए प्रति डॉलर के उच्चस्तर और 74.90 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए की विनिमय दर महज तीन पैसे की तेजी दर्शाती 74.81 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पिछले सत्र में रुपया 74.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002, (भारत)
फोन : 91–11–23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079 (रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत तिमाही समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित	पृथक्कृत तिमाही समाप्त 31–03–2019 लेखापरीक्षित	पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित	पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31–03–2019 लेखापरीक्षित	समेकित वर्ष समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित	समेकित वर्ष समाप्त 31–03–2019 लेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	(3.20)	5.87	(3.19)	5.90	(3.08)	26.05
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ	(3.78)	3.36	(6.72)	0.64	(8.02)	13.41
3	अवधि हेतु कुल अन्य समावेशी आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ तथा अन्य समावेशी आय सम्मिलित है)	(3.78)	3.36	(6.34)	(4.42)	(26.96)	(5.65)
4	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर)	24.00	24.00	24.00	24.00	24.00	24.00
5	संचेय (पूर्व लेखा वर्ष के तुलनपत्र में दर्शित पुनर्मूल्यन संचेय को छोड़कर)	-	-	-	-	-	-
6	प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मद के पूर्व और पश्चात) (रू.....प्रत्येक का)						
	मूल	(1.58)	1.40	(2.80)	0.27	(3.34)	5.59
	तनुकृत	(1.58)	1.40	(2.80)	0.27	(3.34)	5.59

नोट :
1. उपरोक्त लेखापरीक्षित परिणाम निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 31–07–2020 को आयोजित उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं तथा सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की गई है और इन वित्तीय परिणामों पर असंशोधित रिपोर्ट व्यक्त की है।
2. समेकित वित्तीय परिणामों में आईएनडी–एएस के परिणाम शामिल हैं, जैसाकि कम्पनी नियमावली, 2015 (यथा संशोधित) के तहत अधिसूचित, कम्पनी अधिनियम–2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट है।
3. पूर्व अवधियों हेतु आंकड़े, जहां आवश्यक है, पुनर्गठित/पुनर्समूहित किए गए हैं।
4. लेखांकन मानक 17 के अनुसार खण्ड प्रतिवेदन लागू नहीं है।

वास्ते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड
हस्ता./–
विवेक गुप्ता
(निदेशक)
(डीआईएन नंबर : 00035916)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 31–07–2020

रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएनः एल74899डीएल1976पीएलसी008036
पंजी. कार्यालयः यूनिट नंबर 8, भू तल, पाकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली–110076
फोनः 011–47366600, ई–मेलः info@rotoindia.co.in वेबसाइटः www.rotoindia.co.in

31–03–2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

विवरण	तिमाही समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित	तिमाही समाप्त 31–03–2019 लेखापरीक्षित
परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	11.83	14.72	7.71
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदो से पहले)	6.91	1.90	3.15
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदो के बाद)	6.91	1.90	3.15
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदो के बाद)	6.38	1.37	2.62
अवधि हेतु कुल समावेशी आय खंजिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है,	6.41	1.40	2.65
इक्विटी शेयर पूंजी	360.13	360.13	360.13
प्रति शेयर अर्जन मूल एवं तनुकृत (वार्षिककृत नहीं)	0.02	0.04	0.07

नोटः
1. उपरोक्त विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.rotoindia.co.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामो की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई थी तथा निदेशक मंडल द्वारा 31–07–2020 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
नरेश कुमार बंसल
निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 31–07–2020

RAMPUR FERTILIZERS LIMITED

Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur 244 901 (U.P.). CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com, Web.: www.rampurfert.com, Tel. No.: 0595-2352028, Fax No.: 0595-2352030
EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31 MARCH, 2020
(Rs. In Lacs)

S. No.	Particulars	Standalone Results				Consolidated Results	
		Quarter Ended		Year Ended		Year Ended	
		31.03.2020	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2019
		Audited				Audited	
1	Total Income from Operation	347.93	478.36	2370.16	2843.79	2370.16	2843.79
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	-23.06	-56.52	431.65	570.58	431.65	570.59
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-23.06	-56.52	431.65	570.58	431.65	570.59
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-59.1	-151.09	300.61	441.01	300.61	441.02
5	Net Profit/(Loss) for the period after taxes, minority interest & share of Profit / (Loss) of Associates	-	-	-	-	311.89	450.74
6	Equity Share Capital	494.82	494.82	494.82	494.82	494.82	494.82
7	Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	973.36	672.75	1008.65	696.75
8	Earnings per equity share (before and after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) (a) Basic and Diluted	-1.19	-3.05	6.08	8.91	6.3	9.11

NOTE: The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results is available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to stock exchanges to upload on their websites i.e. www.cse-india.com and www.msei.in respectively.

By order of the Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

Place: New Delhi
Date : 31.07.2020

कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली–110007
वेबसाइटः www.cosco.in ई–मेलः mail@cosco.in
फोन : 91–11–23843000 फैक्स : 91–11–23846000

31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त	
		31.03.2020	31.03.2019	31.12.2019	31.03.2020	31.03.2019
		लेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	3,335.30	3,202.89	3,114.40	13,435.82	13,362.35
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व	4.23	61.97	63.37	221.78	469.71
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर के बाद	19.58	62.48	57.79	180.72	301.77
4	अवधि हेतु कुल समावेशी आय खंजिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं,	18.67	56.37	57.79	179.81	295.66
5	इक्विटी शेयर पूंजी	416.10	416.10	416.10	416.10	416.10
6	अन्य इक्विटी	-	-	-	3,504.85	3,325.04
7	प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का)					
(क)	मूल (रू.)	0.47	1.50	1.39	4.34	7.25
(ख)	तनुकृत (रू.)	0.47	1.50	1.39	4.34	7.25

नोट्सः–
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com/corporates तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणाम लेखापरीक्षा समिति और निदेशक मंडल की 31 जुलाई, 2020 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठक में पुनरीक्षित और अनुमोदित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन : 00191539

स्थान : दिल्ली
तिथि : 31–07–2020

लद्दाख में चीन की आक्रामकता, भूटान में जमीन पर दावे उसके इरादों को दिखाते हैं: पोम्पिओ

● अमेरिकी विदेश मंत्री का ड्रैगन पर निशाना

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि भारत के पूर्वी लद्दाख में चीन की हालिया आक्रामकता और भूटान में भूमि के लिए दावे उसके इरादों को दिखाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग के नेतृत्व में बीजिंग यह देखने के लिए दुनिया की परीक्षा ले रहा है कि क्या कोई उसकी धमकियों और उकसावे वाली गतिविधियों के खिलाफ खड़ा होता है।

भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में पांच मई के बाद से गतिरोध चल रहा है। पिछले महीने हालात तब बिगड़ गए जब गलवान घाटी में झड़पों में भारतीय सेना के 20 कर्मी शहीद हो गए।चीन ने हाल ही में ग्लोबल एनवायरमेंट फैसिलिटी (जीईएफ) काउंसिल में भूटान में साकतेंग वन्यजीव अभयारण्य पर दावा जताया और परियोजना के वित्त पोषण का विरोध किया।

पोम्पिओ ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस में सुनवाई के दौरान प्रतिनिधिसभा की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों से कहा कि वे दशकों से दुनिया को जिसका संकेत दे रहे हैं उनके कार्य भी पूरी तरह से उसके अनुरूप हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि चीन अपनी शक्ति और पहुंच बढ़ाना चाहता है।

उन्होंने कहा, भूटान में जमीन पर अब उन्होंने जो दावा किया है, भारत में जो आक्रमण किया ए सभी चीन के इरादों को दिखाते हैं और वे यह देखने के लिए दुनिया की परीक्षा ले रहे हैं कि क्या हम उनके खतरों और उकसावों के खिलाफ खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा, एक साल पहले के मुकाबले अब मैं ज्यादा विश्वास के साथ कह सकता हूं कि दुनिया यह करने के लिए तैयार है। बहुत काम अभी करने बाकी हैं और हमें इसके बारे में गंभीर होने की जरूरत है।पोम्पिओ ने सांसदों से कहा कि भारत ने चीन की 106 ऐप को प्रतिबंधित कर दिया जो उसके नागरिकों की निजता और सुरक्षा के लिए खतरा थी।

उन्होंने कहा, हमारे कूटनीतिक प्रयास काम कर रहे हैं और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से पैदा खतरे दूर करने की कोशिशें चल रही हैं। सभी 10 आसियान देशों ने जोर दिया कि दक्षिण चीन सागर विवाद अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर हल किया जाए। जापान ने हांगकांग को निशाना बनाने वाले चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की निंदा करने में जी-7 देशों का नेतृत्व किया। पोम्पिओ ने कहा कि यूरोपीय संघ ने भी कानून की निंदा की और चीन को हमारा एक व्यवस्थागत प्रतिद्वंद्वी घोषित किया।उन्होंने कहा, हमने ह्यूस्टन में चीन का वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया क्योंकि यह जासूसों का अड्डा था।

मक्का में काबा की परिक्रमा करते मुस्लिम श्रद्धालु

बाइडेन के समर्थकों ने भारतीय-अमेरिकियों तक पहुंच बढ़ाने लिए 14 भाषाओं में शुरू किया अभियान

भाषा। वाशिंगटन

● डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय भाषाओं में चुनावी नारा तब दिया जब चार साल पहले चुनावी नारे अब की ट्रंप सरकार को सफलता मिली थी

अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के समर्थकों ने प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए 14 भाषाओं में एक अभियान शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

उदाहरण के लिए बाइडेन के प्रचार अभियान ने अमेरिका का नेता कैसा हो, जो बाइडेन जैसा हो चुनावी नारा तैयार किया है जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के एक लोकप्रिय चुनावी नारे से लिया गया है।विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय भाषाओं में चुनावी नारा तब दिया है जब चार साल पहले 2016 में ट्रंप के चुनावी नारे अब की ट्रंप सरकार को काफी सफलता मिली थी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के चुनावी नारे अब की बार मोदी सरकार की तर्ज पर बनाया गया था।

बाइडेन के चुनाव प्रचार के लिए राष्ट्रीय वित्त समिति के सदस्य अजय भुटोरिया ने कहा कि उनका प्रचार अभियान भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं से उनकी ही भाषाओं में पहुंच बनाने की योजना बना रहा है।

अभी वह भारतीय-अमेरिकियों से 14 से अधिक भाषाओं में संवाद करने के लिए बाइडेन एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) टीम के साथ समन्वय कर रहे हैं। इन भाषाओं में हिंदी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, उर्दू, कन्नड़, मलयाली, उड़िया, मराठी और नेपाली शामिल हैं।

भुटोरिया ने माना कि यह भारत से प्रेरित है जहां चुनाव आकर्षक नारों और लाउडस्पीकरों पर बॉलीवुड के बजते गानों के साथ होने वाली रैलियों के बीच सामुदायिक जश्न होते हैं।

अमेरिका का नेता कैसा हो, जो बाइडेन जैसा हो नारा देश में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं में वैसा ही जोश पैदा करने के लिए बनाया गया है। राष्ट्रपति पद के चुनाव तीन नवंबर को होने हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडेन रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं।

अफगानिस्तान में आत्मघाती हमले में नौ की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी लोगार प्रांत में बृहस्पतिवार को आत्मघाती बम हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई तथा 40 लोग घायल हो गए। यह हमला प्रांत की राजधानी पुल-ए-आलम में एक पुलिस जांच चौकी को निशाना बनाकर किया गया था।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक एरियन ने पहले कहा कि हमले की चपेट में आए ज्यादातर लोग आम नागरिक हैं लेकिन बाद में बताया कि मारे गए छह लोग पुलिसकर्मी तथा तीन आम नागरिक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमले में ज्यादा संख्या में आम नागरिक घायल हुए हैं। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता शाहपुर अहमदजई ने बताया कि हमले में मारे गए आम लोग वे हैं जो कार में सवार थे और चौकी पर जांच के लिए रुके थे। मृतकों के अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं।

यूरोपीय संघ ने रूस, चीन और उत्तर कोरिया के साइबर जासूसों पर पहली बार लगाए प्रतिबंध

एपी। ब्रसेल्स

यूरोपीय संघ (ईयू) ने साइबर हमलों पर पहली बार प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें कथित रूसी सैन्य एजेंटों, चीनी साइबर जासूसों और उत्तर कोरिया की एक कंपनी समेत कुछ अन्य संगठनों पर लागू किया है।

जिन छह लोगों और तीन समूहों पर ए प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी भी शामिल है। यूरोपीय संघ मुख्यालय ने एक बयान में उन्हें 2017 के वाना क्राय रैंसमवेयर और नॉटपेट्या मालवेयर हमलों तथा क्लाउड हॉपर साइबर जासूसी अभियान के लिए जिम्मेदार बताया है।

ईयू विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने बृहस्पतिवार को कहा था कि ए प्रतिबंध व्यक्तियों के संबंध में यात्रा पर और संपत्तियों के लेन-देन पर रोक है तथा कंपनियों एवं निकायों की संपत्ति के हस्तांतरण पर रोक है। इसके साथ ही सूचीबद्ध व्यक्तियों और कंपनियों एवं निकायों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर निधि उपलब्ध कराना भी प्रतिबंधित किया गया है।

जीआरयू सदस्यों के तौर पर पहचाने गए चार रूसी नागरिकों पर नीदरलैंड के संगठन प्रोहिबिशन ऑफ केमिकल वेपन्स या ओपीसीडब्ल्यू का वाई-फाई नेटवर्क हैक करने का आरोप है इस संगठन ने सीरिया में रसायनिक हथियारों के प्रयोग की जांच की थी। 2018 में हुए इस हमले को डच अधिकारियों ने विफल कर दिया था।

जीआरयू पर नोटपेट्या के लिए भी प्रतिबंध लगाए गए हैं जिसने यूक्रेन के साथ कारोबार करने वाली कंपनियों को निशाना बनाया था और विश्व भर में इसके कारण अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था तथा 2015 और 2016 में यूक्रेन की पावर गिर्ड पर साइबर हमले भी किए गए।

वहीं प्रतिबंधित दो चीनी नागरिकों पर ऑपरेशन क्लाउड हॉपर में संलिप्तता का आरोप है जिसके बारे में ईयू का कहना है कि इसने क्लाउड सेवा प्रदाताओं के जरिए छह द्वीपों की कंपनियों को प्रभावित किया था और व्यावसायिक दृष्टि से संवेदनशील डेटा तक अनधिकृत पहुंच बनाई थी जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ था।

इसके अलावा उत्तर कोरियाई कंपनी चोसून एक्सपो पर प्रतिबंध लगाए गए हैं जिसके बारे में ईयू का कहना है कि उसने वानाक्राय साइबर हमलों, सेनी पिक्चर्स की हैकिंग और वियतनामी तथा बांग्लादेशी बैंकों की साइबर लूट में सहयोग किया है।

पेरिस में विरोध प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच टूरिस्ट गाइड

सिंगापुर में कोरोना के 396 नए मामले

सिंगापुर। सिंगापुर में शुक्रवार को 396 विदेशी श्रमिक कोविड-19 से संक्रमित पाए गए जिससे देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 52,205 हो गई। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने दी।स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में बाहर से आए लोगों के भी तीन मामले थे और ऐसे व्यक्तियों को उनके देश में पहुंचने पर घर पर पृथकवास में रखा गया। इस वर्ष जनवरी में कोविड-19 की जांच शुरू होने के बाद से देश में कोरोना वायरस के कुल 52,205 मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार को 210 मरीजों को ठीक होने के बाद विभिन्न अस्पतालों एवं सामुदायिक पृथक केंद्रों से छुट्टी दी गई। कुल मिलाकर देश में 46,308 मरीज संक्रमण से पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में 148 संक्रमित मरीज हैं जिनका अस्पतालों में अभी इलाज चल रहा है। इनमें से अधिकतर की स्थिति स्थिर है।

अमेरिका में संक्रमण का स्तर दूसरी बार चरम पर

एपी। न्यूयॉर्क

अमेरिका में कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या जहां तेजी से बढ़ रही है, वहीं जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ के पास यह अच्छी खबर है कि संक्रमण के मामलों में आया दूसरा उछाल अब स्थिर स्तर पर पहुंचता प्रतीत हो रहा है।

वैज्ञानिकों में इसे लेकर किसी भी तरह का संतोष नहीं है। उन्होंने आगाह किया है यह रूझान चार बड़े शहरों - एरिजोना, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और टेक्सास में ही प्रमुता से दिख रहा है जबकि करीब 30 राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं। वहीं प्रकोप का केंद्र सन बेल्ट (अमेरिका का दक्षिणी हिस्सा) से मध्यपश्चिम की तरफ सरकता प्रतीत हो रहा है। कुछ विशेषज्ञों को इस बात की चिंता है कि क्या मामलों में दिख रहा सुधार टिका रह पाएगा। यह भी साफ नहीं है कि मौत के मामले कब घटेंगे। कोविड-19 से होने वाली मौत संक्रमण के कर्व के ठीक साथ-साथ घटती- बढ़ती नहीं हैं और इसका कारण यह है कि वायरस से बीमार पड़ने और मरने में हफ्तों लग सकते हैं। सरकार के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ एंथनी फाउची ने कहा, भविष्य क्या होगा? मेरे हिसाब से इसका अनुमान लगाना बहुत कठिन है। वायरस के कारण अमेरिका में अब तक 1,50,000 लोगों की मौत हो चुकी है जो विश्व में सबसे ज्यादा है।

पिछले हफ्ते से, अमेरिका में कोविड-19 से हर दिन औसतन 25 प्रतिशत मौत के मामले बढ़े हैं, 843 से 1,057। फ्लोरिडा में बृहस्पतिवार को 253 लोगों की मौत हुई जबकि टेक्सास में 322 और कैलिफोर्निया में 391 लोगों ने इस बीमारी के कारण दम तोड़ दिया।

ब्रिटेन ने ईद के मद्देनजर कड़े लॉकडाउन नियमों की घोषणा की

लंदन। मैनचेस्टर, ब्रैडफोर्ड और लीसेस्टर शहरों समेत उत्तरी इंग्लैंड में लाखों परिवारों को ब्रिटेन के बाकी हिस्सों की तुलना में शुक्रवार से कड़े लॉकडाउन नियमों का सामना करना पड़ेगा। ब्रिटेन में कोविड-19 मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका में ईद के मद्देनजर कड़े लॉकडाउन नियमों की घोषणा की गई है। नियमों के तहत एक साथ घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध शामिल है।

ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने बताया, हम कोरोना वायरस के प्रसार के नवीनतम आंकड़ों को लगातार देख रहे हैं, और दुर्भाग्यवश हमने उत्तरी इंग्लैंड के कुछ हिस्सों में संक्रमण की बढ़ती दर देखी है। उन्होंने कहा, संक्रमण का प्रसार काफी हद तक घरों में मिलने-जुलने और सामाजिक दूरी बनाए रखने संबंधी नियम का पालन नहीं करने के कारण होता है।

अमेरिका, चीन को एक-दूसरे के वाणिज्य दूतावासों को बंद करने से हुआ नुकसान

एपी। वाशिंगटन

एक-दूसरे के वाणिज्य दूतावास को बंद करने से अमेरिका और चीन ने अपने बढ़ते तनावपूर्ण रिश्तों में आपस में बहुत नुकसान पहुंचाया है और उन्होंने क्षेत्रों की निगरानी और जासूसी करने की एक-दूसरे की क्षमता को भी कम किया है। अमेरिका के लिए दक्षिणपश्चिम चीन में चेंगदू वाणिज्य दूतावास का बंद होना तिब्बत में उसकी निगरानी को कमजोर करता है जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां बौद्ध निवासियों का कहना है कि बीजिंग उनकी सांस्कृतिक और पारंपरिक आजादी को खत्म कर रहा है। चीन का कहना है कि तिब्बत सदियों से उसका क्षेत्र रहा है।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार चीन के लिए ह्यूस्टन वाणिज्य दूतावास का बंद होना उसके जासूसी नेटवर्क के केंद्र का खात्मा होना है। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और नवंबर में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के मद्देनजर अमेरिका और चीन के बीच तनावपूर्ण चल रहे रिश्तों में एक-दूसरे के वाणिज्य दूतावास बंद करने से और खटास पैदा हो गई है। महामारी से निपटने में नाकाम रहने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे ट्रंप इस महामारी के लिए चीन को दोषी ठहराते रहे हैं।शंघाई में 2008 से 2011 तक अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में महावाणिज्य दूत के तौर पर काम कर चुकी बीट्रिस कैम्प ने कहा कि रिश्तों में तनाव से कृषि, ऊर्जा, विमानन, पर्यावरण और वाणिज्यिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र पर असर पड़ेगा। प्रत्एक शहर में वीजा मांगने वाले चीनी और अमेरिकी नागरिकों को परेशानी होगी। ह्यूस्टन में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने चीन के जासूसी नेटवर्क के केंद्र को हटा दिया है जो 25 से अधिक शहरों में फैला हुआ था, खुफिया जानकारी एकत्रित कर रहा था, बौद्धिक संपदा चोरी करने की कोशिश कर रहा था और असंतुष्टों के निर्वासित परिवारों को चीन लौटने के लिए विवश करने की कोशिश करते हुए उनका उत्पीड़न कर रहा था।एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि चेंगदू स्थित दूतावास चीनी लोगों खासतौर से उस जिले के लोगों को समझने और उनसे संवाद करने के लिहाज से महत्वपूर्ण था। इस क्षेत्र में तिब्बत भी आता है।अमेरिका का चेंगदू में दूतावास 35 वर्षों से था लेकिन दक्षिणपश्चिम चीन में उसकी मौजूदगी इससे पहले से है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिकी विमानों ने भारत और म्यामां में स्थित अड्डों से इस इलाके में चीनी सेना को सामान की आपूर्ति की थी। कई वर्षों तक चेंगदू में यह एक मात्र दूतावास था जबकि अन्य देशों को अपने राजनयिक मिशन चोंगकिंग शहर में बनाने के लिए विवश होना पड़ा। चेंगदू को तिब्बत के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जाता था जहां विदेशियों के जाने पर लंबे समय से पाबंदी रही है। चीन का कहना है कि तिब्बत सात सदियों से उसका क्षेत्र है लेकिन तिब्बत में कई लोगों का कहना है कि वे स्वतंत्र रहे हैं।तिब्बत के बौद्ध आध्यात्मिक नेता दलाई लामा चीनी शासन के खिलाफ बढ़ते आक्रोश के बीच 1959 में भारत चले गए थे और बीजिंग ने निर्वासन में उनकी स्व घोषित सरकार के साथ संवाद करने से इनकार कर दिया।तनाव से पहले चीन में अमेरिका के राजदूत टेरी ब्रैनस्टाड ने पिछले साल तिब्बत की यात्रा की थी और बीजिंग से दलाई लामा के साथ ठोस बातचीत करने तथा धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अनुरोध किया था।

पाक में अमेरिकी नागरिक की अदालत में हत्या मामले में कार्रवाई की मांग

वाशिंगटन। पाकिस्तान में अदालत कक्ष में एक अमेरिकी नागरिक ताहिर नसीम की हत्या पर अमेरिका ने हैरानी और नाराजगी जाहिर की और इस्लामाबाद से कहा कि वह प्राय: गलत तरीके से इस्तेमाल होने वाले ईशनिंदा कानून में तुरंत सुधार करे और दोषी को सजा दे।

ईशनिंदा के 57 वर्षीय आरोपी नसीम को पेशावर के न्यायिक परिसर में बुधवार को बेहद करीब से कई गोलियां मारी गई। उस समय आरोपी अदालत कक्ष से जेल भेजे जाने की प्रतीक्षा कर रहा था। नसीम की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया और हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्तौल भी जब्त कर ली गई।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के मुख्य उप प्रवक्ता केल ब्राउन ने कहा कि वे पाकिस्तान में अदालत कक्ष के भीतर अमेरिकी नागरिक ताहिर नसीम की हत्या से स्तब्ध हैं और गुस्से में है। उन्होंने बताया कि नसीम को कुछ लोग बहलाकर इलियोनिस से पाकिस्तान ले गए और वहां ईशनिंदा कानून के तहत उन्हें फंसा दिया गया। नसीम को 2018 में हिरासत में लिया गया था, अमेरिकी सरकार तब से ही उन्हें और उनके परिवार को राजनयिक सहायता मुहैया करा रही थी।

ब्राजील में कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच लोग मॉस्क लगाकर फिल्म देखते हुए

दिलजीत दोसांझ का गाना सात देशों में हिट

गायक दिलजीत दोसांझ बहुत प्रसन्न हैं और इसका कारण भी है। उनका नया सिंगल गीत जीओएटी ने रिलीज़ के 24 घंटे के भीतर ही 11 मिलयन व्यूज़ प्राप्त किये हैं। दुनिया के सात देषों में ये नंबर एक पर बना हुआ है। इन देषों में भारत, यूएई,बहरीन, कनाडा जैसे देष हैं। इसके अलावा 16 दूसरे देषों में ये चार्ट में सबसे ऊपर के गानों में बना हुआ है। दिलजीत दोसांझ के अनुसार, 'जिस प्रकार की लोगों की प्रतिक्रिया मेरे गाने को मिली है उससे मैं गदगद हूं। ये ईष्वर का आषीर्वाद है। मैं अपने प्रषंसकों तथा इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों का उनके प्यार और सहयोग के लिए आभारी हूं।' इससे पूर्व दिलजीत ने कहा कि ये एलबम उन सभी लोगों के लिए है जिन्होंने उन्हें और उनके संगीत को प्रोत्साहित किया।

जैकी भगनानी ने की सारेगामा की प्रशंसा

गायक जैकी भगनानी का कहना है कि 'सारेगामा ने दषकों से संगीत की गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मेरे लिए कई कारणों से फिल्म 'बेलबॉटम' स्पेषल फिल्म है। मैं इसमें उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण संगीत देने को कृतसंकल्पित हूं। पार्टनर के रूप में सारेगामा के होते मुझे पूरा विष्वास है कि हम ये कर दिखाने में सफल रहेंगे। हम मिलकर चार्टबस्टर संगीत एलबम देने में अवष्य सफल होंगे।

महामारी काल में रक्षाबंधन पर उपलब्ध हैं उपहारों के विकल्प

रक्षाबंधन का पर्व देश का एक महत्वपूर्ण पर्व है। प्रस्तुत हैं इस बार पर्व पर अपने प्रियजनों को भेजे जाने वाले प्रेममय उपहारों को लेकर कुछ विकल्प-

ये वर्ष हम सभी के लिए कुछ अधिक ही कठोर रहा है। इस महामारी काल में पूरी दुनिया कष्टमय है। लेकिन इसके बाद भी संबंधों में प्यार का ये अटूट बंधन ही है जो हमें सामान्य स्थिति बनाए रखने तथा इस महामारी से लड़ने हेतु निरंतर प्रेरित करता रहा है, फिर चाहे ये दूर से ही क्यों न हो। रक्षाबंधन भाई बहनों के बीच के प्यार का ही समारोह है। अब ये आने ही वाला है इस बार आप इसमें एक दूसरे से गले लगने जैसी परंपराओं का निर्वाह संभवत: न कर सकें। लेकिन कोई बात नहीं, आज ऐसी तकनीक उपलब्ध हैं कि आप उस प्रेम का अनुभव कर सकते हैं। ई कॉमर्स के प्रयोग से ये सुनिष्चित किया जा सकता है कि आप लॉकडाउन तथा यात्रा प्रतिबंधों के बावजूद पर्व का उसी भावना से आनंद ले सकें जिसके लिए इसकी प्रतीक्षा की जाती है। इस बात में भी कोई संदेह नहीं है कि ये पर्व एक दूसरे को उपहार दिये बिना सूना सा प्रतीत होता है। हम यहां आपके लिए कुछ विकल्प सुझा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप दूर रहते हुए भी अपने प्रियजनों को उपहार भेज सकते हैं:

गिफ्ट हैंपर भी उपयोगी

कई कंपनियां सरप्राइज़ गिफ्ट कार्ड उपलब्ध करा रही हैं। बाटा ने अपने गिफ्टकार्ड पर 15 प्रतिषत डिस्काउंट का ऑफर दिया है। आप उनके विभिन्न ऑफर्स में से किसी एक को अपने बजट के अनुसार चुन सकते हैं। अपने भाई या बहन के लिए आप एक अच्छा सा संदेष भी इसमें जोड़कर प्रेषित कर सकते हैं। ये उन्हें सीधे प्रेषित कर दिया जाएगा। राखी पर अमेज़न, फ्लिपकार्ट तथा अन्य ई कॉमर्स कंपनियां भी ऐसे हैंपर्स पर कॉम्बो ऑफर लेकर आई हैं। इनमें से एक में एक कॉफी मग, बधाई कार्ड तथा राखी का विकल्प भी है। एक ऐसी ही कंपनी है ऑकेज़नली सिली जिसने इस बार कई आकर्षक हैंपर्स के ऑफर दिये हैं। इस ब्रांड के सीईओ तथा संस्थापक सुमित गड्डी के अनुसार, 'मेरा मानना है कि उपहार देना भी एक भावना है। लोगों को उपयुक्त उपहार चुनने में भी काफी समय लग जाता है लेकिन इस बार कई ब्रांड उनके लिए हर प्रकार से उपयुक्त उपहार विकल्प लेकर प्रस्तुत हैं।

परिधानों के भी हैं विकल्प

क्या आप भी इसी उधेड़बुन में हैं कि इस बार आप आप कौन से परिधान पहने कि लोग देखते ही आपके ड्रेसिंग सेंस से प्रभावित हो जाएं तो आपके लिए ऑरेलिया लेकर आए हैं नीले रंग का गोल गले का कुर्तासेट। इसपर की गई ग्रे और नीले रंग की एंब्रॉयड्री और साथ में प्रिंटेड लंहगा तथा सामान्य दुपट्टा अच्छा विकल्प हो सकता है लेकिन यदि आप एसेसरीज़ में छोटी झुमकी इसमें जोड़ दें तो और भी अच्छा रहेगा। डब्लू ब्रांड के फूलों वाली डिजाइन की धोती जिसमें गुलाबी टॉप और जैकेट पुरुषों के लिए आकर्षक विकल्प रहेगा। पुरुषों को तो सहजतापूर्ण वस्त्र ही अच्छे लगते हैं। उनके लिए टीषर्ट एक श्रेष्ठ विकल्प हो सकता है। आप अपने भाई के लिए कैंटाबिल के नीले रंग की कॉलरदार टीषर्ट ले सकते हैं जो वो घर से काम करते हुए भी उपयोग में ला सकता है।

दीजिये अच्छे स्वास्थ्य का उपहार

क्या अच्छे स्वास्थ्य से बढ़कर भी कोई उपहार सोचा जा सकता है? जी हां, अपने प्रियजनों के लिए इस संकटकाल में स्वास्थ्य से बढ़कर कोई विकल्प नहीं हो सकता। इसके लिए रेलिगेयर हेल्थ इंष्योरेंस कई विकल्पों वाली पॉलिसी लेकर आए हैं जिसमें अस्पताल में भर्ती होने से लेकर प्री और पोस्ट हॉस्पिटलाइजेषन तक की सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुछ प्लान तो वैकल्पिक उपचार का विकल्प भी उपलब्ध कराते हैं। साथ ही वार्षिक हेल्थ चेकअप की सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं। इसमें आपके लिए बीमा की धनराषि का असीमित ऑटोमेटिक रिचार्ज शामिल है।

जो लोग इन इन्ष्योरेंस पॉलिसीज़ के बारे में जानकारी नहीं रखते या फिर वो जो इन्हें किसी दूसरे कारण से क्रय नहीं करना चाहते या फिर उन्हें उपलब्ध विकल्पों का ही ज्ञान नहीं है, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा वरदान साबित हो सकता है। आजकल पहने जाने योग्य फिटनेस मॉनिटर भी उपलब्ध है जिसमें हृदयगति से लेकर एक दिन में चले गए कदमों तक की जानकारी दर्ज हो सकती है। इसके लिए आप हैमर फिट प्रो स्मार्ट फिटनेस बैंड ले सकते हैं जो विविध प्रकार की डिजाइनों और रंगों में उपलब्ध है और .96 इंच एलईडी कलर एचडी डिस्प्ले में उपलब्ध है। इसके माध्यम से दिन की हर गतिविधि के माप की सुविधा उपलब्ध है जिसमें ब्लडप्रेषर, स्लीप पैटर्न, खर्च की गई कैलरीज़ तथा अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। ये पूरी तरह से वॉटरप्रूफ है और बरसात के इस मौसम के लिए आदर्ष विकल्प हो सकता है।

अन्य गैजेट्स (उपकरण)

तकनीक एक श्रेष्ठ विकल्प साबित हो सकती है यदि इसका सही ढंग से उपयोग किया जाए। इसके लिए आप ओप्पो का ए सीरीज़ स्मार्टफोन भी ले सकते हैं और इसकी उच्चे1गुणवत्तापूर्ण विषेषताओं का आनंद उठा सकते हैं और वो भी अधिक खर्च के बिना। ओप्पो ए-52 में 12 एममी का क्वाड कैमरा है जिससे असाधारण फोटो लिए जा सकते हैं। ए12 में 13 एमपी का प्राइमरी कैमरा है ताकि सेल्फी लेते समय किसी प्रकार की परेषानी न हो।

आप अपने भाई या बहन को थॉमसन का ब्लूटूथ स्पीकर भी भेंट कर सकते हैं जिसमें 10 वॉट की धमाकेदार आवाज है। इसकी 10 मीटर की रेंज आपको इधर उधर जाने की पूरी स्वतंत्रता प्रदान करती है। ये आपके प्रियजनों को अवष्य अच्छी लगेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इन उपहारों को आपके प्रियजन सालों तक याद रखेंगे।

नुसरत जहां और मिमी चक्रवर्ती बंगाली फिल्म में अब एक साथ आएंगी नजर

भाषा। कोलकाता

अभिनेत्री से सांसद बनीं नुसरत जहां और मिमी चक्रवर्ती बंगाली फिल्म एसओएस कोलकाता में एक साथ नजर आएंगी। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में फिल्मों की शूटिंग की मंजूरी दिए जाने के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

जहां और चक्रवर्ती ने कहा कि एसओएस कोलकाता के सेट पर आकर वे खुश हैं और नई सामान्य स्थिति के अनुभव का आनंद ले रही हैं। शहर में पांच सितारा होटल में शूटिंग के दौरान जहां ने कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें फिल्म में मुख्य किरदार मिला है, अमूमन बंगाली पारंपरिक फिल्मों में महिलाओं को तेजतर्रार भूमिका में नहीं रखा जाता है। अभिनेत्री ने कहा कि यह मुश्किल भरा समय है और सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। अब शूटिंग अपने अंतिम चरण में है। जहां की सह-कलाकार और दोस्त चक्रवर्ती ने कहा कि वह खुश हैं कि शूटिंग का काम अच्छे से

निपट गया। वह फिल्म में संजना नाम की महिला का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म दुर्गा पूजा तक रिलीज होगी। जहां और चक्रवर्ती इससे पहले एक साथ बिरसा दासगुप्ता की फिल्म क्रिस क्रॉस में साथ नजर आई थीं।

एलेन डीजेनेरेस ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के बाद शो के स्टाफ को लिखा पत्र

भाषा। लॉस एंजिलिस

मशहूर टीवी होस्ट एलेन डीजेनेरेस ने काम के खराब माहौल और यौन उत्पीड़न की शिकायतों के बाद अपने शो के स्टाफ को एक पत्र लिखा है। बज्जफीड की एक खबर में द एलेन डीजेनेरेस शो के कई कर्मचारियों ने शो के कुछ शीर्ष कार्यकारी निर्माताओं पर यौन उत्पीड़न और कदाचार का आरोप लगाया था।

हॉलीवुड रिपोर्टर को मिले उस पत्र की प्रति के अनुसार डीजेनेरेस ने माफी मांगते हुए कहा कि शो को एक खुशहाल स्थान बनाने की कल्पना की थी लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, शो के पहले दिन मैंने हमारी पहली बैठक में कहा था कि द एलेन डीजेनेरेस शो एक ऐसा स्थान होगा जहां खुशी होगी और कोई भी ऊंची आवाज में बात नहीं करेगा और सभी के साथ सम्मान से पेश आया जाएगा। डीजेनेरेस ने कहा, यकीनन कुछ तो बदल गया और मैं इससे काफी निराश हूं..मैं इसके लिए माफी मांगती हूं। जो लोग मुझे जानते हैं उन्हें पता होगा कि मैं जिसमें विश्वास करती हूं और जो मैं शो के लिए चाहती थी, ए सब उससे ठीक विपरीत है। डीजेनेरेस ने जो भी हुआ उसकी जिम्मेदारी लेते हुए चीजें ठीक करने के लिए उचित कार्वाई का आश्वासन दिया।

डेमी मूर सीख रही हैं खुद से प्यार करना

हॉलिवुड अभिनेत्री डेमी मूर का कहना है कि उन्होंने दूसरे लोगों के लिए स्वयं को परिवर्तित करने में लंबा समय लगाया। लेकिन अब वो स्वयं से प्यार करना सीख रही हैं। अभिनेत्री इससे पूर्व तीन बार-फ्रेडी मूर, ब्रूस विलिस तथा एस्टन कुचर से विवाह कर चुकी हैं।

उन्होंने लिखा, 'मेरे विचार से ये स्वयं से प्यार करना सीखने की ही प्रक्रिया है कि आप जो हैं और जैसे हैं वैसे ही अच्छे हैं। मैंने इससे पूर्व स्वयं को दूसरों की इच्छा के अनुसार परिवर्तित किया।' वो मानती हैं कि आजकल किसी संबंध को निभाना प्रषंसनीय है। उनके अनुसार सच्चा प्यार तभी टिक सकता है जब दोनों ही लोग पहले स्वयं की स्वीकार करें।

विकी कौशल को सोशल मीडिया पर खेद

अभिनेता विकी कौषल ने हाल ही में अपने एक पोस्ट में सोषल मीडिया पर चल रही कुछ बातों पर खेद प्रकट किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वर्कआउट के बाद की अपनी एक सेल्फी पोस्ट की। इस फोटो में वो वर्कआउट के बाद का पसीना दिखा रहे थे। वो सफेद रंग की टीषर्ट तथा बेसबॉल कैप पहने हुए थे।

उन्होंने लिखा, 'मुझे खेद है सेट के बीच में कुछ समय बर्बाद भी कर रहा हूं।' विकी ने बुधवार को कहा था कि वो इससे दूर होना चाहते हैं। उन्होंने इसके साथ ही 2018 की अपनी फिल्म मनमर्जियां के एक फोटो को साझा की। इस चित्र में वो बिल्डिंग के टेरेस से छलांग लगाते दिख रहे हैं।